You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-124 ❑ गुरुवार, 04 जून 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12




जनजातीय समुदायों के समग्र विकास से राष्ट्र की प्रगति को समावेशी विकास का स्वरूप मिलेगा। जनजातीय समुदायों के भाई-बहनों के जीवन में बहुत अच्छा बदलाव ला सकते हैं। राज्य स्तर पर तथा परियोजना स्तरों पर काम करने वाले सभी लोग जब एक साझा एवं बड़े उद्देश्य के साथ मिलजुल कर विचार-विमर्श करेंगे । द्रौपदी मुर्मु


'पड़ोसी पहले' नीति में नेपाल प्राथमिकता वाला साझेदार : मोदी 11

धामी ने 29.78 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया 12


## संक्षेप

### सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को 31 एकड़ जमीन सौंपी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को 32 एकड़ जमीन सौंप दी है। यह प्रक्रिया कई सालों से अटकी हुई थी। पंचायत मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि सरकार ने कई सीमावर्ती जिलों में स्थायी सीमा चौकियां बनाने और बाड़ लगाने का काम करने के लिए बीएसएफ को जमीन स्थानांतरित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भूमि एवं भूमि सुधार विभाग ने कैबिनेट के सामने मालदा, मुर्शिदाबाद और कूचबिहार जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तीन स्थानों पर स्थायी सीमा चौकियां बनाने के लिए 1.53 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने का प्रस्ताव रखा है। एक अन्य प्रस्ताव में उत्तर दिनाजपुर जिले में 11 स्थानों पर 12.72 एकड़ जमीन हस्तांतरित करने की मांग की गई है, ताकि सीमा पर बाड़ लगाने का काम आसान हो सके। घोष ने बताया कि कैबिनेट ने जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में 20 एकड़ सरकारी जमीन वन विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया। वन विभाग बाद में इस जमीन को सेवक-रंगपो रेलवे लाइन परियोजना के लिए सौंप देगा।

### अहमदाबाद में 166 बांग्लादेशी नागरिक पुलिस ने पकड़े

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में पुलिस ने 300 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इनमें से 166 के अवैध रूप से भारत में रहने की पुष्टि हो चुकी है। अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बुधवार को बताया कि यह कार्रवाई 'ऑपरेशन डेल्टा हंट' के तहत की गई। 30 से अधिक टीमों ने नरोडा, दानिलिमडा, वटवा, वटवा जीआईडीसी और जुहापुरा से 300 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा। अब तक 166 लोगों के बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई है, बाकी से पूछताछ जारी है। बताया कि इनमें से कुछ लोगों ने धोखाधड़ी करके आधार कार्ड भी बनवा लिए थे। सिंघल ने बतया कि जांच पूरी होने के बाद इन लोगों को जल्द ही वापस बांग्लादेश भेजा जाएगा। पिछले साल भी अवैध रूप से रह रहे 465 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा गया था।

### आरबीआई ने सोना बेचने की खबर खारिज की

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोना बेचे जाने की खबरों का बुधवार खंडन किया और कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है। आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है। केंद्रीय बैंक ने बयान जारी कर कहा कि यह रिपोर्ट सही नहीं हैं। उसने कहा कि वह हर महीने उसके पास पड़े भौतिक सोने के आंकड़े जारी करता है।

# होटल में भीषण आग 21 लोगों की मौत

## राजधानी के मालवीय नगर में हुई दर्दनाक घटना, जांच के आदेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के मालवीय नगर क्षेत्र में एक होटल में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 16 घायल अस्पताल में भर्ती हैं।

हताहतों में कुछ विदेशी नागरिक शामिल हैं। घटना के बाद बाद दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गैर इरादतन हत्या तथा अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है तथा दिल्ली नगर निगम ने घटना के विस्तृत जांच के आदेश दिये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आग होटल फ्लोरिश स्टे बी एंड बी के बेसमेंट में संचालित रेस्तरां 'लेमन ग्रीन' में लगी थी। होटल में प्रवेश और निकास के लिए केवल एक ही रास्ता था, जिससे आपात स्थिति में लोगों को बाहर निकलने में भारी कठिनाई हुई। प्रारंभिक जांच में होटल में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन की बात सामने आयी है। यह भी जानकारी मिली है कि होटल को केवल छह कमरों के संचालन की अनुमति थी, जबकि वहां करीब 25 कमरे संचालित किये जा रहे थे और लगभग 40 लोग ठहरे हुए थे।

अधिकारियों ने बताया कि भवन का उपयोग स्वीकृत क्षमता से कहीं अधिक किया जा रहा था। बेसमेंट क्षेत्र का भी कथित रूप से रेस्तरां संचालन और अतिथियों के ठहरने दोनों के लिए अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। जांच एजेंसियां अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी और सीमित निकासी मार्गों को हादसे का प्रमुख कारण मानकर जांच कर रही हैं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह लगभग 8:48 बजे आग लगने की पहली आपातकालीन सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। दिल्ली पुलिस, अग्निशमन सेवा और अन्य आपातकालीन एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आठ दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस बीच, समीपवर्ती साकेत इलाके में स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने बताया कि उसके आपातकालीन विभाग में कुल 39 लोगों को लाया ● शेष पेज 11 पर

# हर मोबाइल बन गया है वर्चुअल जुआघर : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि तकनीकी विकास ने हर मोबाइल फोन को 'वर्चुअल जुआघर' में तब्दील कर दिया है। शीर्ष अदालत ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और बड़े पैमाने पर जुए के प्रचलन को सार्वजनिक व्यवस्था, सार्वजनिक शांति और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बताते हुए यह टिप्पणी की है।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने हाल ही में पारित अपने फैसले में कहा है कि 'लोगों में ऑनलाइन मनी गेमिंग की लत, आर्थिक नुकसान और इसके परिणामस्वरूप होने वाली आत्महत्याओं के मामले में निश्चित तौर पर प्रभाव डालता है। पीठ ने कहा है कि ऐसी गतिविधियों से जुड़े सामाजिक नुकसानों का सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं के साथ पर्याप्त संबंध है। सुप्रीम कोर्ट ने आनलाइन ● शेष पेज 11 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने सहारा शहर मामले में भेजा नोटिस, 31 जुलाई को सुनवाई

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा शहर की लीज रद्द करके उसका कब्जा लेने के मामले में राज्य सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी किया है। शीर्ष अदालत में इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। यह आदेश चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बगची एवं जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने मेसर्स सहारा इंडिया कॉमर्शियल कार्पोरेशन की ओर से दाखिल एक एसएलपी पर सुनवाई करते हुए 29 मई को पारित किया। मामले की सुनवाई के बाद ● शेष पेज 11 पर

### तकनीकी गड़बड़ी से प्रभावित सीयूईटी-यूजी परीक्षा 6-7 जून को होगी

नई दिल्ली। तकनीकी गड़बड़ी से 30 मई को प्रभावित सीयूईटी-यूजी 2026 परीक्षा का दोबारा आयोजन छह और सात जून को किया जाएगा। एनटीए ने मंगलवार की देर रात इसकी घोषणा की। एनटीए ने प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए संशोधित प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) भी जारी कर दिए हैं, जिन्हें आधिकारिक पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। गौरतलब है कि 30 मई को परीक्षा की पहली पाली शुरू होने में तकनीकी समस्या के कारण देरी हुई थी। इस दौरान 3,765 अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र छोड़कर चले गए थे। एनटीए ने ऐसे सभी छात्रों को एक बार ● शेष पेज 11 पर

# कुवैत हवाई अड्डे पर ड्रोन हमला, एक भारतीय नागरिक की मौत

एजेंसी

कुवैत। कुवैत हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। इस हमले में जो लोग घायल हुए हैं, दूतावास उन्हें भी पूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहा है।

यह हमला कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पैसेंजर बिल्डिंग को निशाना बनाकर किया गया था। कुवैत की सेना ने आरोप लगाया है कि ईरान ने ड्रोन के जरिए यह हमला किया। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल सऊद अब्दुलअजीज अल-ओतैबी ने इसे ईरान की आपराधिक आक्रामकता बताया है। इस हमले की वजह से हवाई अड्डे ● शेष पेज 11 पर

# भारत समेत 60 देशों पर नए टैरिफ की तैयारी

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिकी प्रशासन ने भारत समेत 60 देशों के खिलाफ अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। आरोप है कि इन देशों ने जबरन मजदूरी से तैयार वस्तुओं के आयात पर पर्याप्त रोक नहीं लगाई है। इसी के आधार पर ट्रंप प्रशासन धारा-301 के तहत 10 से लेकर 12.5 फीसदी शुल्क लगाना चाहता है।

इस प्रस्ताव में कनाडा, इक्वाडोर, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, मैक्सिको और पाकिस्तान से आयात पर 10 प्रतिशत शुल्क, जबकि भारत तथा चीन सहित 54 अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर 12.5 प्रतिशत शुल्क शामिल है। पाकिस्तान और इंडोनेशिया व्यापार के क्षेत्र में भारत के प्रतिस्पर्धी हैं। अगर 12.5 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लागू होता है तो अमेरिका को निर्यात होने वाले कई भारतीय उत्पाद महंगे हो सकते हैं।

फिलहाल यह केवल एक प्रस्ताव है। अमेरिका ने इस पर सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। छह जुलाई तक सुझाव और आपत्तियां जमा की जा सकती हैं, जबकि 7 जुलाई को सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाएगी। इसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। प्रस्ताव को लागू करने से पहले कई प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। भारत के वाणिज्य मंत्रालय ने संकेत दिया है कि वह इस मामले पर अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में है। भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर भी बातचीत चल रही है। भारत का कहना है कि प्रस्तावित शुल्क अभी विचाराधीन हैं ● शेष पेज 11 पर

# मोदी 10 जून को देश के सबसे लंबे समय तक लगातार रहने वाले निर्वाचित पीएम हो जाएंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के संसदीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक और मील का पत्थर कायम करने जा रहे हैं। वह दस जून को देश के सबसे लंबे समय तक लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित लगातार रहने वाले प्रधानमंत्री हो जाएंगे। अभी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम यह उपलब्धि है। इस मामले में मोदी, इंदिरा गांधी के कार्यकाल के आंकड़े को पहले ही पार कर चुके हैं। नरेंद्र

मोदी ने 26 मई 2014 को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। वह सत्ता में लगातार 12 साल पूरे कर चुके हैं। अब वह एक और नया कीर्तिमान अपने नाम करने जा रहे हैं। दस जून को मोदी देश में लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित लगातार रहने वाले प्रधानमंत्री के रूप में सबसे सबसे लंबे समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री हो जाएंगे। मोदी दस जून को प्रधानमंत्री पद पर 4399 दिन का कार्यकाल पूरा कर लेंगे। अभी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम यह रिकार्ड है जिन्होंने पहला लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 13 मई 1952 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन (निधन तक) 27 मई 1964 तक इस पद पर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार 4398 दिन काम किया था। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबे समय तक लगातार प्रधानमंत्री रहने का इंदिरा गांधी का 4077 दिन का रिकार्ड 25 जुलाई 2025 को ही पार कर चुके थे। इंदिरा गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक 11 साल दो महीने तक लगातार प्रधानमंत्री रहीं थी। हालांकि इंदिरा गांधी जनवरी 1980 से 31 अक्तूबर 1984 तक भी देश की प्रधानमंत्री रही थीं। गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू 15 अगस्त 1947 को ही देश के प्रधानमंत्री बन गए थे, लेकिन संविधान बनने के बाद देश का पहला आमचुनाव 1952 में पूरा हुआ था और उसके बाद नेहरू ने विधिवत रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। अलबत्ता देश के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड (1947 से 1964 तक) अभी भी नेहरू के नाम ही रहेगा। इस मामले में इंदिरा गांधी दूसरे व नरेंद्र मोदी तीसरे स्थान पर हैं।


**इतिहास**

❑ पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जगह अब पहले स्थान पर होंगे



### डीके शिवकुमार कर्नाटक के 34वें मुख्यमंत्री बने

बेंगलुरु। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के नेतृत्व हस्तांतरण की प्रक्रिया बुधवार को औपचारिक रूप से पूरी हो गई। डीके शिवकुमार ने संविधान की प्रति हाथ में रखकर राज्य के 34वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ 13 मंत्रियों ने भी शपथ ग्रहण की, जिनमें से डॉ. जी. परमेश्वर को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही कर्नाटक में शिवकुमार के नेतृत्व में राजनीति के एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई। लोकभवन के ग्लास हाउस में आयोजित समारोह में बुधवार शाम चार बजे शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत हुई। समर्थकों की नारेबाजी के बीच 64 वर्षीय शिवकुमार मंच पर पहुंचे और अपने आध्यात्मिक गुरु संत गंगाधर स्वामी (अज्जैया) के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने विभिन्न धर्मगुरुओं का आशीर्वाद भी लिया। इसके बाद राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने उन्हें मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। ● शेष पेज 11 पर



## योगी कैबिनेट ने 24 अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

# शासकीय अधिवक्ताओं का मानदेय बढ़ा

❑ मक्के की 2400 रूपये प्रति कुंतल की दर से सरकारी खरीद को मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में 24 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। प्रदेश में अदालती कार्यवाही में लगे सरकारी वकीलों के मानदेय और मासिक भत्ते में वृद्धि संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन मिलने के साथ ही प्रदेश के 18 नगर निगमों में ई व्हीकल बस संचालन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि नगर विकास विभाग 17 नगर निगम व नोएडा सहित कुल 18 बड़े शहरों में ई-बसों के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के 18 शहरों में ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर वातानुकूलित इलेक्ट्रिक सिटी बसों के संचालन के महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। शर्मा ने बताया कि यह निर्णय प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण, नागरिकों की परिवहन आवश्यकताओं तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, वाराणसी एवं नोएडा (जेवर सहित) में कुल 1725 ई बसें चलाने का प्रस्ताव था,जिसमें से 743 इलेक्ट्रिक बसों का पहले से संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 500 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन यूपीकैम्पा (विश्व बैंक सहायता प्राप्त) मॉडल के अंतर्गत किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि आगामी पांच वर्षों में कुल 6650 इलेक्ट्रिक बसों को चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा। इससे नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ, वातानुकूलित एवं पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी तथा प्रदेश के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना से लगभग 10 हजार 500 प्रत्यक्ष एवं 35 हजार अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह निर्णय उत्तर प्रदेश को हरित, आधुनिक एवं विश्वस्तरीय नगरीय परिवहन व्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने राज्य के सरकारी अधिवक्ताओं के मानदेय और मासिक भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता को 14 हजार रिटेनर, 2500 ● शेष पेज 11 पर

# टीएमसी दो फाड़, बागी गुट के विधायक ऋतब्रत बने विपक्ष के नेता

एजेंसी



कोलकाता। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद बुधवार को ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कंग्रेस (टीएमसी) दो फाड़ हो गई। पार्टी से निकाले गए विधायक ऋतब्रत बनर्जी के साथ 58 विधायकों वाले गुट को विधानसभा अध्यक्ष से मंजूरी मिल गई है। अब विपक्ष के नेता के तौर पर ऋतब्रत बनर्जी विधानसभा में कार्य करेंगे। ऋतब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष ने बागी गुट की विधायक दल के तौर पर मान्यता पाने की अर्जी को मंजूर कर लिया है। उन्होंने ममता बनर्जी से अपील की है कि वे इसकी मुख्य सलाहकार बनें। इस ताजा घटनाक्रम से टीएमसी के विधायक दल का नियंत्रण असल में बागियों के हाथों में चला गया है और हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में हार के बाद पार्टी नेतृत्व के अधिकार के लिए यह अब तक की सबसे बड़ी चुनौती है। ऋतब्रत बनर्जी ने दावा किया कि पार्टी के विधायकों का बहुमत अब उनके साथ है और बागी गुट सदन में

असली विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि दो और विधायकों के हमारे साथ जुड़ने की संभावना है। जैसे ही वे औपचारिक रूप से अपना समर्थन देंगे, हमारी ताकत और बढ़ जाएगी। इनकी हुई नियुक्तिऋतब्रत ने कहा कि स्पीकर ने विधायक दल की नई नियुक्तियों को मंजूर कर लिया है और विपक्ष के नेता के लिए तय कार्यालय उनके लिए खोल दिया गया है। बनर्जी ने घोषणा की कि अखरुज्जमान को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है, जबकि विधायक जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उप-नेता के तौर पर काम करेंगे। बागियों ने ममता को माना पार्टी सुप्रीमोबागी विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए पत्र में ममता बनर्जी को पार्टी का अध्यक्ष बताया गया है। इससे यह संकेत मिलता है कि बागी विधायक अपनी लड़ाई को टीएमसी सुप्रीमो के खिलाफ नहीं, बल्कि मौजूदा विधायक दल के नेतृत्व के खिलाफ पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। बागी गुट के सूत्रों ने बताया कि विधायकों ने यह भी साफ ● शेष पेज 11 पर

# विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी 110 वार्डों में विशेष सफाई अभियान, प्रमुख स्थलों पर होगा वृक्षारोपण

❒ गोमती तट पर भी चलेगा स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान, सभी जोन एवं वार्डों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को नगर निगम लखनऊ द्वारा पूरे शहर में विशेष स्वच्छता एवं प्रमुख स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी 110 वार्डों में विशेष सफाई अभियान संचालित किया जाएगा, वहीं प्रमुख स्थलों पर व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

इसके अतिरिक्त गोमती नदी के तटों पर विशेष स्वच्छता, श्रमदान एवं जन-जागरूकता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा स्वच्छ और हरित लखनऊ के संकल्प को साकार करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। अभियान की प्रभावी निगरानी एवं संचालन के लिए सभी जोनों और वार्डों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों का संचालन एवं पर्यवेक्षण करेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के सभी 110 वार्डों में सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, प्रमुख मार्गों, बाजारों, सरकारी परिसरों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की भी व्यवस्था की गई है। अभियान के दौरान नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

## शहरभर में होगा वृक्षारोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। पार्कों, सड़क किनारे उपलब्ध स्थानों, सार्वजनिक परिसरों एवं अन्य उपयुक्त स्थलों पर पौधे लगाए जाएंगे। अधिकारियों को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

नगर निगम द्वारा गोमती नदी के तटों पर भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नदी तटों की सफाई, श्रमदान, वृक्षारोपण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए गोमती नदी के तटवर्ती क्षेत्र को 8 क्लस्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक क्लस्टर के लिए नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं सह प्रभारी अधिकारी नामित किए गए हैं।

# नगर निगम ने सरोजनी नगर में मुक्त कराई 18.75 करोड़ की भूमि

❒ कब्रिस्तान, श्मशान एवं वृक्षारोपण के लिए दर्ज भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग और बाउंड्रीवाल को जेसीबी से हटाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशों पर सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरोजनीनगर तहसील के ग्राम रहिमाबाद में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 18 करोड़ 75 लाख रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर श्री अंकित शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद तथा तहसीलदार नगर निगम अरविन्द पाण्डेय द्वारा गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियान चलाया। कार्रवाई का उद्देश्य नगर निगम एवं राजस्व अभिलेखों में दर्ज सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराना था।

जांच में पाया गया कि ग्राम रहिमाबाद की कई सरकारी भूमि, जो राजस्व अभिलेखों में वृक्षारोपण, कब्रिस्तान एवं श्मशान भूमि के रूप में दर्ज हैं, उन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कर अस्थायी बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा था। नगर निगम की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से मौके पर पहुंचकर सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया।

अभियान के दौरान खसरा संख्या 1279, 1286, 1385, 958, 959 एवं 960 से संबंधित कुल 1.250 हेक्टेयर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 18 करोड़ 75 लाख रुपये है।अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम राजेंद्र कुमार एवं नायब तहसीलदार सरोजनीनगर अनूप श्रीवास्तव ने किया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के लेखपाल अनूप गुप्ता, तहसील लेखपाल अमरेन्द्र शर्मा, सारांश सिंह एवं ललितेश सिंह सहित नगर निगम की ईटीएफ टीम भी मौजूद रही।

## किशोरी से छेड़छाड़ करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पंदरह वर्षीय लड़की ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि उसका पड़ोसी मंगलवार प्रातः शौच के समय उसको पकड़ कर जोर जबरदस्ती करने लगा। उसके शोर करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने बालिका की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बालिका का आरोप है कि उसका पड़ोसी सर्वेश पुत्र गुरु प्रसाद पासी उसको देख कर अश्लील हरकतें करने के साथ ही कमेंट करता है और गंदी नजर रखता है।मंगलवार प्रातः छह बजे जब वह घर से शौच के लिए बाग में गयी जहां पहले से ही सर्वेश कहीं छिपा बैठा था और वह उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा।तब उसने शोर मचाया जिससे सर्वेश उसे छोड़कर देख लेने की धमकी देते हुए भाग निकला।वहीं किशोरी ने सर्वेश पर यह आरोप लगाया है कि दस बारह दिन पहले मेरी बुआ की लड़की को भी सर्वेश अपने घर में खींच ले गया था। इस पर सर्वेश के परिवार ने माफी मांगी थी जिससे उस मामले को थाने नहीं पहुंचाया गया था। पीड़ित का आरोप है कि सर्वेश ने हम लोगों को परेशान कर रखा है। बालिका की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## बंधक बना कर जबरन रजिस्ट्री करवाने का आरोप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एक किसान ने बुद्धवार को एसीपी कार्यालय मलिहाबाद पहुंचकर लिखित शिकायत की है कि तीन दिनपूर्व विपक्षी लोगों ने उसे बहाने से गाड़ी में बैठा कर ले गए और बंधक बनाए रखा। मंगलवार को काफी मारा पीटा और मलिहाबाद तहसील निबंधक कार्यालय लाकर जमीन की जबरन रजिस्ट्री करवा लिया। जब पीड़ित ने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी मिली। पीड़ित का आरोप है कि नि कार्यालय में उसे दो चेक और तीन लाख बीस हजार नकद रूपये भी दिए गए, और इसके बाद घर छोड़ने के बहाने उसे गाड़ी में बैठा कर लाए, दोनों चेक और तीन लाख बीस हजार को नकदी मार पीट कर छीन लिया। मुझे गांव के पास गाड़ी से ढकेल कर भाग निकले। मामला थाना माल के मसीढा हमीर गांव निवासी सुखदेव पुत्र हीरालाल का है। जिसका आरोप है कि मेरी गांव में खसरा संख्या757/2रकबा 0.270हे0है। तीन दिन पूर्व मेरे विपक्षी पार्वती पत्नी विश्राम व विश्राम निवासी रैथा थाना बीकेटी, रामू पुत्र गयादीन निवासी शेरपुर मऊ थान काकोरी और मनीष कुमार निवासी मसीढा हमीर मुझे गाड़ी में जबरन बैठा कर ले गए थे।जहां बंधक बनाकर मारा पीटा और2जून दिन मंगलवार को मुझे तहसील मलिहाबाद गाड़ी में बैठा कर लाया गया। जहां जबरन मेरी जमीन का बैनामा कराया गया। जब मैने विरोध किए तो जान से मारने की धमकी देकर जबरन बैनामा करवा लिया गया। बदले में मुझे दो चेक आर्यावर्तबैंक कठवारा के नाम के चेकसंख्या 252702 रकम4,40,000व चेक संख्या252710 रकम4,40,000 तथा3,20, 000नकद रूपये दिए गए। बैनामा होने के बाद भी मुझे फिर अपनी गाड़ी में घर में छोड़ने को कह कर बैठा लिया और रास्ते में मुझे मार पीट कर दोनों चेक और नकदी छीन लिया। जब गांव के पास गाड़ी पहुंची तो उन्होंने मुझे गाड़ी से ढकेल दिया और भाग निकले। पीड़ित सुखदेव ने एसीपी मलिहाबाद को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ हीआपनी जमीन वापस दिलाने की मांग की है।

केजीएमयू के चिकित्सक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज न होने से चिकित्सकों में आक्रोश

## केजीएमयू शिक्षक संघ ने अपर मुख्य सचिव गृह व डीजीपी को लिखा पत्र

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के यूरोलोजी विभाग के एसोसिएट प्रोफ़ेसर डा. विवेक सिंह से मारपीट के चार दिन बाद भी उनकी रिपोर्ट न लिखे जाने से चिकित्सकों में आक्रोश है। केजीएमयू शिक्षक संघ और इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन ने बुधवार को इस घटना की निंदा करते हुए अपर मुख्य सचिव गृह व डीजीपी को पत्र लिखकर डा.विवेक सिंह की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पत्र के अनुसार डा. विवेक 31 मई को सायं करीब 05 बजे वह अपनी कार से बीबीएयू के सामने से रायबरेली रोड की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से एक स्विफ्ट कार के चालक ने उनकी गाड़ी में दो बार टक्कर मारी। जब डा. विवेक कार से बाहर निकले तो चालक के साथ अन्य तीन लोगों ने मारपीट की। मारपीट में डा. विवेक को चोटें आयी हैं। केजीएमयू के ट्रामा सेन्टर में वह भर्ती हैं जहाँ उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद डा. विवेक सिंह स्थानीय चौकी और उसके बाद थाने गए लेकिन फिर भी रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। केजीएमयू शिक्षक संघ के महासचिव डॉ संतोष कुमार ने मारपीट की घटना के चार दिन हो जाने के बाद भी रिपोर्ट न दर्ज होने पर कड़ा आक्रोश जताया है। शिक्षक संघ ने मांग की है कि तत्काल एफआईआर दर्ज कर डा. विवेक के परिवार को सुरक्षा प्रदान करने हेतु संबंधित को निर्देश करें ताकि केजीएमयू आने वाले मरीजों का उपचार सुचारू रूप से चलता रहे।

## यूपी टीजीटी परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न, एआई आधारित निगरानी में 11 फर्जी परीक्षार्थी चिन्हित, 09 गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2022 के अंतर्गत प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) के 3539 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का प्रथम दिन बुधवार को प्रदेश के 36 जनपदों में शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के लिए कुल 8,68,531 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा 03 एवं 04 जून 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 03 जून 2026 दिन बुधवार को प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान एवं उर्दू विषय तथा द्वितीय पाली में हिन्दी, गणित, कृषि एवं संगीत गायन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा प्रदेश के 514 परीक्षा केन्द्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 508 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आयोग मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गई। आयोग के सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में संदिग्ध अभ्यर्थियों की जांच के दौरान लखनऊ, बरेली एवं चित्रकूट में दो-दो तथा जौनपुर एवं मिर्ज़ापुर में एक-एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए। वहीं द्वितीय पाली में लखनऊ में दो तथा हाथरस में एक फर्जी परीक्षार्थी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। कुल 11 फर्जी परीक्षार्थियों में से 09 को स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि 02 परीक्षा केन्द्रों से फरार हो गए। सभी मामलों में विधिक कार्रवाई की जा रही है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। 03 जून 2026 को आयोजित परीक्षा में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इनमें महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी 45.41 प्रतिशत तथा पुरुष अभ्यर्थियों की भागीदारी 52.42 प्रतिशत रही।

# पुलिस आयुक्त ने बैठक कर की पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल एवं जिलाधिकारी वाराणसी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा दिनांक 08, 09 एवं 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अधिकारियों की विस्तृत ब्रीफिंग की गई।

इस दौरान परीक्षा की शुचिता, सुरक्षा एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, प्रभावी चेकिंग एवं फ्रिस्किंग सुनिश्चित की जाए तथा अभ्यर्थियों की गरिमा एवं सम्मान का पूर्ण ध्यान रखा जाए। महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निर्धारित इनक्लोजर में कराए जाने के निर्देश दिए गए। परीक्षार्थियों को केवल वैध प्रवेश पत्र, आधार कार्ड एवं निर्धारित पेन के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी तथा किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा संचार माध्यम को केन्द्र परिसर में ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। पुलिस आयुक्त महोदय ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चेकिंग, फ्रिस्किंग एवं ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने, अफवाहों का तत्काल खण्डन करने तथा नकल माफियाओं एवं संदिग्ध तत्वों पर विशेष सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय, प्रतीक्षा स्थल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं विश्वसनीय वातावरण में सम्पन्न कराने पर विशेष बल दिया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने यात्री सुख-सुविधाओं का किया व्यापक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ आज 03 जून,2026 को छपरा जं रेलवे स्टेशन पर यात्री सुख-सुविधाओं का व्यापक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्मों, वॉटर बूथों,पैदल उपरिगामी पुल समेत दोनों तरफ के प्रवेश द्वारों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का संज्ञान लिया । इसके साथ ही उन्होंने छपरा जं स्टेशन के दीर्घकालिक यात्री सुविधा के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पुनर्विकास कार्य योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए स्थान चिन्हित करने,लक्ष्य निर्धारण करने एवं कार्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने संरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए समपार संख्या 41,समपार संख्या 43ए, समपार संख्या 46ए, समपार संख्या 50 का निरीक्षण किया। इसके साथ ही श्री आशीष जैन ने बुधिया माई ढाला, के निकट रेलवे ट्रैक से होकर गुजरने वाले नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने नाले की सफाई, जल प्रवाह की क्षमता, पुलिया एवं ड्रेनेज संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को मानसून प्रारंभ होने से पूर्व नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित करने तथा जल निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों को तत्काल हटाये जाने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर विनीत कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान ,वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर यशवीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य) सौरभ राठौर, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बलेन्द्र पाल, सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर अशोक कुमार, स्टेशन निदेशक छपरा राजेश कुमार सहित वरिष्ठ पर्वेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर हज यात्रियों के लिए की गई व्यापक व्यवस्था



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हज यात्रा पूरी कर वापस लौट रहे यात्रियों का लखनऊ एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गईं, जहां उन्हें फूलों के साथ सम्मान दिया गया।

यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट परिसर में कई व्यवस्थाएं की गईं। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियों की व्यवस्था की गई, वहीं राहत के लिए वॉटर कूलर और एयर कूलर भी लगाए गए, ताकि यात्रियों को गर्मी से परेशानी न हो। इसके अलावा यात्रियों के खाने-पीने का भी खास ख्याल रखा गया। एयरपोर्ट की तरफ से स्टॉल लगाए गए, जहां यात्रियों और उनके परिजनों के लिए कम कीमत पर खाने-पीने की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। हज यात्रियों के आगमन और प्रस्थान को सुगम बनाने के लिए एयरपोर्ट पर जगह-जगह क्यू मैनेजर्स लगाए गए, जिससे भीड़ को व्यवस्थित किया जा सके और यात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।वहीं, कुछ यात्रियों के सामान को लेकर भी समस्या सामने आई। जानकारी के मुताबिक कुछ यात्रियों का लगेज फ्लाइट के साथ नहीं पहुंच पाया। इस मामले में एयरपोर्ट प्रशासन ने एयरलाइन कंपनी फ्लाइनास (क्ष्ब्रभद्धथप) को निर्देश जारी किए हैं और यात्रियों के सामान को लेकर लापरवाही न बरतने को कहा गया है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो। एयरलाइन की ओर से बताया गया है कि जो सामान फ्लाइट में नहीं आ पाया है, उसे अगली निर्धारित फ्लाइट के जरिए यात्रियों तक पहुंचाया जाएगा। हज यात्रा से लौटे यात्रियों ने भी एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं की सराहना की।

# नवाचार, उद्यमिता और युवाशक्ति ही विकसित भारत के निर्माण का आधार : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री इंडिया द्वारा आयोजित ल्लभारत स्टार्टअप शिखर सम्मेलन-2026ङ्क को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत अपनी विकास यात्रा के ऐसे ऐतिहासिक दौर में प्रवेश कर चुका है, जहाँ प्रत्येक भारतीय की आकांक्षा, प्रत्येक युवा का सपना और प्रत्येक नागरिक का परिश्रम मिलकर नए भारत की मजबूत नींव रख रहा है। यह नवाचार, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और युवाशक्ति का युग है, जो राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आज का भारत केवल सपने देखने वाला राष्ट्र नहीं है, बल्कि उन सपनों को साकार करने की क्षमता रखने वाला आत्मविश्वासी भारत है। स्टार्टअप इंडिया अभियान से लेकर डिजिटल क्रांति तक देश ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और नवाचार के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। भारत के युवा अब रोजगार खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बन रहे हैं और यही नए भारत की वास्तविक पहचान है। राज्यपाल ने कहा कि आज विश्व भारत को आशा, नवाचार और संभावनाओं के केंद्र के रूप में देख रहा है तथा वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज पहले से अधिक प्रभावशाली और सशक्त हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में देश के 140 करोड़ नागरिकों की सामूहिक भागीदारी और संकल्प निहित है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में स्टार्टअप संस्कृति को अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिला है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट तथा अटल इनोवेशन मिशन जैसी योजनाओं ने लाखों युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से 2026 के बीच भारत में दो लाख तीस हजार से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप स्थापित हुए हैं तथा एक सौ बीस से अधिक यूनिकॉर्न का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही भारत अमेरिका और चीन के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

# यूपीआईटीएस-2026 के जरिए वैश्विक व्यापार मानचित्र पर और मजबूत होगी यूपी की पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि यूपीआईटीएस-2026 में 2400 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने का अनुमान है

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। पिछले तीन संस्करणों की सफलता के बाद यह आयोजन अब उत्तर प्रदेश के उत्पादों, सेवाओं, तकनीक और नवाचारों को वैश्विक बाजार से जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच बन चुका है। इसके माध्यम से प्रदेश के उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और निर्यात क्षेत्र को नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

### 4.50 लाख आम नागरिकों की उपस्थिति का अनुमान

सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि यूपीआईटीएस-2026 में 2400 से अधिक प्रदर्शकों के भाग लेने का अनुमान है, जबकि 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के आने की संभावना है। इसके अलावा 1.50 लाख से अधिक घरेलू बी-टू-बी खरीदार और लगभग 4.50 लाख आम नागरिकों की उपस्थिति का अनुमान लगाया गया है। यह आयोजन प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के साथ-साथ निवेश और व्यापारिक साझेदारियों को भी नई ऊंचाई देगा।

### 4000 से अधिक एमओयू होने की संभावना

ट्रेड शो के दौरान 4000 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिनका अनुमानित मूल्य 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। इसके अतिरिक्त 13,500 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित व्यापारिक लीड और पूछताछ उत्पन्न होने का अनुमान है। इससे प्रदेश के एमएसएमई, ओडीओपी इकाइयों, निर्यातकों और उद्यमियों को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है।

### औद्योगिक, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रदर्शन

करीब 1.10 लाख वर्गमीटर प्रदर्शनी क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेगा आयोजन योगी सरकार की औद्योगिक, निर्यात और निवेश प्रोत्साहन नीतियों का प्रदर्शन भी करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बनाने के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। **निविदा संख्याः– DSL/AMV/MCO/WC/256, कार्य का नामः** डीजल शेड आलमबाग लखनऊ के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कैब में थर्मल इन्सुलेशन के साथ एयर कंडीशनिंग यूनिट (ट्रफ के साथ या बिना) की स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, **मात्रा–** 106 संख्या। **बिडिंग शुरू होने की तारीखः** 11.06.2026, **बिडिंग समाप्त करने की तारीख तथा समयः** 25.06.2026 15:00 hours. **कार्य की अनुमानित लागत रूपएः** 1,24,16,358.82/– (एक करोड़ चौबीस लाख सोलह हजार तीन सौ अठ्ठावन रुपए बयासी पैसे मात्र), **धरोहर राशिः** 2,48,300/-, **कार्य करने की अवधिः** 01 वर्ष (Acceptance लैटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो। विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें, **निविदा सूचना संख्याः DSL/AMV/MCO/WC/256 दिनांकः– 03.06.2026** **1887/2026**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. स. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265185 | "Rail Cum Road Vehicle (RCRV), As per specification Attached (Cost of basic machine and preventive maintenance during warranty period). | 1 Nos. | 15.07.2026 |

**निविदा शर्तेः 1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस संख्याः 51265185** **दिनांकः 01.06.2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **1846/2026**

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2026: महापौर ने जोन-5 कार्यालय में समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

❒ बैठक में स्वच्छता एवं जनसुविधाओं पर दिया गया विशेष जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों के दृष्टिगत माननीय महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के साथ जोन-5 कार्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, नाला-नाली सफाई, जल निकासी, अतिक्रमण नियंत्रण, स्ट्रीट लाइट, राजस्व वसूली एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा पार्षद दल के उपनेता श्री सुशील तिवारी 'पम्मी', पार्षद श्री पीयूष दीवान, श्री जितेंद्र सिंह 'जीतू', श्री नरेंद्र कुमार, नामित पार्षद श्री संतोष सिंह बलखंडी, पार्षद प्रतिनिधि श्री सुधीर मिश्रा, श्री गिरीश मिश्रा, श्री संजय गुप्ता एवं श्री प्रीतम सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों में अपर नगर आयुक्त श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जोनल अधिकारी श्री विनीत सिंह, जीएम जलकल श्री कुलदीप सिंह, अभियंता, जेडएसओ, एसएफआई एवं जोन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महापौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 को देखते हुए प्रत्येक वार्ड में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की नियमित निगरानी की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक घर तक कूड़ा संग्रहण सेवा प्रभावी रूप से पहुंचे। स्वच्छता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए महापौर ने नालों, नालियों एवं चैंबरों की सफाई समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आवश्यक संसाधनों एवं मैनपावर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा ऋतु में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से अवगत कराया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा समस्याओं के समाधान की नियमित समीक्षा की जाए।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, बाजारों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी ढंग से की जाए। बैठक में पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। महापौर ने निर्देश दिए कि नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराएं।

# विश्व साइकिल दिवस पर लखनऊ में साइक्लोथॉन

❒ वैज्ञानिक गति प्रबंधन लागू करने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। विश्व साइकिल दिवस पर 3 जून को रोड सेफ्टी नेटवर्क, कंज्यूमर वॉयस, कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ और 'जॉइन साइकिलिंग विद मी' समूह ने संयुक्त रूप से साइक्लोथॉन आयोजित की। रैली सीमैप रोड से शुरू होकर स्कॉर्पियो क्लब पर समाप्त हुई। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में वैज्ञानिक गति प्रबंधन लागू करने और मजबूत राज्य सड़क सुरक्षा कार्य योजना बनाने की मांग उठाना था। साइक्लोथॉन में कुकरैल रनर्स, टीम साइक्लोपीडिया साइक्लिस्ट, पैडलिंग मोंक्स, लखनऊ गज़ेल्स, बाइकिंग विद स्माइल, आरएमएस रेडलाइन रेसर्स और टर्निंगव्हील्स 69 समेत कई साइकिलिंग समूहों के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने ''धीमे चलें- जीवन कीमती है'' और ''मजबूत सड़क सुरक्षा कार्य योजना जीवन बचाती है'' लिखी तख्तियां ले रखी थीं। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट 'रोड एक्सीडेंट्स इन इंडिया 2023' के अनुसार देश में 70% सड़क दुर्घटनाओं और मौतों की वजह तेज रफ्तार है। 2023 में उत्तर प्रदेश में 44,534 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23,652 लोगों की मौत हुई। यह देश में सड़क हादसों में कुल मौतों का करीब 14% है। कंज्यूमर गिल्ड लखनऊ के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि वैज्ञानिक गति प्रबंधन से हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। उत्तर प्रदेश के पास साक्ष्य-आधारित उपाय अपनाकर उदाहरण पेश करने का मौका है। कंज्यूमर वॉयस के सीईओ आशिम सान्याल ने कहा कि उचित गति सीमाएं लागू कर पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों की मौतों को कम किया जा सकता है। 'जॉइन साइकिलिंग विद मी' की डॉ. जयंती श्रीवास्तव ने कहा कि हर सड़क उपयोगकर्ता को सुरक्षित यात्रा का अधिकार है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ सैयद एहतशाम ने 'सेफ सिस्टम अप्रोच' लागू करने पर जोर दिया। एसोचैम उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि प्रदीप सिंह ने कहा कि सुरक्षित परिवहन तंत्र आर्थिक विकास के लिए भी जरूरी है। आयोजकों ने राज्य सरकार से साक्ष्य-आधारित गति प्रबंधन उपाय लागू करने और सड़क सुरक्षा कार्य योजना में तेजी लाने की अपील की।

# बहन पर गलत नजर रखने के शक में मामा ने भांजे की कर दी हत्या

❒ गांव बुलाकर शराब पिलाने के बाद प्लास्टिक की पट्टी से घोंटा गला

❒ केले के खेत में फेंक दिया था शव, डीसीपी उत्तरी ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । इटौंजा थाना क्षेत्र में केले के खेत में मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए उसके हत्यारे मामा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने अपनी बहन पर भांजे की कथित गलत नजर होने के शक में वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त प्लास्टिक की पट्टी भी बरामद कर ली है।

मड़ियांव क्षेत्र के इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी रामशंकर सिंह के 22 वर्षीय पुत्र सचिन सिंह का शव मंगलवार को इटौंजा क्षेत्र के अकबरपुर गांव स्थित केले के खेत में पड़ा मिला था। युवक की हत्या की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में इटौंजा पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम को लगाया गया। जांच के दौरान मिले तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अकबरपुर निवासी बृजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ ब्रजेश (26) को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक सचिन उसका सगा भांजा था। उसे शक था कि सचिन उसकी बहन पर गलत नजर रखता है। इस बात को लेकर वह लंबे समय से नाराज था। कई बार समझाने के बावजूद जब उसे संतोष नहीं हुआ तो उसने हत्या की योजना बना डाली। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक जून की रात उसने सचिन को बहाने से अकबरपुर गांव बुलाया। वहां पहले दोनों ने शराब पी। जब सचिन नशे की हालत में हो गया तो गांव के बाहर स्थित बोरिंग के पास प्लास्टिक की पट्टी से उसका गला कसकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को पास के केले के खेत में फेंक दिया ताकि किसी को घटना की जानकारी न हो सके।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त प्लास्टिक की पट्टी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि आरोपी ने पारिवारिक विवाद और बहन के प्रति मृतक की कथित हरकतों से नाराज होकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। मामले में साक्ष्य संकलित कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## शराब पार्टी बनी मौत का जाल

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने भांजे को फोन कर गांव बुलाया। पहले दोनों ने साथ बैठकर शराब पी, फिर पुराने विवाद और शक को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद आरोपी ने प्लास्टिक की रस्सी से गला कसकर भांजे की हत्या कर दी। वारदात को छिपाने के लिए शव को खेत में फेंक दिया था।

## शक ने छीना रिश्तों का भरोसा

परिजनों के अनुसार आरोपी को लंबे समय से शक था कि मृतक उसकी बहन पर गलत नजर रखता है। इसी शक ने रिश्तों में दरार पैदा कर दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि इसी बात को लेकर उसके मन में लगातार आक्रोश था। आखिरकार उसने भांजे को बहाने से बुलाकर हत्या की साजिश को अंजाम दे दिया।

## आईआईआरएफ 2026 में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में बीबीएयू का 19वां रैंक

लखनऊ । बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2026 में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश के केंद्रीय विश्वविद्यालयों की श्रेणी में 19वां स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने बुधवार को सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के अग्रणी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उनके अनुसार यह सफलता शिक्षा, अनुसंधान और संस्थागत विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रमाण है तथा भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

## बीबीडी यूनिवर्सिटी के छात्र पर तमंचा सटाकर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट क्षेत्र स्थित एक छात्रावास में रहने वाले बी.बी.डी. यूनिवर्सिटी के एमबीए छात्र के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर चिनहट कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुल्तानपुर जनपद निवासी अमरीश वर्मा वर्तमान में चिनहट क्षेत्र के रहमानपुर स्थित अमांडा हाइट्स छात्रावास में रहकर बी.बी.डी. यूनिवर्सिटी से एमबीए की पढ़ाई कर रहे हैं। आरोप है कि आदर्श सिंह अपने एक साथी के साथ छात्र के कमरे पर पहुंचा और दरवाजा खुलवाया। कमरे का दरवाजा खुलते ही आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आदर्श सिंह ने कथित रूप से अवैध तमंचा निकालकर छात्र की कनपटी पर सटा दिया। इसके बाद आरोपी और उसके साथियों ने मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के साथ मौजूद अन्य छात्रों के साथ भी अभद्रता किए जाने का आरोप है।घटना के बाद पीड़ित ने चिनहट कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नौकरी मिली तो बदला इरादा: शादी का वादा कर युवती से वर्षों तक शोषण का आरोप, युवक पर मुकदमा दर्ज

**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहा थाना क्षेत्र में एक युवती ने पड़ोसी गांव के युवक पर शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार पड़ोसी गांव निवासी शिवम पाण्डेय से उसका परिचय हुआ था। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास जीता और इसी बहाने लंबे समय तक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि जब भी वह विवाह की बात करती तो आरोपी नौकरी लगने के बाद शादी करने का आश्वासन देकर उसे टाल देता था। आरोप है कि नौकरी लगने के बाद युवक ने शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने विरोध किया तो उसे धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। इसके बाद युवती ने निगोहा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी शिवम पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोमती नगर विस्तार में 25 बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। एलडीए ने बुधवार को गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा कराए गए अनियोजित विकास कार्यों पर बुलडोजर चलाया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि ग्राम चंदियामऊ में जयंत यादव, राम नारायण यादव, लक्ष्मी नारायण यादव व अन्य द्वारा दो स्थानों पर बिना स्वीकृत ले-आउट के लगभग 25 बीघा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। संबंधित विकासकर्ताओं द्वारा नियमों के विपरीत कॉलोनी विकसित की जा रही थी।उन्होंने बताया कि इन दोनों अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद दायर किया गया था, जिसके बाद न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए। जिसके चलते एलडीए की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। एलडीए अधिकारियों ने कहा कि बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सुदृढ़ कानून व्यवस्था आवश्यक : डॉ. रामाशीष राय

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने प्रदेश की वर्तमान कानून व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बुधवार को जारी अपने बयान में कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता का आधार जनता की सुरक्षा, न्याय व्यवस्था में विश्वास तथा कानून का निष्पक्ष क्रियान्वयन होता है। यदि आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस करने लगे और घटनाओं की निष्पक्ष जांच पर सवाल उठने लगें, तो यह लोकतंत्र के लिए चिंताजनक स्थिति है। डॉ. राय ने हाल ही में वाराणसी एवं प्रयागराज में हुई घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए, ताकि घटना के सभी पहलुओं की सच्चाई सामने आ सके और जनता के मन में उठ रहे सवालों का समाधान हो सके।

## रसोइयों और विद्यालय कर्मियों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) और पीएम पोषण योजना से जुड़े हजारों कर्मियों एवं उनके परिवारों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार का उद्देश्य शिक्षा और पोषण व्यवस्था को मजबूत बनाने वाले कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मयोगी कल्याण की अवधारणा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इस संबंध में सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

# फर्जी बर्थडे पार्टी की बुकिंग कर बुलाया, तमंचे के बल पर लाखों के कैमरे लूटे

❒ वीडियोग्राफर का साथी ही निकला साजिश का मास्टरमाइंड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ । जन्मदिन समारोह की फर्जी बुकिंग के नाम पर वीडियोग्राफर को सुनसान इलाके में बुलाकर लाखों रुपये के कैमरे और अन्य उपकरण लूटने वाले गिरोह का इटौंजा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए कैमरे, लेंस, मोबाइल फोन, लाइट सेटअप और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि पीड़ित का सहयोगी ही पूरी साजिश का मास्टरमाइंड निकला।

डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि माल थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा निवासी अशोक यादव पेशे से वीडियोग्राफर हैं। उन्हें व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से जन्मदिन समारोह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी की बुकिंग मिली थी। एक जून की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह अपने साथियों के साथ निर्धारित स्थान पर कार्यक्रम कवर करने जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार हीरापुरवा तिराहे से माल रोड की ओर पहुंची, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने वाहन रोक लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर छह कैमरे, सात लेंस, दो गेम्बल, मोबाइल फोन और अन्य महंगे उपकरण लूट लिए और फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही इटौंजा थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस की कई टीमें गठित की गईं। स्वाट, सर्विलांस और इटौंजा पुलिस ने संयुक्त रूप से सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डाटा और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इटौंजा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान स्प्लेंडर बाइक सवार राम अनुज और विपिन मिश्रा उर्फ दुर्लभ मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान राम अनुज के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुए।पूछताछ में दोनों आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने तीसरे आरोपी रोहन कुमार शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि रोहन पीड़ित अशोक यादव के साथ काम करता था और उसे कैमरों व अन्य महंगे उपकरणों की पूरी जानकारी थी। उसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी बर्थडे पार्टी की बुकिंग कराई और लूट की पूरी योजना तैयार की।डीसीपी ने बताया कि आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबरों की सिम भी तोड़कर फेंक दी थी, लेकिन तकनीकी जांच और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने पूरे षड्यंत्र का खुलासा कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से लूटे गए दो वीडियो कैमरे, पांच लेंस, दो गेम्बल, लाइट सेटअप बॉक्स, ओक्टा स्टैंड, चार मोबाइल फोन, एक देशी तमंचा, दो जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मामले में बरामदगी के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं बढ़ाते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## दोस्ती की आड़ में दिया धोखा

वीडियोग्राफर अशोक यादव को शायद ही अंदाजा रहा होगा कि उसके साथ काम करने वाला सहयोगी ही उसे लूटने की साजिश रच रहा है। रोहन कुमार शर्मा ने ही अन्य आरोपियों को बताया था कि अशोक के पास लाखों रुपये कीमत के कैमरे और उपकरण रहते हैं। इसके बाद फर्जी बर्थडे पार्टी की बुकिंग कर उसे सुनसान स्थान पर बुलाया गया और वारदात को अंजाम दिया गया।

## व्हाट्सएप कॉल ने पहुंचाया लुटेरों तक

फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के बहाने बुलाकर की गई लूट की घटना के खुलासे में व्हाट्सएप कॉल अहम सुराग साबित हुई। पीड़ित और आरोपियों के बीच घटना से पहले हुई बातचीत की जानकारी पुलिस को मिली। मोबाइल फोन की जांच, कॉल डिटेल और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की। जांच के दौरान मिले तकनीकी साक्ष्यों ने घटना की पूरी कड़ी जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कंटेनर की टक्कर से पत्नी की मौत, जिंदगी और मौत से जूझ रहा पति

❒ चार घंटे तक सड़क जाम कर ग्रामीणों का प्रदर्शन, तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब, लखनऊ। महिंगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत इटौंजा-कुर्सी मार्ग पर बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने साइकिल से घर लौट रहे दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले बीकेटी स्थित रामसागर मिश्र सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।हादसा वीरपुर गांव के निकट हुआ।

नरोसा गांव के मजरा नोहरी पुरवा निवासी मंसाराम अपनी पत्नी रामप्यारी के साथ साइकिल से कुम्हरावां स्थित बैंक गए थे। बैंक से रुपये निकालकर दोनों घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आए कंटेनर ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रामप्यारी कंटेनर के पहियों के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं जाने दिया और इटौंजा-कुर्सी मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब चार घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर एसीपी अलीगंज विकास कुमार पांडे, एसडीएम बीकेटी साहिल कुमार, तहसीलदार शरद सिंह समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।ग्रामीण मृतका के परिवार को आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा और भविष्य की सुरक्षा की मांग कर रहे थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया और शासन स्तर से मिलने वाली सभी नियमानुसार सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब साढ़े चार बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।ग्रामीणों के अनुसार मंसाराम अपनी भांजी की 24 जून को होने वाली शादी के लिए बैंक से रुपये निकालने गए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।एसीपी विकास कुमार पांडे ने बताया कि दुर्घटना करने वाले कंटेनर के चालक और क्लीनर को हिरासत में ले लिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तीन मासूमों पर टूटा दुखों का पहाड़

रामप्यारी की मौत और मंसाराम की गंभीर हालत ने तीन मासूम बच्चों का सहारा छीन लिया है। बेटा राजन (10), बेटी पिंकी (6) और खुशी (4) अब अनिश्चित भविष्य के सामने खड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मंसाराम के परिवार में माता-पिता या भाई भी नहीं हैं। ऐसे में बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा की चिंता पूरे गांव को सता रही है।

## शादी की खुशियां मातम में बदलीं

परिजनों के मुताबिक मंसाराम अपनी भांजी की 24 जून को होने वाली शादी की तैयारियों के लिए बैंक से रुपये निकालने गए थे। घर लौटते समय हुए हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। शादी की तैयारियों में जुटा परिवार अब शोक और चिंता के माहौल में डूब गया है।

# सिविल डिफेंस वार्डनों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

❒ साइबर अपराध से बचाव की जानकारी हर वार्डन तक पहुंचे : मनोज वर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए साइबर क्राइम सेल (कानून प्रवर्तन एजेंसी) द्वारा आज कैसरबाग स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सभागार में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों एवं वार्डनों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साइबर क्राइम की एडीसीपी किरण यादव (आईपीएस) तथा विशिष्ट अतिथि सिविल डिफेंस के चीफ वार्डे न अमरनाथ मिश्रा, स्टाफ ऑफिसर ऋतुराज रस्तोगी एवं वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा उपस्थित रहे।एडीसीपी किरण यादव ने वार्डनों को साइबर अपराधों से संबंधित महत्वपूर्ण एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से जन-जन तक जागरूकता पहुंचाने का आह्वान किया तथा साइबर हमलों, वित्तीय धोखाधड़ी और डिजिटल प्रतिरूपण (इम्पर्सोनेशन) जैसी बढ़ती घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला।राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस अधिकारी मनोज वर्मा ने कहा कि सिविल डिफेंस के वार्डे न विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष होते हैं, विशेषकर आपदा प्रबंधन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। वर्तमान समय सोशल मीडिया का है और इसके बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों की आशंका भी बढ़ी है। ऐसे में प्रत्येक वार्डन के लिए साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित वार्डनों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की तथा जन-जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।कार्यशाला में साइबर क्राइम के सब इंस्पेक्टर आदिल सईद हसन, हेड कांस्टेबल गौरव शुक्ला, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डे न संजय जौहर, नफीस अहमद, सुनील कुमार तिवारी, दिनेश माथुर, आशीष कपूर, डिप्टी डिविजनल वार्डे न रामगोपाल सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, मुशीर अहमद, डॉ. पंकज वर्मा, गुफरान अहमद, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कर्मचंदानी, जावेद जैदी, स्टाफ ऑफिसर सुमित साहू, संतोष सिंह, रवि शर्मा, प्रदीप शर्मा, ज्योति खरे सहित आईसीओ, पोस्ट वार्डे न, सेक्टर वार्डे न एवं फायर फाइटर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

❐ उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में समस्त व्यापारियों ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। महानगर में जर्जर सड़कों का तत्काल निर्माण कराने, निस्प्रयोज्य टेलीफोन के खम्भे हटाने, ई-रिक्शा को व्यवस्थित करने, इज्जतघरों की साफ सफाई, जल निगम द्वारा खोदे गए गड्डों को भरने सहित तमाम समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज वर्मा सर्राफ के नेतृत्व में नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम की बैठकों में बार-बार कहा जाता है कि सड़कों के लिए पैसा स्वीकृत हो चुका है, लेकिन फिर भी क्या बजह है, जोकि निर्माण नहीं किया जा रहा है। जल निगम द्वारा सड़कों को खोदकर मिट्टी थोपकर छोड़ दिया जाता है, जिससे मिट्टी धस जाने से सड़कें गड्डो में तब्दील हो जाती हैं। जबकि ठेकेदार सड़कों पर पैच लगाने का भी पैसा लेते हैं। जल निगम द्वारा घटिया पाइप लाइन डालने से आएदिन पाइप फट जाती है और रोड पर जलभराव होने लगता है। इससे व्यापारियों व राहगीरों को असुविधा होती है। मांग की गई कि नाइयों वाली मस्जिद के सामने गली में पाइप लाइन में गन्दा पानी महीनों से आ रहा है उसको तत्काल ठीक किया जाए। इज्जत घरों की प्रतिदिन साफ सफाई हो। जलालनगर में सर्राफा, कपड़ा, रेडीमेड, किराना की सैकड़ो दुकाने हैं, लेकिन एक भी इज्जत घर नहीं है,वहां जगह चिन्हित कर बनाया जाए। इसी कड़ी में अंटा चौराहा पर नाले के ऊपर इज्जत घर बनाया जाए। ठीक ठाक बनी सड़क को पुनः न बनाया जाए। आवारा पशुओं, कुत्तों व बन्दरों से निजात दिलाई जाए। केरूगंज चैराहा से कचहरी तिराहा, गर्रा फाटक से कनौजिया अस्पताल व घंटाघर से लाल इमली चौराहा तक ग्रिल डिवाइडर लगाएं जाएं और भारी वाहनों के प्रवेश को रोका जाए। मोहल्ला लोधीपुर में पूरब वाली मस्जिद के पास कूड़ादान रखा जाए और जर्जर रोड को तत्काल बनाया जाए। लोधीपुर से हथौड़ा तक जेबरा बनवाकर दुर्घटनाओं को रोका जाए। सफ़ेद पट्टी के अंदर खड़े दुपहिया वाहन वालों को परेशान न किया जाए। लाल इमली चैराहे के नाले की तली झाड़ सफाई की जाए। कहा गया कि उक्त मांगो का तत्काल निस्तारण न करने पर व्यापार मण्डल आन्दोलन को बाध्य होगा। इस दौरान संगठन के प्रान्तीय संगठन मंत्री तिलकराज भोला, जिला महामंत्री अनीस खां, जिला कोषाध्यक्ष शकील अहमद, युवा जिलाध्यक्ष अनवार खां, फैसल खां एडवोकेट, अजय मोहन शुक्ला, मिसवाउद्दीन खां, सर्वेश वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद की हत्या की फिराक में पहुंचा युवक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

❐ पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बादमाश के पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जनपद के तम्बौर थाना क्षेत्र में पुलिस और एक आरोपी के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पूर्व सांसद की हत्या की नीयत से हथियारों के साथ पहुंचा था और पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के बाद उसकी तलाश की जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी लहरपुर अभिषेक कुमार के नेतृत्व में थाना तम्बौर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, दिनांक 2 जून 2026 की शाम लगभग 5 बजे अभियुक्त शादाब पुत्र जाफर निवासी मोहल्ला शेखन टोला थाना तम्बौर जनपद सीतापुर पूर्व सांसद राजेश वर्मा के मकान के सामने तमंचा कारतूस और चाकू लेकर पुरानी जमीनी रंजिश के चलते उनकी हत्या करने के इरादे से पहुंचा था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया था लेकिन वह रास्ते से फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश में चलाए गए सघन अभियान के दौरान पुलिस ने ज्ञानेंद्र भट्टे के पास स्थित आम के बाग में उसे घेर लिया। पुलिस का आरोप है कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से दो फायर किए। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके पैर में लग गई जिससे वह घायल हो गया और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 312 बोर दो जिंदा कारतूस दो मिस कारतूस तथा एक चाकू बरामद किया है। घायल अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त शादाब का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास प्रकाश में नहीं आया है। मामले में विधिक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच जारी है। मुठभेड़ की कार्रवाई थाना तम्बौर के प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा संपन्न की गई।

# 8 जून तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण करें: डीएम

❐ जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनगणना कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक एसडीएम, चार्ज ऑफिसर, नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 08 जून तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। यह कार्य समयबद्ध होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य है। निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाए। कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं सर्वे कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। मकान सूचीकरण कार्य एवं संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूरे किए जाएं। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष अभियान चलाकर काटे 292 वाहनों के चालान, 03 वाहन सीज

शाहजहांपुर। जनपद में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने यातायात पुलिस, थाना सदर बाजार, थाना कोतवाली, थाना रोजा एवं थाना आरसी मिशन पुलिस के साथ जनपद के प्रमुख चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रेशर हॉर्न/हूटर एवं मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त वाहनों के खिलाफ बीती शाम 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चारपहिया एवं दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए प्रेशर हॉर्न/हूटर के 11 चालान, मॉडिफाइड साइलेंसर के 10 चालान सहित कुल 292 चालान किए तथा 03 वाहनों को एमवी एक्ट के तहत सीज किया।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान, मानवाधिकार जागरूकता बढ़ाने का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महमूदाबाद, सीतापुर। विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह दिनकर के मार्गदर्शन में संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मुजीब अहमद एवं नगर अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समारोह के दौरान अनुपम कुमार त्रिपाठी को प्रदेश उपाध्यक्ष (उत्तर प्रदेश), राम कुमारी को तहसील वरिष्ठ उपाध्यक्ष (महमूदाबाद), जाकिर को ब्लॉक सदस्य तथा भोला चौहान को ब्लॉक संगठन मंत्री के पद का परिचय-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी पदाधिकारी विश्व मानव अधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत एवं इसकी महिला प्रकोष्ठ शाखा ''युवा महिला सशक्तिकरण मानवाधिकार मोर्चा'' से संबद्ध हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय न्यूज़ एडिटर एवं मीडिया प्रमुख अनुज कुमार जैन, प्रदेश न्याय एवं मंडल कार्यालय प्रभारी लखनऊ अशोक कुमार वर्मा, तहसील संयोजक शिवदास तथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश पांडेय सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने मानवाधिकारों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, संगठन के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आमजन को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ कार्य कर मानवाधिकार संरक्षण एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। साथ ही सभी सदस्यों से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि संगठन अपने प्रत्येक सदस्य के साथ सदैव खड़ा रहेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जहां उपस्थित सभी सदस्यों ने मानवाधिकार जागरूकता एवं सामाजिक सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# शाहजहांपुर पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस, राज्यसभा सांसद ने दिखाई हरी झंडी, किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस का शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया है। लखनऊ से देहरादून के बीच चलने वाली वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार की सुबह शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। जहां राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को जोड़ने वाली इस अत्याधुनिक व विश्वस्तरीय ट्रेन के ठहराव से शाहजहांपुर जनपद और आस-पास के क्षेत्रों के व्यापारियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, मरीजों और विशेषकर बाबा केदारनाथ व देवभूमि जाने वाले श्रद्धालुओं को लखनऊ और देहरादून की यात्रा करने में अभूतपूर्व सुगमता होगी। उन्होंने समस्त जनपदवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इससे पूर्व हरी झंडी दिखाने के बाद उन्होंने वंदे भारत ट्रेन में सवार होकर यात्रा की और सह-यात्रियों और आम जनता से सीधा संवाद कर उनके अनुभव को सुना। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, कौशल मिश्रा, रितेश आनंद, अजय प्रजापति, राजू सिंह, मनोज सिंह, रामकुमार सिंह, क्षमा वर्मा, उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव, नरमू नेता नरेन्द्र त्यागी सहित रेलवे के तमाम अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# आगामी विधानसभा चुनाव में सपा के सिपाही सत्ता परिवर्तन जरूर करेंगे: हाजी दानिश अख्तर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बरेली-मुरादाबाद मंडल के शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में पार्टी के जिला कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश विधान परिषद बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर और विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक एमएलसी चुनाव के बरेली मंडल प्रभारी पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, पूर्व मंत्री भगवतसरन गंगवार, पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, आदि शामिल हुए।

बैठक में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर ने कहा कि शिक्षक एमएलसी पद के चुनाव का ऐलान किसी भी समय हो सकता है। कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, मेहनत व ईमानदारी से अभी से ही पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए लग जाएं। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा के सिपाही सत्ता परिवर्तन जरूर करेंगे।

समाजवादी शिक्षक एमएलसी चुनाव के बरेली मंडल प्रभारी व पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने कहा कि शिक्षक एमएलसी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को इस बार सपा के नेता व कार्यकर्ता एकजुट होकर भारी मतों से जिताएंगे। पूर्व एमएलसी भगवतशरन गंगवार ने कहा कि सत्ता परिवर्तन करने के लिए हौसले और हिम्मत की जरूरत होती है। सपा कार्यकर्ताओं में हौंसला और हिम्मत की कमी नहीं है। सभी लोग सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को जिताने का काम करेंगे। बैठक में पूर्व एमएलसी अमित यादव उर्फ रिंकू, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, रघुवीर यादव, अशोक यादव, अनवर अली, गायत्री वर्मा, कमलेश यादव, कमल किशोर कठेरिया, दोदराम वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने सभी का आभार व्यक्त किया और सपा प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को जिताने की अपील की। बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, रामकुमार भोजवाल, जितेंद्र श्रीवास्तव, सूरजपाल सिंह, मुनेंद्र पाल सिंह, ओंकार सिंह, अजफर अली, अवधेश पाल, मिश्रीलाल पटेल, गोपाल अग्निहोत्री, सरदार राजवीर सिंह, अजीम खान, मोनू कुरैशी, परवेज अंसारी, विनोद यादव, शारदा राज, प्रसून कनौजिया, राकेश विश्वकर्मा, रामनिवास सक्सेना, नरवीर फौजी, फराज इदरीसी, रानू खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## आजादी के दशकों बाद भी बदहाल रास्ता, कीचड़ और जलभराव में जिंदगी जीने को मजबूर 25 परिवार

**पहला, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड पहला क्षेत्र की ग्राम पंचायत कंडौरा में विकास के दावों की पोल उस समय खुलती नजर आती है, जब गांव के दर्जनों परिवार आज भी सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गांव के लगभग 25 परिवार वर्षों से बदहाल रास्ते और जलभराव की समस्या झेलने को मजबूर हैं, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नूरूल उलूम इस्लामिया मदरसा कंडौरा से फूलचंद्र के घर तक लगभग 400 मीटर लंबा मुख्य मार्ग आज भी कच्चा पड़ा हुआ है। बरसात के मौसम में यह रास्ता कीचड़ और जलभराव से भर जाता है, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, वहीं बुजुर्ग, महिलाएं और मरीज सबसे अधिक परेशान होते हैं।ग्रामीणों का कहना है कि नाली न होने के कारण बारिश का पानी रास्ते पर जमा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि एंबुलेंस, ई–रिक्शा या अन्य वाहन भी घरों तक नहीं पहुंच पाते। ऐसे में किसी आपातकालीन स्थिति में लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी सुनीता देवी, चंदना, अजय कुमार, वीरेश कुमार, मुंशी, अवधेश कुमार, दिनेश, रेखा देवी, अमीषा, अनिल कुमार, सुनील रावत, पंकज कुमार, संजय कुमार, लाल मोहम्मद, सिराजुद्दीन, नईम, अब्दुल खान, मजीद खां, रमेश चंद्र, अमित कुमार, नूर मोहम्मद और कमलेश सहित अन्य ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मार्ग पर इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण की मांग की है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कंडौरा के प्रधान प्रतिनिधि भानु प्रताप यादव ने बताया कि उक्त मार्ग पर जल्द ही कच्ची मिट्टी पटाई का कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे ही बजट उपलब्ध होगा, प्राथमिकता के आधार पर इंटरलॉकिंग सड़क और नाली निर्माण का कार्य भी कराया जाएगा। फिलहाल ग्रामीणों को उम्मीद है कि वर्षों पुरानी इस समस्या का जल्द समाधान होगा और उन्हें कीचड़ व जलभराव से राहत मिलेगी। अब सबकी निगाहें प्रशासन और पंचायत की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

## रैली के लिए लगवाई गई गाड़ियों का किराया न मिलने का आरोप, पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

**महमूदाबाद ,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महमूदाबाद नगर क्षेत्र के अमीरगंज निवासी चन्दू पुत्र नसीम बैग ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से जानकारी दी कि वह एक ट्रांसपोर्ट के संचालक है जिन्होंने कांग्रेस की रैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी अरुणेश यादव के द्वारा बुक की गई गाड़ियों का किराया न मिलने का आरोप लगाते हुए कोतवाली महमूदाबाद में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित के अनुसार, कुछ समय पूर्व एक राजनीतिक रैली में शामिल होने के लिए उसकी कई चार पहिया गाड़ियां बुक कराई गई थीं। आरोप है कि गाड़ियों के संचालन के बाद तय किराए का भुगतान नहीं किया गया। पीड़ित का कहना है कि उसने कई बार संबंधित लोगों से संपर्क कर अपना बकाया भुगतान मांगा, लेकिन अब तक उसे पैसा नहीं मिला।शिकायतकर्ता ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि भुगतान मांगने पर उसे टालमटोल किया गया और कथित रूप से धमकी भी दी गई। इससे वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान है।पीड़ित ने कोतवाली महमूदाबाद पुलिस से मामले की जांच कर बकाया किराया दिलाने तथा दोषी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।वहीं, पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर पिता से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर,सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सदर बाजार क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी से अश्लील हरकतें व छेड़छाड़ की गई, विरोध करने पर किशोरी के पिता से मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 22 मई को थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर खटकाना निवासी ध्रुव पुत्र अनिल ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने तथा वादी द्वारा विरोध करने पर वादी के साथ हमला कर मारपीट किए जाने एवं अभियुक्त की। विरोध करने पर आरोपी ध्रुव ने अपने भाई आजाद, पिता अनिल और मां के साथ उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज पुलिस ने वांछित अभियुक्त ध्रुव को पुवायां रोड पर शहबाजनगर तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक लक्ष्मण चन्द्र के साथ मुख्य आरक्षी जोगेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों की हेराफ़ेरी का आरोप, फिर भी सूखे पड़े हैं हैंडपंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नकहा, खीरी। विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत रामपुर रोली एक बार फिर सुर्खियों में है। पंचायत में हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये के सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी अभिलेखों में बड़े पैमाने पर खर्च दर्शाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। गांव में आज भी कई हैंडपंप खराब पड़े हैं और लोग भीषण गर्मी में पेयजल संकट झेलने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत रिकॉर्ड में दर्जनों हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत का कार्य पूरा दिखाया गया है। इसके लिए लाखों रुपये खर्च होने का दावा भी किया गया, लेकिन अधिकांश स्थानों पर हैंडपंप या तो खराब हैं या फिर पानी नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में कार्य कराया गया होता तो गांव में पानी की समस्या खत्म हो चुकी होती।

❐ नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर रोली में विकास कार्यों पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने मांगी उच्चस्तरीय जांच

### फर्जी बिल और मस्टररोल के सहारे निकाली गई रकम

ग्रामीणों का आरोप है कि बिना कार्य कराए ही फर्जी बिल, वाउचर और मस्टररोल तैयार कर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया। पंचायत के अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाकर धनराशि निकाल ली गई, जबकि मौके पर कार्यों का कोई ठोस प्रमाण दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि सरकारी योजनाओं की धनराशि को कागजी खेल के माध्यम से ठिकाने लगाया गया है।

### केवल हैंडपंप ही नहीं, अन्य योजनाओं पर भी उठे सवाल

गांव के लोगों का कहना है कि मामला सिर्फ हैंडपंपों तक सीमित नहीं है। नल-जल योजना, सीसी रोड निर्माण, नाली निर्माण, खड़ंजा तथा मनरेगा के विभिन्न कार्यों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि कागजों में विकास कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान कर लिया गया, जबकि गांव में विकास की तस्वीर अपेक्षित स्तर पर दिखाई नहीं देती। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई निर्माण कार्य या तो अधूरे हैं या फिर उनकी गुणवत्ता बेहद खराब है। कुछ स्थानों पर तो ऐसे कार्यों का भी भुगतान दिखाया गया है, जिनका अस्तित्व ही ग्रामीणों को नजर नहीं आता।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हुई प्रभावी कार्रवाई

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार ब्लॉक और तहसील स्तर के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। शिकायतों के बावजूद न तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई हुई और न ही विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की निष्पक्ष जांच कराई गई।

गांव के बुजुर्गों और महिलाओं का कहना है कि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट विकराल रूप ले लेता है। खराब पड़े हैंडपंपों के कारण लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते।

### जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पंचायत में हुए सभी विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, संबंधित अभिलेखों की जांच हो तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन और नवागत अधिकारियों पर टिकी हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या सरकारी धन के कथित दुरुपयोग और विकास कार्यों में अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होगी, या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## स्वच्छता अभियान को मिली नई रफ्तार, विधायक आशा मौर्य ने कचरा संग्रहण वाहनों को दिखाई हरी झंडी

महमूदाबाद, सीतापुर। नगर पालिका परिषद महमूदाबाद द्वारा नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। सूखे एवं गीले कचरे के पृथक संग्रहण के लिए खरीदे गए नवीन वाहनों को महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष आमिर अरफात, अधिशासी अधिकारी पवन किशोर मौर्य सहित नगर पालिका के कर्मचारी,समस्त वार्डो के सभासद एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि घर-घर से सूखे और गीले कचरे का अलग-अलग संग्रहण होने से स्वच्छता व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी तथा नगरवासियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा। कार्यक्रम के उपरांत नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में विधायक आशा मौर्य ने भाग लेते हुए विकास कार्यों को गति देने तथा नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

# पालिकाध्यक्ष ने खोला विकास का खजाना, 4.72 करोड़ से शहर में बनेंगी 48 सड़कें

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के सभी वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे जनता की समस्याओं को दूर किया जा सके

बदायूं। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में 48 सड़कों पर 4.72 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों को मंजूरी देकर नगर विकास को नई दिशा दी है। सड़क निर्माण, सी0सी रोड, नालियों, इंटरलॉकिंग, सौंदर्यकरण, पुलिया निर्माण, आर0सी0सी स्लैब, जलनिकासी व्यवस्था और ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन जैसे कार्यों से शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

उनका उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर सड़कें, सुचारु जलनिकासी और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि मोहल्ला शिवपुरम वार्ड संख्या नौ में प्रेमलोक हास्पिटल से दशमेश थ्रेसर होते हुए सरकारी टयूबबैल की ओर हॉटमिक्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य में 10 लाख 62 हजार, भामाशाह चौक से बस स्टैण्ड की ओर पुलिस लाइन मैदान की दीवार के किनारे सौन्दर्यकरण का कार्य में 10 लाख 77 हजार 720, नगर में विभिन्न बिटुमिन सड़कों पर सफ़ेद पट्टी का कार्य में छह लाख 48 हजार, कबूलपुरा खारा कुआं में पुष्प्रेन्द्र के घर से कन्हई लाल के घर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य में 07 लाख 55 हजार, वार्ड संख्या 17 अल्फ खां सराय में जावेद मास्टर के मकान से देव अरोड़ा से होते हुए डॉ. महावीर के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 08 लाख 43 हजार, वार्ड संख्या पांच शहबाजपुर में राशिद के मकान से समद, सैयद अली शेर मजार होते हुए अकरम/मुखिया के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 05 लाख 69 हजार, वार्ड संख्या तीन मोहल्ला नेकपुर में सोना लेडीज टेलर से ढाक वाली ज्यारत तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 09 लाख 04 हजार, वार्ड संख्या तीन में नेकपुर में नेत्रपाल सिंह यादव डॉ. मंगू सिंह यादव के मकान होते हुए संजीव शर्मा की दुकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माणं कार्य में 09 लाख 03 हजार, वार्ड संख्या 29 फरशोरी टोला फहीम भाई के मकान से होते हुए अब्दुल मन्नान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 11 लाख 44 हजार, वार्ड संख्या दो सिविल लाइन में आकाश यादव के मकान से गुलफाम सिंह यादव होते हुए मनोज गुप्ता की दुकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 05 लाख 82 हजार, वार्ड संख्या 17 ऊपरपारा उझानी रोड नन्दराम के मकान से अम्बेडकर पार्क तक, शहजाद के मकान से सीपी एक्सपोर्ट तक व राजू कुमार मौर्या के मकान से गोपाल के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 06 लाख 44 हजार, वार्ड संख्या 24 कबूलपुरा में निहाल उद्दीन के मकान से मौहम्मद मियां होते हुए वशीर उद्दीन के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 06 लाख 85 हजार,

वार्ड संख्या 8 कबूलपुरा में बाल्मीकि चौराहा पाकड़ से मुगल गार्डन तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 15 लाख 90 हजार, वार्ड संख्या 17 ऊपर पारा शरीफ अहमद के मकान से विलकीस बेगम, शाहरूख के मकान से होते हुए मुद्दीन के प्लाट तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 29 लाख 97 हजार, वार्ड संख्या 5 गली नं0-04 निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली हरी सिंह की दुकान से भूरे सक्सेना तक 06 लाख 54 हजार, वार्ड संख्या 05 में पोशाकी लाल रस्तोगी से होली चौक तक सीसी रोड मय नाली निर्माण में 06 लाख 8500, ऑडोटोरियम के गैस्ट रूम में टायलेट का निर्माण कार्य में 06 लाख 43 हजार, वार्ड संख्या 7 वाटर वर्क्स रोड पर हॉटमिक्स द्वारा बीसी के साथ सड़क का निर्माण कार्य में 08 लाख 90 हजार, वार्ड संख्या 27 नईसराय अब्बासी कालौनी में जीनत के मकान से कैसर जहां के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 07 लाख दो हजार, वार्ड संख्या 11 सैयदगंज में श्रीराम सरस्वती विद्या इण्टर कालेज से कैलाश मिस्त्री से होते हुए नत्थू पेन्टर के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 12 लाख 62 हजार, मास्टर असरार के मकान से कचहरी मार्ग तक बीसी के साथ मरम्मत का कार्य में 05 लाख 24 हजार, निर्माण कार्य सीसी रोड मय नाली महेश सक्सेना की दुकान से पुष्पम होटल तक वार्ड संख्या 9, 10, 22 में 06 लाख 23 हजार, प्रेमलोक हास्पिटल से कलेक्ट्रेट तक मार्ग के दोनों ओर इण्टरलांकिग टाइल्स का कार्य 29 लाख 38 हजार, चित्रांश नगर में सुरेन्द्र वकील साहब के घर से फौजी के घर तक इण्टरलांकिग सड़क व नाली निर्माण कार्य में 13 लाख 73 हजार, शहर में गन्ना कार्यालय के पीछ प्रेमपाल पाली की दुकान से मंदिर प्रागण का पूरा चैक का सीसी से निर्माण कार्य में 05 लाख, नगर में विभिन्न स्थानों पर सड़क इण्टरलांकिग/नाली मरम्मत कार्य में 16 लाख 15 हजार, नगर में विभिन्न स्थानों पर आरसीसी स्लैब पुलिया, चैनल, जाल, चिनाई, प्लास्टर का कार्य में 19 लाख, सुभाष चौक कोयला दुकान से नई सराय पार्क तक हॉटमिक्स बीसी के साथ सडक निर्माण कार्य में 09 लाख 93 हजार, नेकपुर अण्डरपास से चीर घर तक सीसी मार्ग का निर्माण कार्य में 19 लाख 58 हजार निर्माण कार्य आरसीसी स्लैब मय नाला एप्रोच सिटी मॉल के सामने तिराहे तक 06 लाख 72 हजार, शिवपुरम नलकूप के पीछे नाला आरसीसी एवं दशमेश के सामने नाला निर्माण कार्य में 06 लाख 63 हजार, विभिन्न स्थानों पर नालों पर स्लैब डालने का कार्य में 22 लाख 38 हजार, नाला मरम्मत कार्य वनविभाग की पुलिया से जफा की कोठी तक दोनों साइड में 15 लाख 91 हजार, शासन की मंशानुसार डोर-टू-डोर कलेक्शन हेतु ई रिक्शों के चार्जिग हेतु एसके कालेज के सामने पार्किग में चार्जिग स्टेशन का कार्य में 08 लाख 52 हजार, आर्य समाज चौक पर आरसीसी नाला मय स्लैब एण्ड एप्रोच कार्य में 05 लाख 94 हजार, निर्माण नाला आरसीसी कार्य रीजेन्सी होटल के सामने सड़क पार करके 10 लाख 24 हजार, गोपीचैक चौराहे पर रैंप सहित आरसीसी स्लैब मय नाला निर्माण कार्य में 16 लाख 22 हजार, लावेला चौक गांधी ग्राउण्ड मोढ़ पर आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण कार्य में 05 लाख 99 हजार, वार्ड संख्या 05 टिकटगंज में टिकटगंज चौराहे से संजीव पटवा के मकान तक ऐजिंग तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में 06 लाख 39 हजार, वार्ड संख्या 16 में बन्टी गैस की दुकान से इकबाल के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में छह लाख 06 लाख 63 हजार साथ ही वार्ड संख्या 7 प्रेमकुमार के मकान से सरदार जगदीश सिंह के मकान तक नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य में 05 लाख 10 हजार, वार्ड संख्या 26 बक्शों वाली गली मानभाई के मकान से कमाल भाई, पप्पू भाई के मकान होते हुए आफाक भाई के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 06 लाख 66 हजार, वार्ड संख्या 24 सोथा में लाजपत राय स्कूल से जबरिया स्कूल तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 05 लाख 81 हजार, वार्ड संख्या 25 कबूलपुरा में शाह आलम के मकान से धर्मवीर, मोहम्मद मियां के मकान से होते हुए फिरासत अली के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 06 लाख 29 हजार, लावेला चौकक से छः सड़का तक हॉटमिक्स द्वारा बीसी के साथ सड़क निर्माण कार्य में 06 लाख 86 हजार, वार्ड संख्या 02 सिविल लाइन नेकपुर में योगेश यादव व अमर शर्मा के मकान से मुख्य नाले की ओर इण्टरलांकिग सड़क व नाली निर्माण कार्य में 05 लाख 54 हजार से होगा। इधर वार्ड 13 मोहल्ला पक्का बाग में अनिल मौर्य के मकान से भगवान दास साहू के मकान से मोहन मौर्य के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 05लाख 82 हजार, वार्ड 18 विश्वास के मकान से दिनेश के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में 03 लाख 09 हजार रुपए। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर के विकास को गति देने के लिए लगातार योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं ताकि जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। इन विकास कार्यों की जानकारी मिलते ही संबंधित वार्डों के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# पीडीए पंचायत द्वारा लोगो में पैठ बना रहे है शोबी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ थे है सभी राजनीतिक दल लोगों के बीच जाकर अपनी पार्टी का प्रचार कर रहे हैं इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर फखरे अहमद शोबी बदायूं विधानसभा में पीडीए पंचायत को लगातार कर रहे हैं जिसमें हर धर्म जाति के लोग एकत्र हो रहे है आज ग्राम सभा बरातेगदार में सभा का आयोजन किया गया जिसमें फखरे अहमद शोबी ने एक सभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फखरे अहमद शोबी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित पिछड़े अल्पसंख्यक मजदूर किसान आदिवासी और दबे हुए लोगों की आवाज बनकर प्रदेश में हर मुद्दे पर जनता के साथ खड़े है पूरे हिंदुस्तान का किसान परेशान हाल है उसको ना तो बराबर खाद मिल रही है और ना ही बराबर बिजली हर किसी काम में दलाल सक्रिय है हमारी सरकार बनती है तो हम किसानों को पर्याप्त रूप में खाद और बिजली देंगे द्य और किसानों पर लगाए हुए सारे कर्ज़ को माफ कर दिए जाएगा जनता 2027 में परिवर्तन करना चाहती है आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है इसके अलावा मोद प्रकाश पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए संचालन आमिर सुल्तानी ने किया। इस मौके पर नरेंद्र सिंह, जाने आलम,सुरेंद्र सिंह, सतपाल सिंह,गिरीश सिंह,राजेंद्र सिंह,नेत्रपाल सिंह अरविंद सिंह,रामबाबू सिंह,धर्मेंद्र सिंह,राजेश्वर सिंह,मुख्तार, शकील शाह,अकरम,तोताराम सक्सेना राम मोहन सिंह,राजाराम दिवाकर,राजू सागर आदि मौजूद है।

# दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय के दो सगे भाइयों की बदली जेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। मूसाझाग थाना क्षेत्र में 12 मार्च 2026 को हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के दो सगे भाइयों की जेल बदल दी गई है। शासन के निर्देश पर जिला कारागार प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए आरोपी केशव को बांदा जिला जेल और चंद्रशेखर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को सोनभद्र जिला जेल भेज दिया है।

जेल प्रशासन को इस संबंध में महानिदेशक (डीजी) जेल कार्यालय से पत्र प्राप्त हुआ था, इसके आधार पर मंगलवार को दोनों बंदियों को अन्य जनपदों की जेलों में स्थानांतरित किया गया। बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन ने दोनों आरोपियों को बदायूं जिला जेल से दूर स्थित जेलों में शिफ्ट किए जाने की संस्तुति शासन को भेजी थी, जिसपर यह निर्णय लिया गया। पुलिस के अनुसार, कुछ समय पूर्व जेल में मुलाकात के दौरान एक रिश्तेदार महिला के माध्यम से केशव द्वारा मामले के गवाहों को धमकी दिलाने का प्रयास किया गया था। इस प्रकरण में भी पुलिस ने अलग से केस दर्ज किया था।

इसके बाद जिला प्रशासन ने सुरक्षा और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित होने से रोकने के मद्देनजर आरोपियों को अन्य जनपदों की जेलों में स्थानांतरित किए जाने की संस्तुति शासन को भेजी थी। 12 मार्च को एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में घुसकर दो अधिकारियों, सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह ने स्वयं थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया था। हालांकि उसी रात हत्या में प्रयुक्त तमंचे की बरामदगी के दौरान उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान उसके दोनों पैरों में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जांच के दौरान पुलिस ने प्लांट कर्मी अजय यादव और मुनेंद्र विक्रम को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा। बाद में विवेचना में अजय प्रताप सिंह के सगे भाई केशव तथा तहेरे भाई अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू का नाम भी हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में जोड़ा गया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी परिवार के खिलाफ जानलेवा हमला, रंगदारी, तहबाजारी वसूली और सरकारी भूमि पर कब्जे जैसे कई अन्य केस भी दर्ज किए। इन मामलों में अजय के पिता राजेश, ताऊ राकेश, भाई चंद्रशेखर और तहेरे भाई शिवम को भी आरोपी बनाया गया। राकेश को छोड़कर अन्य सभी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। राजेंद्र कुमार, जेल अधीक्षक, बदायूं के मुताबिक डीजी जेल कार्यालय से प्राप्त आदेश के अनुपालन में दोनों बंदियों को सुरक्षित रूप से बांदा और सोनभद्र जिला जेल स्थानांतरित कर दिया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ में भैंस चोर गिरफ्तार, लगी गोली

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना हजरतपुर पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि उसकी फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की भैंस बेचकर मिले 5,200 रुपये, एक तमंचा, एक खोखा और एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, थाना हजरतपुर क्षेत्र के ग्राम रैपुरा में 17 व 18 मई की रात भैंस चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। सीओ दातागंज राहुल पांडेय ने बताया कि सोमवार रात पुलिस क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि भैंस चोरी की घटना में शामिल कुछ संदिग्ध जमालपुर से गढ़िया शाहपुर रोड की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो संदिग्ध भागने लगे। पीछा करने पर एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिससे आरक्षी जितेंद्र सिंह घायल हो गए। वहीं, आरोपी पप्पू उर्फ पापू उर्फ साजन पुत्र सिकंदर उर्फ पटवारी निवासी नदरई, थाना जनपद कासगंज के दोनों पैरों में गोली लग गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रैपुरा गांव में भैंस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उसने यह भी बताया कि वह लंबे समय से अपने गिरोह के साथ पशु चोरी जैसी घटनाओं में शामिल रहा है। उसके खिलाफ अमरोहा, अलीगढ़ और कासगंज समेत विभिन्न जिलों में लूट, चोरी, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ को मिला नया नेतृत्व, डॉ. शिव कुमार ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ में प्रशासनिक स्तर पर वरिष्ठ चिकित्सक प्रो. (डॉ.) शिव कुमार ने प्रधानाचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. शिव कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार करना तथा मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (गख्रए) के मानकों के अनुरूप शिक्षण एवं चिकित्सकीय कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। डॉ. शिव कुमार ने यह भी कहा कि मरीज हित सर्वोपरि रहेगा तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पात्र मरीजों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा शिक्षकों को पठन–पाठन, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही चिकित्सालय में मरीज हित से जुड़े विषयों, विशेषकर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) एवं उपचार व्यवस्था में मौजूद कमियों को शासन एवं प्रशासन के संज्ञान में लाकर उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही।नवागत प्रधानाचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी चिकित्सकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मेडिकल कॉलेज को शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

## राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित

**बहजोई, सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रभारी एवं राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग उ. प्र. जे. पी.एस. राठौर जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री जी दिनांक 04 जून 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 12:30 तक जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बहजोई मुख्यालय पर समीक्षा बैठक करेंगे। अपराह्न 12:30 बजे से 1 बजे तक मा. प्रभारी मंत्री जी प्रशासनिक समन्वय समिति ( कोर कमेटी) का बैठक करेंगे।

## डंडे से पीटकर मां की हत्या, आरोपी बेटा गिरफ्तार

**मानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कटरा गांव में बुधवार को एक पुत्र द्वारा अपनी मां की डंडे से पीट–पीटकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिव कुमारी (56) पत्नी स्वर्गीय श्यामलाल पिछले करीब 10 वर्षों से कटरा गांव में रह रही थीं। बुधवार सुबह करीब 9 बजे उनका पुत्र हरेंद्र कुमार गांव में यह कहते हुए निकला कि उसकी मां की मृत्यु हो गई है। इसके बाद वह अपनी मड़ैया में जाकर लेट गया। ग्रामीणों के अनुसार उस समय वह नशे की हालत में था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो छप्पर के नीचे शिव कुमारी का रक्तरंजित शव पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उनकी डंडे से पीट–पीटकर हत्या की गई थी। मृतका के छोटे पुत्र अशोक कुमार ने बताया कि उनके पिता श्यामलाल की करीब ढाई माह पूर्व मृत्यु हो गई थी। परिवार में दो भाई हैं। थाना प्रभारी आसुतोष मिश्रा ने बताया कि आरोपी पुत्र हरेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

## महोली पुलिस का बड़ा एक्शन, शराब तस्करी केस के दो वांछित समेत 3 गिरफ्तार

**महोली , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना महोली पुलिस द्वारा 03 वांछित/वारंटी गिरफ्तार– थाना महोली पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 186/2026 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस व 60/63/72 ईएक्स एक्ट थाना महोली में वांछित अभियुक्तगण 1. पूनम पत्नी रमेश निवासी छतेहरा थाना बरौदा जनपद हरियाणा 2. प्रतीक उर्फ अजय पुत्र रमेश निवासी छतेहरा थाना बरौदा जनपद हरियाणा व वाद सं0 413/24 में वारंटी मिल्टन कुमार भौमिक पुत्र मुकुन्द कुमार निवासी नेरी थाना महोली जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर मा.न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## निशान शोभायात्रा और भंडारों से गूंजा बिसवां-लहरपुर, श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद

**बिसवां, लहरपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर जनपद सीतापुर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। बिसवां से लेकर लहरपुर तक जगह–जगह विशाल भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने बालाजी महाराज और संकटमोचन हनुमान जी के जयकारों के साथ पूड़ी–सब्जी, छोला–पूड़ी, छोला–चावल, हलवा, बूंदी, शर्बत एवं शीतल जल का वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बिसवां क्षेत्र में जहांगीराबाद चौराहे स्थित शिव मंदिर, मौर्या मार्केट, धामीसराय, पैगरवा मोड़, नीमखजूर तथा देबियापुर सहित अनेक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। पुरैनी गंज में हनुमत भक्त बाबू शिव प्रसाद सिंघल, अमित सिंघल एवं उनके सहयोगियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं श्रीश्याम सत्संग भवन में पप्पू अग्रवाल एवं बसंत खेतान परिवार द्वारा भी भव्य भंडारा आयोजित किया गया। शाम के समय पुरैनी गंज से श्रीहनुमान निशान शोभायात्रा निकाली गई, जो बिसवां स्थित श्रीहनुमान मंदिर तक पहुंची।

# रिजर्व पुलिस लाइन में अन्तर जनपदीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ

❐ कबड्डी कलस्टर महिला, पुरूष कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैंसिंग एवं खो-खो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूँ। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हृरदेश कठेरिया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में तृतीय अन्तर जनपदीय कबड्डी कलस्टर (महिला/पुरूष) कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैंसिंग एवं खो-खो प्रतियोगिता वर्ष-2026 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें बरेली जोन के 08 जनपदो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जनपद बिजनौर द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग नही किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभेषिक कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन रजनीश कुमार उपाध्याय, मुख्य अग्निशमन अधिकारी राम राजा यादव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना,प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस/कोतवाली व अन्य जनपदों से आये हुए सभी टीम के मैनेजर मौजूद रहे । प्रतियोगिता का संचालन श्री इन्द्रजीत सिंह प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन बदायूँ के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल के रूप में अमित रिछारिया जिला क्रीड़ा अधिकारी, दीपेश कुमार बेसिक शिक्षा पीटीआई, रामदास यादव एन0आई0एस0, रामअवतार बेसिक शिक्षा पीटीआई एवं ज्योति सक्सेना जिला व्यायाम शिक्षिका बदायूँ उपस्थित रहे। वहीं प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार रहे। खो-खो प्रतियोगिता (पुरूष) का प्रथम मैच जनपद बदायूँ एवं जनपद रामपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बदायूँ मुकाबला जीता। खो-खो प्रतियोगिता(पुरूष) का द्वितीय मैच जनपद अमरोहा एवं जनपद शाहजहॉपुर के मध्य खेला गया जिसमें जनपद अमरोहा यह मुकाबला जीता। खो-खो प्रतियोगिता(पुरूष) का तीसरा मैच जनपद पीलीभीत एवं जनपद मुरादाबाद के मध्य खेला गया जिसमें जनपद पीलीभीत यह मुकाबला जीता। खो-खो प्रतियोगिता(पुरूष) का चतुर्थ मैच जनपद सम्भल एवं जनपद बरेली के मध्य खेला गया जिसमें जनपद बरेली यह मुकाबला जीता।

# जब भेदभाव हार गया और ममता जीत गई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ कम वजन की जन्मी नन्ही सरस्वती को मिला नया जीवन

बदायूँ। स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कम वजन में जन्मी बच्ची सरस्वती की कहानी प्रेरणादायक है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विकास शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 अक्टूबर 2025 को ग्राम कुऑडंडा में जन्मी नन्ही सरस्वती का जीवन जन्म के साथ ही अनेक चुनौतियों से घिर गया।

जन्म के समय उसका वजन मात्र 2.1 किलोग्राम था, जो सामान्य से काफी कम था। इसके अतिरिक्त परिवार में लगातार चार बेटियों के बाद पुत्र की अपेक्षा होने के कारण उसके जन्म को उत्साहपूर्वक स्वीकार नहीं किया गया। परिवार की सामाजिक एवं मानसिक परिस्थितियों का प्रभाव बच्ची की देखभाल पर भी पड़ा। उसे जन्म के बाद पर्याप्त स्तनपान नहीं मिल पाया तथा बाजार का दूध दिया जाने लगा, जिससे उसका स्वास्थ्य लगातार कमजोर होता गया। उन्होंने बताया कि नियमित गृह भ्रमण के दौरान आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने पाया कि बच्ची का वजन अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ रहा है तथा उसका स्वास्थ्य तेजी से गर रहा है। स्थिति गंभीर होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तत्काल हस्तक्षेप किया गया। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा नियमित गृह भ्रमण किया गया। माता एवं परिवार की लगातार काउंसिलिंग की गई। स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कंगारू मदर केयर की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। नियमित टीकाकरण एवं पोषण संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्ची को अस्पताल रेफर किया गया। विशेष नवजात देखभाल इकाई में भर्ती कर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम की निरंतर निगरानी, चिकित्सकीय देखभाल एवं परिवार के सहयोग से सरस्वती के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। उसका वजन बढ़ने लगा था शारीरिक विकास सामान्य दिशा में आगे बढ़ा। आज सरस्वती एक स्वस्थ एवं सक्रिय बच्ची है और उसका परिवार भी उसके प्रति सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपना चुका है।

# डीएम के निर्देश पर चंदौसी के ग्राम देवापुर में स्थित तालाब की भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❐ जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए है

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा एक अभियान चलाते हुए जनपद में चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हटाने के समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं।

साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने तथा उन पर से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी के निर्देशन में तहसीलदार चंदौसी रविन्द्र विक्रम के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा तहसील चंदौसी के ग्राम देवापुर में स्थित तालाब गाटा संख्या 543झ रकबा 10.6 हेक्टेयर ( लगभग 160 बीघा) भूमि पर से पैमाईश कराते हुए अवैध कब्जा हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। वहीं बहजोई के जैमलपुर में चारागाह की भूमि गाटा संख्या 40 पर से नायब तहसीलदार सतेन्द्र चाहर तथा रजत द्वारा अवैध कब्जा को कब्जा मुक्त कराया गया ।

तहसील गुन्नौर के अन्तर्गत उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र के निर्देशन में अधिशासी अधिकारी बबराला एवं राजस्व निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा बबराला नगर पंचायत के अन्तर्गत गाटा संख्या 595 की लगभग 4 बीघा तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। वहीं तहसील गुन्नौर के अन्तर्गत ग्राम गनूपुरा में तालाब की भूमि गाटा संख्या 135 रकबा 0.054 हेक्टेयर भूमि को राजस्व एवं पुलिस की टीम द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। उप जिलाधिकारी चंदौसी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चकमार्गों, तालाबों एवं सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए तालाबों के चिन्हीकरण, संरक्षण एवं अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

# 12 वर्ष पूर्ण होने पर समेकित अभियान का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस ऐतिहासिक अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रर्मा की उपलब्धियों तथा जनसामान्य के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शिन करने हेतु एक समेकित अभियान संचालित किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए डीएम अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। कार्यक्रम अंतर्गत समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के मूल भाव के अनुरूप संचालित किए जाएगे। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तीकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों एवं सुशासन मांडल को समस्त कार्यक्रमों में समाहित किया जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून, 2026) इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में एक पेड़-माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत समस्त 825 विकास खण्डों तथा 762 नगर निकायों के साथ-साथ समस्त ग्राम पंचायतों में 5 करोड़ पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। विशेष जन-सम्पर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम (8 जून, 2026 से 14 जून, 2026)रू माननीय प्रभारी मंत्री जी / अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं नोडल प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तक शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं उपलब्धियाँ पहुँचाने हेतु जनपद के प्रबुद्ध वर्ग यथा चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, उद्यमियों, व्यवसायियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि से सम्पर्क एवं संवाद स्थापित किया जाएगा।

मीडिया सम्बोधन एवं संवाद (11 जून, 2026 से 14 जून, 2026)-12/ 13 जून, 2026 को प्रदेश स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मीडिया को सम्बोधित किया जाएगा तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की अद्यतन उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। तत्पश्चात समस्त जनपदों में प्रभारी मंत्रिगण, केन्द्र सरकार के मंत्री अथवा बोर्ड / आयोग के वरिष्ठ पदाधिकारीगण प्रेस वार्ताएँ आयोजित कर सरकार की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण करेंगे।

# गोंडा में टावर या टंकी पर चढ़ने पर ही मिल रहा न्याय, एक सप्ताह में हुईं तीन घटनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले की एक महिला न्याय न मिलने पर सोमवार को तीन साल के बेटे को साड़ी से बांध कर अस्सी फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गई।वह दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रही थी। डी एम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और छ ह घंटे की मशक्कत के बाद कहीं महिला को नीचे उतारा गया।महिला का आरोप है कि गांव के रहने वाले रामइकबाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और अब शादी से इन कार कर रहा है।महिला का कहना है कि वह अप ने पति को छोड़कर रामइकबाल के साथ रहना चा हती है।इस मामले में मार्च महीने में मुकदमा दर्ज किया गया था,लेकिन अब तक आरोपी की गिर फ्तारी नहीं हो सकी है,वहीं उसी दिन दूसरी घटना

कचहरी परिसर में अधिवक्ता संजय और



उसके भाई कचहरी खुलने से पहले पानी की टंकी पर च ढ़ गए। वह पिता के हत्यारोपियों को पकड़ने की मांग कर रहे थे।पुलिस ने अधिवक्ता संघ के लोगों की मदद से देर शाम अधिवक्ता और उनके

**क्या गोंडा में पुलिस व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गईं है...?**

**क्या थाने पर फरियादियों को न्याय नहीं मिल रहा है...?**

भाई को नीचे उतारने में कामयाब हुई।संजय के पिता की 25 अप्रैल को हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया,लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। परिजन का आरोप है कि कई बार अधिकारियों से गुहार लगा ने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।आखिरकार न्याय की मांग को लेकर दोनों भाई पानी की टंकी पर चढ़ गए। देर शाम पुलिस और अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के समझने के बाद तथा आरोपि यों की गिरफ्तारी का आश्वासन मिलने के बाद दो नों नीचे उतरे,वही तीसरी घटना मंगलवार को परस पुर के मझौरा में युवक मोबाइल,टावर पर चढ़ गया टावर पर चढ़े युवक की शिकायत थी कि उसके घ र में आग लगाने वालों के विरुद्ध पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है।वह न्याय पाने की आस में टा वर पर चढ़कर प्रशासन को सुनाने के लिए अपनी आवाज बुलंद की।बहुअन मदार माझा के बमबम पुरवा निवासी राहुल यादव का आरोप है कि 26 मई को उनके घर में गांव के ही दो लोगों ने आग लगा दी,जिसमें गृहस्थी के सामान के साथ ही घर में रखा करीब दस लाख रुपये के टेंट का सामान जलकर राख हो गया।उन्होंने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं की गई न ही कोई मुकदमा दर्ज किया गया। यही नहीं, सोमवार को वह शिकायत लेकर जिला मुख्यालय गए,लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी।इसके बाद जिला मुख्याल य से वापस घर लौटते समय गांव के करीब पंद्रह किलोमीटर पहले टावर देखा और न्याय पाने की आस में मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे चढ़ गए।सीओ अभिषेक दावाच्या ने करीब दो घंटे सम झाने के बाद करीब पांच बजे राहुल यादव को टाव र से नीचे उतारा उतरा गया था।लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।लोगों का कहना है कि जब उनकी शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तब वे अपनी आवाज उठाने के लिए जान जोखिम में डालने जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या गोंडा जिले में न्याय और सुनवाई के लिए टावर या पानी की टंकी पर चढ़ना ही आखिरी विकल्प बनता जा रहा है.? अब लोग कह रहे है कि अब सिर्फ कागजो पर निस्तार ण हो रहा है हकीकत तो यह है जनता इस सड़क पर भटक रही है और जिले के अधिकारी ऑफिस में बैठ कर एयर कंडीशनर की हवा खा रहे हैं।

## खून से लथपथ युवक पुलिस चौकी पर आधा घंटा तड़पता रहा, गाँव के प्रधान कुर्सी लगाए बैठे रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में रास्ते के विवा द में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक युवक का सिर फट गया।खून से लथपथ युवक खोरहसा पुलिस चौकी पहुंचा जहां पर करीब आधा घंटा त क तड़पता रहा। पुलिस ने तत्काल घायल युवक को गोंडा मेडिल कॉलेज भिजवाया।जहाँ डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए तत्काल लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।पूरा मामला मंगल वार शाम खोरहसा पुलिस चौकी के इमलिया मिश्र (जरवलिया) का है।घायल की पहचान मुकेश ति वारी पिता रविन्द्र तिवारी (32) निवासी इमलिया मिश्र (जरवलिया) के रूप में हुई है। घायल ने बता या कि उसके खेत से ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद मि श्रा जबरदस्ती रास्ता निकालना चाह रहे है इसी को लेकर वह विरोध कर रहा था।सोमवार देर शा म अचानक ग्राम प्रधान के करीबी लाठी-डंडे लेकर मारपीट करने लगे। घटना में मुकेश का सिर फट गया।खून से लथपथ वह भागकर नजदीकी पुलि स चौकी पर पहुंचा।वहां पहले से कुर्सी लगाए ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद मिश्रा बैठे थे। घायल ने बताया



कि वह करीब आधे घंटे तक खोरहसा पुलिस चौकी में खून से लथपथ तड़पता रहा।पुलिस ने तत्काल एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज गोंडा पहुंचाया डॉक्टरों ने तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद गंभी र हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।घायल मुकेश के भाई पंकज ने डीएम से शिकायत की थी।दरअसल, हाल ही में घायल मुकेश तिवारी के भाई पंकज ने ग्राम पंचाय के विकास कार्यों के लिए तीन करोड़ रुपए गबन करने का आरोप ग्राम प्रधान मिश्रा पर लगाया था। इसे लेकर डीएम गोंडा प्रियंका निरंजन ने जांच के आदेश दिए थे जो अभी जारी है।वही देहात कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया इस मामले में तह रीर मिली है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# यूट्यूबर पल्लवी शुक्ला पर मुकदमा दर्ज



### समाज में भेदभाव फैलाने का आरोप

उप निरीक्षक शेषनाथ पांडेय ने अपनी शिकायत में बताया कि पल्लवी शुक्ला के बयानों से विभिन्न जातियों के बीच आपसी वैमनस्यता, घृणा और द्वे ष भावना फैलाने का प्रयास किया गया है,जिस से सामाजिक उन्माद और दंगा भड़कने की आशंका है।इस पूरे मामले की जांच सीओ करनैलगंज अ भिषेक को सौंपी गई है।कौड़िया थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।सभी समाज के लोगों को आश्वासन दिया गया की कठोर कार्रवाई की जाएगी किसी की भावनाओं को हाथ नहीं होने दि या जाएगा।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में यूट्यूबर पल्लवी शुक्ला के खिलाफ दंगा भड़काने और सामाजिक सौहार्द बिगड़ना को लेकर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।उन पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद, मुस्लि म समाज, यादव समाज और अनुसूचित जाति के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने और गाली-गलौज करने का आरोप है।यह मामला कौड़िया थाना क्षेत्र के बौनापुर गांव की रहने वाली पल्लवी शुक्ला से जुड़ा है।कौड़िया थाने में तैनात उप निरी क्षक शेषनाथ पांडेय ने पल्लवी शुक्ला के खिलाफ छह गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद उनकी तलाश तेज कर दी है।आरोप है कि पल्लवी शुक्ला ने एक यूट्यूबर को दिए इंटरव्यू में चंद्रशेखर आजाद को जूते-चप्पलों से मारने की धमकी दी थी और अभद्र भाषा का प्रयोग किया था।सोशल मीडिया पर वी डियो में पल्लवी शुक्ला पर मां-बहन की भद्दी गा लियां देने और अनुसूचित जाति व यादव समाज के लिए आपत्तिजनक जाति सूचक शब्दों का इ स्तेमाल करने का भी आरोप है।एक वीडियो सोश ल मीडिया पर वायरल होने पर समाज,अनुसूचित जाति समाज और यादव समाज के लोगों द्वारा ल गातार कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

### सिद्धार्थनगर में निर्माणाधीन सरकारी गेट गिरने से एक की मौत, तीन घायल

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के जनपद सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम मधवापुर के पास मत्स्य मंडी के गेट का निर्माण की ढलाई कराते समय बुधवार को गेट भरभराकर गिर गया। गेट के मलवे में एक मजदूर की दब कर मौत हो गयी जबकि तीन अन्य मजदूर घायल हो गये हैं। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच के लिए जिलाधिकारी जिलाधिकारी शिवशनरप्पा जी एन ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करके शीघ्र रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। ग्राम मधवापुर के पास मत्स्य मंडी गेट का इस समय निर्माण कराया जा है । बुधवार को इसके छत की ढलाई करते समय अचानक इसकी शटरिंग टूटने से यह भरभराकर गिर गया। जिससे काम कर रहे ग्राम मड़नी निवासी 25 वर्षीय मुस्ताक पुत्र किताबुल की मलवे के नीचे दबने से मौत हो गई जबकि कई अन्य मजदूर चोट लगने से घायल हो गए हैं।

# फॉर्मासिस्ट नहीं अनट्रेंड लोग दे रहे मेडिकल स्टोर्स से दवाएं

## शहर से लेकर जिले भर में एक फॉर्मासिस्ट के नाम पर कई दुकानें संचालित

**मेडिकल स्टोर्स किसी ओर के नाम से और संचालन कर रहा कोई ओर**

**कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार विभाग कर रहा सिर्फ खानापूर्ति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। शहर से लेकर जिले भर में मरीजों की जान से खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। मेडिकल स्टोर्स पर अनट्रेंड लोग दवा दे रहे हैं।प्रशासन जहां गहरी नींद में सो रहा है तो जिम्मेदार विभाग हाथों पर हाथ रख सब देख रहा है। ड्रग विभाग की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। जिसका नतीजा है कि जिले भर में एक फॉर्मासि स्ट के नाम पर कई दवा की दुकानें धड़ल्ले से संचा लित हो रही हैं। एक समय था जब, फार्मासिस्ट के नाम पर ही मेडिकल स्टोरों का संचालन होता था, लेकिन समय के साथ अब राशन की दुकानों की तरह हर गली मोहल्ले में मेडिकल स्टोर खुले मिल जाएंगे। इनमें बड़ी संख्या में मेडिकल स्टोर बिना वैध लाइसेंस और बिना किसी



पंजीकृत फार्मासि स्ट के संचालित हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इन मेडिकल स्टोर पर दवा देने वाले लोग इस के लिए पात्रता तक नहीं रखते और वह मरीजों को ऐसी दवाएं भी देते हैं जिनका देने का अधिका र केवल फार्मासिस्ट को ही होता है।सूत्र बता रहे है

कि शहर से लेकर जिले भर में एक ही फार्मासिस्ट के लाइसेंस पर कई मेडिकल स्टोर्स चलाने की ख बरें सामने आ रही हैं। इसके अलावा कई मेडिकल स्टोर्स ऐसे भी हैं जो किसी ओर के नाम से रजिस्ट र्ड हैं और उसका संचालन कोई और कर रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी औषधि नियंत्रक विभाग इन मेडिकल स्टोर्स पर कोई कार्रवाई करने में नका म साबित हो रहे है। वही जबकि नियमानुसार हर विभाग के जिम्मेदारों को बीस दुकानों की जांच पड़ताल करना होता है। जिला महिला अस्पताल जिला अस्पताल,जेलरोड, करनैलगंज, परसपुर में अंट्रेंड लोग ही मेडिकल स्टोर पर बैठकर दवाइयां बेचते हैं, वही अधिक शिकायत होने के बाद ड्रग इंस्पेक्टर कागजी कोरम पूरा करने के लिए कभी-कभी कार्रवाई के नाम पर जरूर खानापूर्ति कर लेते है वही ज़ ब ड्रग इंस्पेक्टर सुमित वर्मा से बात की जाती है तो उनका सिर्फ एक ही रटा-रटाया जबाब आता है कि हम बलरामपुर में है।

# एलआईसी एजेंटों में प्रथम स्थान पर रहे गोंडा के अभिकर्ता पवन जायसवाल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पूरे देश में एक साथ एक जून को एलआईसी की ओर से लॉन्च की गई न्यू प्लान न्यू जीवनसाथी पर एक कंपटीशन निकाला गया था, जिसमें एल आ ईसी के वरिष्ठ अभिकर्ता ने पांच पॉलिसी एक जून को करके पूरे अयोध्या मंडल में लगभग 230 00 अभिकर्ताओं में प्रथम रहे। इकलौता पवन जा यसवाल को क्षेत्रीय प्रबंधक कानपुर के हाथों मेमों टो के साथ सम्मानित किया गया,बाकी अभिकर्ता ओं को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान वरिष्ठ मंडल प्रबंधक अयोध्या,मार्केटिंग मैनेजर अयोध्या मंडल, मैनेजर सेल्स अयोध्या मंडल के अलावा काफी संख्या में शाखा प्रबंधक, विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।पवन जायसवाल ने बताया कि इस गौरव शा लीक्षण का श्रेय हमारे भारतीय जीवन बीमा निगम गोंडा के मुख्य प्रबंधक पी सी पाण्डेय,एबीएम से ल्स अजय कुमार त्रिपाठी व एस पी सिंह,विकास अधिकारी एच एन पांडे जी को जाता है क्योंकि उन्ही की प्रेरणा से मुझे यह कामयाबी मिली है। मेरे जीवन का यह ऐतिहासिक पल रहा है।

# विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी लोहिया वाहिनी ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। समाजवादी लोहिया वाहिनी जनपद बहराइच द्वारा विद्युत कटौती, डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस एवं बिजली के बढ़े दाम, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं तथा किसानों को खाद उपलब्ध कराने जैसी समस्याओं को लेकर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच कुछ समय के लिए बहस की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसे अधिकारियों के हस्तक्षेप से शांत करा लिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नन्देश्वर नन्द यादव ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, विद्युत आपूर्ति की समस्याओं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में




पेपर लीक की घटनाओं से आम जनता, छात्र एवं किसान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने इन समस्याओं के समाधान की मांग की। कार्यक्रम में मोबिन खान, सुनील यादव, जिला सचिव विकास चौधरी, रिंकू सिंह उर्फ रविन्द्र, धनीराम यादव, विद्याराम यादव, इरशाद अली, आंजन्य बाजपेयी, अन्नू गुप्ता, दिनेश लोधी, सत्यप्रकाश लोधी, गौरव यादव, इरफान अहमद, शैलेन्द्र यादव, पंकज दीक्षित, मो. फैसल, यशपाल यादव एडवोकेट, कृष्ण कुमार, फरीद अहमद, बरशती गौतम, श्याम जी पाल, लौकुश यादव, गुरदीन यादव, मुन्ना वर्मा, आजम, अंकित गौतम, पंकज निषाद, कुलदीप यादव, शाहरुख खान, अशरफ अली, दीपक दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिल्ली फ़ेयर ऑटम में सहभागिता के लिए आवेदन करने की तिथि 15 जून तक बढ़ी

मुरादाबाद। एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) की ओर से 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित 62 वें आईएचजीएफ दिल्ली फ़ेयर ऑटम 2026 में सहभागिता के लिए आवेदन करने की तिथि अब 15 जून कर दी गई है। मुरादाबाद एक्सपोर्टर्स हैंडीक्राफ्ट्स एसोसिएशन (एमएचईए) के अध्यक्ष नवेद उर रहमान ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### 35 लाख रुपये कीमत का 70 किग्रा गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एएनटीएफ थाना झांसी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 35 लाख रुपये कीमत का 70 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजे की खेप ले जा रहे दो तस्करों को कार सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी सिटी प्रीति सिंह ने बुधवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान एएनटीएफ टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने बबीना थाना क्षेत्र स्थित विधान ट्रेडिंग कंपनी के पास घेराबंदी कर कार संख्या यूपी 80 जीएच 0577 को रोक लिया।

तलाशी के दौरान कार में अलग-अलग बोरियों में रखा हुआ 70 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में अपने नाम शिवकुमार निवासी सासनी, हाथरस तथा वेताली पुत्र रामबाबू निवासी मालपुरा, आगरा बताए। दोनों ने स्वीकार किया कि वे उड़ीसा से गांजा खरीदकर आगरा, हाथरस, मथुरा समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सप्लाई करते थे। पुलिस ने बरामद गांजा, तस्करी में प्रयुक्त कार को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

### गुमशुदा बच्चे की तलाश के सम्बन्ध में

बहराइच । थाना जी.आर.पी. बहराइच के थानाध्यक्ष नितेंश सिंह द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 28 मई 2026 को रेलवे स्टेशन बहराइच से एक 07 माह का बच्चा जिसका नाम सलमान है अपनी मॉ कुसुम उर्फ सुल्ताना परवीन के साथ था जो भोर में गायब हो गया है। बच्चे का रंग गोरा, लम्बा चेहरा, आँख, नाक, कान व कद औसत, लम्बाई लगभग 3 फीट है। बालक सलमान सफ़ेद गोल गला टी-शर्ट पहने हुए है। श्री सिंह ने बताया कि उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना जी.आर.पी. बहराइच में मु.अ.सं. 005/26 धारा 137 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्चे के सम्बन्ध में कोई जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी रेलवे गोरखपुर मो.न. 9454401693, थानाध्यक्ष, थाना जी.आर.पी. बहराइच मो.न. 9454404438 तथा उप निरीक्षक के मो.न. 7897509752 पर सूचित किया जा सकता है।

# प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ा प्रेमी, पुलिस ने उतारा

एजेंसी

जौनपुर। जौनपुर जिले में बक्शा थाना क्षेत्र के बेलापार गांव में बुधवार शाम को एक प्रेमी अपनी प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। प्रेमी के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत और समझाने के बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा।

बक्शा थाना क्षेत्र के लखनीपुर गांव निवासी सूरज गौतम यादव (17) शाम करीब पांच बजे बेलापार स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक का आरोप था कि वह जिस युवती से प्रेम करता है, उससे उसकी शादी नहीं होने दी जा रही है और कुछ लोगों के दबाव के कारण उसके रिश्ते में बाधा डाली जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह, बक्शा थानाध्यक्ष



विक्रम लक्ष्मण सिंह, तेजी बाजार थानाध्यक्ष समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुला लिया गया।मौके पर मौजूद अधिकारियों ने युवक से लगातार बातचीत कर उसे समझाने का प्रयास किया। युवक की मां और परिजनों ने भी उसे नीचे उतरने के लिए काफी देर तक मनाया। हालांकि युवक अपनी मांग पर अड़ा रहा और टावर से नीचे उतरने को तैयार नहीं था।

करीब दो घंटे तक चले प्रयासों के बाद पुलिस अधिकारियों ने युवक को समझा-बुझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया। अधिकारियों ने उसे भरोसा दिलाया कि उसकी बात को गंभीरता से सुना जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद युवक टावर से नीचे उतर आया।

युवक के सुरक्षित नीचे आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। एहतियातन युवक को अपने साथ थाने ले जाया गया, जहां उससे और उसके परिजनों से पूछताछ की गई। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

### पारिवारिक विवाद के बाद महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, अस्पताल ले जाते समय मौत

मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के सेमरा बरहों गांव में पारिवारिक विवाद से आहत एक महिला ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। हालांकि अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में महिला की मौत हो गई।

सेमरा बरहों गांव निवासी सरिता (42) का मंगलवार रात घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद उन्होंने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए महिला को ट्रामा सेंटर मीरजापुर रेफर कर दिया। एंबुलेंस से मीरजापुर ले जाते समय रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं।

# डाक व्यवस्था भगवान भरोसे सर्वर बैठा तो व्यवस्था भी बैठ गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के प्रधान डाकघर समेत बस स्टैंड, सिविल लाइन, करौंदिया व अन्य उपडाकघरों में बुधवार सुबह से नेट और सर्वर फ़ेल होने के कारण करोड़ों रुपये का लेन-देन पूरी तरह ठप्प रहा। घंटों इंतजार के बाद लोग मायूस होकर लौटते नजर आए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले पर मौन साधे रहे। आलम यह रहा कि पासबुक अपडेट, पैसा जमा-निकासी, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री समेत तमाम सेवाएं बंद पड़ी रहीं। डिजिटल इंडिया के दावों के बीच डाकघरों की व्यवस्था खुद नेटवर्क तलाशती दिखाई दी। विडंबना यह है कि जिन उपडाकघरों को आम जनता की सुविधा का केंद्र माना जाता है, वहां वर्षों से मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। न पीने के पानी की व्यवस्था, न बैठने की सुविधा। बिजली चली जाए तो पूरा सिस्टम ऐसे ठप्प हो जाता है मानो इमारत नहीं, किसी पुराने जमाने का बंद पड़ा गोदाम हो। न जनरेटर, न इन्वर्टर, यहां तक कि मोमबत्ती और लालटेन तक की व्यवस्था नहीं। किवंदंतियों में जरूर कहा जाता है कि भारत की डाक व्यवस्था एशिया का सबसे बड़ा जनसंपर्क नेटवर्क है, लेकिन जमीनी हकीकत देखकर लोग यही कहते नजर आए कि यह व्यवस्था अब इतिहास की किताबों में ही बेहतर लगती है। जनता का सवाल सीधा है कि जब बैंकिंग, बीमा और सरकारी योजनाओं का इतना बड़ा भार डाक विभाग उठा रहा है, तो आखिर सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्था के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही क्यों? फिलहाल सर्वर डाउन है, व्यवस्था डाउन है और जनता का भरोसा भी धीरे-धीरे डाउन होता जा रहा है।

# गिरीश चंद्र यादव बने जिले के प्रभारी मंत्री

## प्रभारी मंत्री नहीं, पार्टी विस्तार मंत्री बन गए थे राजभर!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार ने आखिरकार सुल्तानपुर में बड़ा राजनीतिक फ़ेरबदल कर ही दिया। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव को जिले का नया प्रभारी मंत्री बना दिया गया, जबकि अब तक यह जिम्मेदारी संभाल रहे ओम प्रकाश राजभर को अंबेडकर नगर भेज दिया गया है। सत्ता के गलियारों में इसे सामान्य प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि भाजपा की डैमेज कंट्रोल रणनीति माना जा रहा है। चर्चा यह है कि प्रभारी मंत्री की कुर्सी पर बैठकर ओम प्रकाश राजभर सरकार की नीतियों को धरातल पर उतारने से ज्यादा अपनी पार्टी सुभासपा को मजबूत करने में जुटे थे। सुल्तानपुर में विकास योजनाओं और संगठनात्मक समन्वय से ज्यादा राजनीतिक जोड़तोड़ की चर्चा रही। हाल ही में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह के पति व बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह को भाजपा से तोड़कर सुभासपा में शामिल कराना इसी रणनीति का हिस्सा माना गया। राजनीतिक जानकार तंज कस रहे हैं कि प्रभारी मंत्री की जगह राजभर भर्ती मंत्री की भूमिका में नजर आ रहे थे कृ जहां सरकारी बैठकों से ज्यादा फोकस अपनी पार्टी के लिए जमीन तैयार करने पर दिखा। खासतौर पर इसौली विधानसभा सीट पर सुभासपा की सक्रियता ने भाजपा संगठन की चिंता बढ़ा दी थी। 2022 में भाजपा इसौली सीट महज 300 वोटों से हारी थी। ऐसे में भाजपा को डर था कि अगर सहयोगी दल ही उसी सीट पर अपनी दावेदारी मजबूत करने लगे तो आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान तय हो सकता है। यही वजह रही कि संगठन से जुड़े नेताओं और विधायकों ने पार्टी नेतृत्व तक यह संदेश पहुंचाया कि सुल्तानपुर में सरकार कम, सुभासपा ज्यादाङ्क दिखाई दे रही है। अब भाजपा ने गिरीश चंद्र यादव को भेजकर साफ संकेत दिया है कि पार्टी सुल्तानपुर में अपना सामाजिक समीकरण मजबूत करने के साथ-साथ संगठन को फिर से अपने नियंत्रण में रखना चाहती है। माना जा रहा है कि यादव मतदाताओं में पैठ बनाने और हालिया घटनाओं से हुए संभावित राजनीतिक नुकसान की भरपाई के लिए यह कदम उठाया गया है। फिलहाल जिले में चर्चा यही है कि भाजपा ने समय रहते सियासी ओवर एक्टिविटी पर ब्रेक लगा दिया, वरना प्रभारी मंत्री की कुर्सी कहीं सहयोगी दल के विस्तार अभियान का मंच न बन जाती।

# 21 करोड़ की बाढ़ सुरक्षा योजना में बड़ा घोटाला? चंदिया हजारा के पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री से लगाई उच्च स्तरीय जांच की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ रोकथाम कार्यों को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं तहसील पूरनपुर के ग्राम चंदिया हजारा और आसपास के ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार को शिकायती पत्र भेजकर वर्ष 2023-24 और 2024-25 में बाढ़ सुरक्षा के नाम पर खर्च किए गए लगभग 21 करोड़ रुपये में भारी धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। पूर्व प्रधान कुमद रजन राय ने मुख्यमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शासन द्वारा ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ की रोकथाम के लिए बाढ़ खंड विभाग को करोड़ों रुपये का बजट जारी किया गया था इस बजट से चंदिया हजारा, राहुल नगर सहित कई गांवों को शारदा नदी के कटान और बाढ़ से बचाने के लिए चैनलाइजर मशीन से नदी की धारा मोड़ने, तटबंध मजबूत करने, परकोपाइन और जियो बैग लगाने जैसे कार्य होने थे लेकिन धरातल पर अधिकांश काम केवल कागजों में ही सीमित रह गए शिकायत में कहा गया है कि चैनलाइजर मशीन को केवल दिखावे के लिए मौके पर खड़ा रखा गया, जबकि उससे कोई वास्तविक कार्य नहीं कराया गया वहीं परकोपाइन निर्माण और जियो बैग लगाने में भी बड़े पैमाने पर अनियमितताएं बरती गईं ग्रामीणों का आरोप है कि मानकों के विपरीत सामग्री का प्रयोग किया गया तथा कई परकोपाइन बाहरी लोगों को बेच दिए गए इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में जियो बैग आज भी चंदिया हजारा पंचायत घर में पड़े हुए हैं, जिनमें मिट्टी भरकर नदी किनारे लगाने का कार्य तक नहीं किया गया ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे मामले की शिकायत पहले भी कई बार की गई, लेकिन जांच उन्हीं अधिकारियों और कर्मचारियों को सौंप दी गई जो कार्यों के निष्पादन से जुड़े हुए थे ऐसे में निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी और भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद शारदा नदी का कटान लगातार जारी है। उचित सुरक्षा कार्य न होने के कारण लगभग 200 एकड़ भूमि नदी में समा चुकी है और हर वर्ष गांवों पर बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों को आशंका है कि यदि बारिश शुरू होने से पहले ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो इस वर्ष चंदिया हजारा और राहुल नगर जैसे गांव गंभीर बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र एजेंसी या उच्च स्तरीय समिति से जांच कराई जाए, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और गबन की गई सरकारी धनराशि की रिकवरी कराई जाए साथ ही बरसात से पहले नदी कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कार्य शुरू कराए जाएं ताकि हजारों ग्रामीणों की जमीन और घरों को बचाया जा सके।

# गोमती पुनरुद्धार अभियान का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिमरा घाट से उठी माँ गोमती को पुनर्जीवित करने की मुहिम, डीएम ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर दिया जोर**

पूरनपुर।माँ गोमती के पुनरुद्धार और स्वच्छता को लेकर बुधवार को विकास खण्ड पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर एवं अजीतपुर बिल्हा सिमरा घाट से व्यापक जनअभियान की शुरुआत की गई कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान तथा जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने फावड़ा चलाकर श्रमदान भी किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है गोमती नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना नदी पुनर्जीवन का लक्ष्य अधूरा रहेगा, इसलिए ग्रामीणों को इस अभियान से जुड़कर इसे जनआंदोलन बनाना होगा उन्होंने बताया कि आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोमती नदी के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ नदी तटों को भी हरित स्वरूप मिल सके जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने कहा कि जनपद में करीब 47 किलोमीटर के दायरे में बहने वाली गोमती नदी के पुनरुद्धार के लिए 16 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है नदी को पुनर्जीवित करना प्रकृति के संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए बेहद आवश्यक है उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए जिलाधिकारी ने इस अवसर पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी उन्होंने लोगों से अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जनसेवा केंद्र पर पहुंचकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, ग्राम प्रधान, विभिन्न विभागों के अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे है।

# भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं और राहगीरों को मिला राहत का सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। श्री हनुमान बालाजी सेवा फाउंडेशन सुल्तानपुर अयोध्या द्वारा आज दिनांक 02 जून 2026 दिन मंगलवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक पौराणिक स्थल बाबा भोलेनाथ गौरीशंकर धाम, शाहपुर जंगल, निकट चांदा, जनपद सुल्तानपुर में भीषण गर्मी से राहत हेतु श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए प्रसाद, शरबत एवं शीतल पानी वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं एवं सेवादाताओं ने बड़ी कुशलता एवं सेवा भावना के साथ उपस्थित लोगों को प्रसाद एवं शरबत वितरित किया। साथ ही संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य भी किया गया।

इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रबंधन समिति बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था भंडारा, पानी, प्रसाद एवं शरबत वितरण विभाग के निदेशक राम प्यारे मिश्रा, स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख निदेशक परमात्मा दीन गुप्ता तथा पर्यावरण विभाग प्रमुख दिनेश कुमार विश्वकर्मा की अगुवाई में सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में संस्था के अन्य पदाधिकारी, निदेशकगण, कार्यकर्तागण एवं सेवादातागण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अमित कुमार अग्रहरि, शशिकला यादव, श्यामकली, श्रीराम त्रिपाठी, सभाजीत यादव (टेंट), पंकज उपाध्याय, मुकेश उपाध्याय, अमन कुमार त्रिपाठी, मनीराम निषाद, प्रवेंद्र कुमार, शिवनायक उपाध्याय, रामचन्द्र मौर्य, अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार उपाध्याय, अमरनाथ रजक, रामसहाय दुबे, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अजीत अग्रहरि, संदीप सोनी, सूर्यदेव उपाध्याय अधिवक्ता, अंकुल, धीरेन्द्र कुमार शर्मा (लीगल एडवाइजर संस्था), गोविन्द बरनवाल, डॉक्टर के. पी. दीक्षित, राम आधार गौतम, हार्दिक, अंशुल, कान्हा, आयुष, हर्षित, रामनारायण चौबे, अनुपम त्रिपाठी एवं आदित्य उपाध्याय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# रसमलाई में निकला कॉकरोच तहसील कर्मचारियों में मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर की नामी मिठाई दुकान पर उठे सवाल, शिकायत के बाद मामला दबाने की चर्चा**

पूरनपुर।नगर की एक प्रतिष्ठित मिठाई की दुकान उस समय चर्चा का विषय बन गई, जब तहसील परिसर में मंगाई गई रसमलाई में कथित तौर पर कॉकरोच निकल आने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया बताया जा रहा है कि तहसील के एक कर्मचारी द्वारा नगर की मशहूर मिठाई दुकान से कई लोगों के लिए रसमलाई मंगाई गई थी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कर्मचारी और अन्य लोग जब रसमलाई खा रहे थे, तभी एक प्लेट में कॉकरोच दिखाई दिया आरोप है कि कुछ कर्मचारी अनजाने में रसमलाई का सेवन भी कर चुके थे, जिससे उन्हें घोर नाराजगी और घिन महसूस हुई मामले की जानकारी मिलते ही तहसील परिसर में काफी देर तक इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर चलता रहा सूत्रों की मानें तो कर्मचारियों ने इस संबंध में दुकान संचालक से शिकायत भी दर्ज कराई शुरुआत में मिठाई की गुणवत्ता और साफ-सफाई को लेकर तीखी नाराजगी जताई गई कर्मचारियों का कहना था कि खाद्य पदार्थों में इस तरह की लापरवाही लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है हालांकि बाद में मामला शांत हो गया और किसी प्रकार की औपचारिक कार्रवाई सामने नहीं आई चर्चा यह भी रही कि दुकान की प्रतिष्ठा और आपसी समझौते के चलते मामले को रफा-दफा कर दिया गया फिलहाल किसी विभागीय जांच या खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी है नगर में यह घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो।

# सेवानिवृत्त वनरक्षक पर मुकदमा दर्ज वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जनपद में वन विभाग और पुलिस महकमे में उस समय हलचल मच गई जब सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो के आधार पर सेवानिवृत्त वनरक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के विरुद्ध बल्दीराय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली, वन संरक्षण और अवैध कटान के खिलाफ चल रही कार्रवाई एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। उपक्षेत्रीय वन अधिकारी बृजेश कुमार यादव द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अवैध महुआ कटान तथा अवैध आरा मशीनों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई से नाराज होकर वायरल ऑडियो में उनके प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। साथ ही जूतों से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। अधिकारी ने अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देश पर बल्दीराय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वायरल ऑडियो की सत्यता, उसमें प्रयुक्त आवाज और उससे जुड़े सभी तथ्यों की गहन जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में यह मामला इसलिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद भी नरेंद्र प्रताप सिंह की सक्रियता को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं होती रही हैं।सूचना तो यहां तक है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी इसौली बीट के महिला बनरक्षक के साथ क्षेत्र में तथा बल्दीराय, धनपतगंज आदि क्षेत्रों में सांठगांठ करके आरामशीनों, लकड़ी के अवैध ठेकव्दारों और अवैध कटानों में संलिप्त रहता है। जिसके वजह से क्षेत्र में वन विभाग की छीछालेदर हो रही है। जिससे जिला के आला अधिकारी की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। तो वहीं शासन की मंशा को वन संपदा एवम प्रर्यावरणीय सुरक्षा के उत्तरदायित्वों को बड़ी

# वन विभाग में तबादला नीति पर भारी स्थायी तैनाती, वर्षों से जमे कर्मचारियों पर उठे सवाल, डीएफओ की भूमिका भी कटघरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। वन विभाग में तबादला नीति और शासनादेशों की अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। विभाग के कई कर्मचारी और अधिकारी वर्षों से एक ही क्षेत्र अथवा अपने गृह क्षेत्र में तैनात हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे कर्मचारियों के कारण पारदर्शिता प्रभावित हो रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदेश सरकार समय-समय पर तबादला नीति जारी कर अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्धारित अवधि के बाद स्थानांतरित करने के निर्देश देती है। नीति का उद्देश्य स्थानीय प्रभाव, पक्षपात और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करना होता है। इसके बावजूद वन विभाग में कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो वर्षों से एक ही क्षेत्र में कार्यरत बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिप्टी रेंजर रमेश बहादुर सिंह डिप्टीरेंजर लगभग 15 वर्षों से विभिन्न कार्यालयी एवं क्षेत्रीय कार्यों में प्रभावी भूमिका में बने हुए हैं। चंद्रप्रकाश डिप्टीरेंजर लगभग 12 वर्षों से जयसिंहपुर क्षेत्र में कार्यरत बताए जाते हैं। बन दरोगा राकेश चौहान करीब 15 वर्षों से कादीपुर क्षेत्र में तैनात हैं, जबकि उनका गृह क्षेत्र भी वहीं बताया जाता है। इसी प्रकार बनरक्षक रेखा सिंह का कार्यक्षेत्र इसौली बीट है और उनका गृहक्षेत्र भी बल्दीराय तहसील का महुली गांव है। शोभनाथ बन दरोगा लगभग 25 वर्षों से मुख्यालय में जमे होने की चर्चा है। फरीद अहमद बन दरोगा कार्यक्षेत्र जयसिंहपुर सेक्सन और गृह क्षेत्र भी जयसिंहपुर तथा मो0 रमजान माली बीट अहिमाने और घर भी अहिमाने के संबंध में भी लंबे समय से अपने गृह अथवा निकटवर्ती क्षेत्रों में तैनाती है। क्या विभागीय मुखिया अनजान हैं या मौन सहमति? सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि इन कर्मचारियों की दीर्घकालिक तैनाती की जानकारी विभागीय अधिकारियों को है तो अब तक स्थानांतरण की कार्रवाई क्यों नहीं हुई ?। क्या शासन की तबादला नीति केवल कागजों तक सीमित है? । यदि नियमों का पालन नहीं हो रहा है तो इसकी जवाबदेही तय होना भी आवश्यक है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बन विभाग में वर्षों से जमे कर्मचारियों की तैनाती, कार्यकाल और स्थानांतरण संबंधी अभिलेखों की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। यदि किसी कर्मचारी की तैनाती शासन की नीति के विपरीत पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही लंबे समय से एक ही क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण कर विभाग में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस बारे में डीएफओ सुल्तानपुर ने बताया कि स्टाफ की कमी भी है। समय समय पर नियमानुसार विभागीय तबादला होता रहता है। और क्षेत्र में किसी कर्मचारी की शिकायत मिलती है तो जांच करवाकर ,त्वरित उचित कार्यवाई होती है।

## हज़रत सैयद तस्लीम मियाँ मर्द बाबा का 49 वाँ उर्स शान-ओ-शौकत के साथ सम्पन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हज़रत सैयद तस्लीम मियाँ मर्द बाबा का 49 वाँ तीन रोज़ा उर्स मुबारक पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स के अवसर पर क्षेत्र सहित दूर-दराज़ के जनपदों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ़ पर हाज़िरी देकर बाबा के दरबार में अपनी श्रद्धा अर्पित की और दुआओं का सिलसिला जारी रहा।उर्स के दौरान आयोजित महफ़िल-ए-कव्वाली में नामचीन कव्वालों ने सूफ़ियाना कलाम और नात-मनक़बत पेश कर ऐसा रूहानी माहौल पैदा किया कि देर रात तक अकीदतमंद महफ़िल में डटे रहे। कव्वालों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरी फ़िज़ा इश्क़-ए-रसूल व औलिया की मोहब्बत से सराबोर हो गई।उर्स कमेटी के सदर इमरान ख़ान ने अपनी पूरी टीम के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और जायरीन की सुविधा के लिए किए गए इंतज़ामों का लगातार जायज़ा लिया। कमेटी के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने आने वाले मेहमानों की सेवा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।उर्स में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर में शिरकत कर तबर्रुक हासिल किया। दरगाह परिसर में दिनभर अकीदतमंदों का आना-जाना लगा रहा और लोगों ने बाबा की बारगाह में अपनी-अपनी मुरादों के लिए दुआएँ मांगीं।उर्स के समापन अवसर पर सज्जादानशीन एवं उलेमा-ए-किराम की मौजूदगी में मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारे और खुशहाली के लिए ख़ुसूसी दुआ कराई गई। साथ ही कौम की बेहतरी, नौजवानों के उज्ज्वल भविष्य तथा पूरी इंसानियत की सलामती और खुशहाली की दुआ भी की गई।इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं हजारों की संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। उर्स का आयोजन आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत के पैग़ाम को आगे बढ़ाने का माध्यम बना। इस दौरान शाहिद खा,नूर हसन मंसूरी,साजिद बरकाती सहित अन्य लोग की शिरकत रही हैं।

## विश्व साइकिल दिवस पर युवाओं का जोश, पीलीभीत में निकली भव्य साइकिल रैली

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत, पीलीभीत द्वारा बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से छतरी चौराहा तक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया रैली में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे करीब 150 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया रैली को मेरा युवा भारत, पीलीभीत के जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली के दौरान युवाओं ने फिट इंडिया स्वस्थ युवा-समृद्ध भारत और साइकिल अपनाओ,पर्यावरण बचाओ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने कहा कि साइकिल का नियमित उपयोग न केवल वायु प्रदूषण को कम करता है, बल्कि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है उन्होंने युवाओं से अपने दैनिक जीवन में साइकिल को अपनाने की अपील की कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मेरा युवा भारत की टी-शर्ट और कैप वितरित की गईं, जिससे युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार भी वितरित किया गया रैली के सफल आयोजन में ब्रज लाल युवा मंडल अध्यक्ष, राहुल कुमार, युवा मंडल अध्यक्ष बरखेड़ा, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीकांत शर्मा, नगर पालिका वार्ड सदस्य श्रीमती प्रभा मौर्य, शिक्षक तीर्थदेव शर्मा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डालचंद, अभय भारती, सोनू, राजीव कुमार युवा मंडल अध्यक्ष न्यूरिया खुर्द और लेखाकार आकाश कुमार का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम का समापन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में हुआ,जहां युवाओं ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नियमित रूप से साइकिल चलाने का संकल्प लिया है।

## व्यापारियों से सीधा संवाद,जीएसटी की जटिलताओं का मौके पर समाधान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और जीएसटी व्यवस्था को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग द्वारा नवीन मंडी स्थल सभागार में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में व्यापारियों और कर अधिकारियों के बीच खुला संवाद हुआ, जिसमें जीएसटी से जुड़ी जटिलताओं पर विस्तार से चर्चा कर समाधान बताए गए सहायक आयुक्त राज्य कर राजेन्द्र प्रसाद चौहान ने बताया कि 01 जुलाई 2017 से पूरे देश में वन टैक्स, वन नेशन के तहत जीएसटी प्रणाली लागू की गई थी समय-समय पर व्यापारियों के हित में इसमें कई संशोधन और सुधार किए गए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री की मंशा है कि व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बना रहे, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके कार्यक्रम में जीएसटी पोर्टल, ई-इनवॉइस, रिटर्न फाइलिंग, इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी 2.0 रिफॉर्म, पंजीकरण प्रक्रिया और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई व्यापारियों ने व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना, रिटर्न फाइलिंग की प्रक्रिया,ई-वे बिल में बदलाव, कंपोजिशन स्कीम, माल परिवहन के दौरान सचल दल की चेकिंग तथा टैक्स इनवॉइस में प्लेस ऑफ सप्लाई से जुड़ी समस्याओं पर सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक जवाब दिया कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर संजीव कुमार ओमर, रिकेश सिंह, सहायक आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद चौहान तथा राज्य कर अधिकारी सुरेश कुमार सिंह मौजूद रहे वहीं व्यापारिक संगठनों की ओर से अभिषेक अग्रवाल, स्वतंत्र देवल, अर्जुन सिंह टहलानी, निशात अग्रवाल, विकास पाल, मुरली मनोहर अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, विनोद कुमार वैश्य सहित कई व्यापारी और अधिवक्ता उपस्थित रहे

## सपा नेता नफीस अंसारी के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के सपा नेता नफीस अंसारी के सपा कार्यालय परिसर में कथित रूप से बकरों के सार्वजनिक वध और पशु क्रूरता के आरोपों को लेकर माहौल गरमा गया है थाना कोतवाली पीलीभीत में दर्ज कराई गई एफआईआर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी सिविल लाइन द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर में कहा है कि केजीएन-1 कॉलोनी स्थित परिसर है।जिसे सार्वजनिक सपा कार्यालय के रूप में संचालित किया जा रहा था, वहां ईद-उल-जुहा के दौरान 28 मई से 30 मई 2026 के बीच बकरों को रस्सियों से बांधकर पीटा गया तथा कथित रूप से बिना अनुमति सार्वजनिक रूप से उनका वध किया गया था।पशुओं के साथ क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया गया, जिसके आधार पर नफीस अंसारी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया है एफआईआर में नफीस अहमद पुत्र रहीश अहमद निवासी केजीएन-1 कॉलोनी को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट करने वाले कार सवार दो युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मोहनगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत अपहरण एवं हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त महिंद्रा थार कार के साथ ही दो डण्डे बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा अपहरण एवं हत्या के प्रयास के मामले में वांछित महिन्द्रा थार कार सवार रिषभ सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी दाउद नगर थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली व अंकुर उर्फ वैभव श्रीवास्तव पुत्र राजेश निवासी मेढ़ौना थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया गया और पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में कार की डिग्गी से दो बांस के डण्डे बरामद हुये। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि उन दोनों ने उनके अन्य साथियों के साथ मिलकर बीती इकतीस मई को पुरानी रंजिश को लेकर श्याम बिहारी मौर्या पुत्र राम बहादुर निवासी समरहदा थाना चंदापुर जनपद रायबरेली के साथ मारपीट में इसी महिन्द्रा थार संख्या यूपी 32 आर एच 7271 का प्रयोग किया था और बरामद डण्डे महिन्द्रा थार की डिग्गी में हमेशा रखे रहते हैं इन्हीं डण्डों से श्याम बिहारी उपरोक्त से मारपीट की गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## डेढ़ साल बाद भी नहीं मिला मटर फसल का भुगतान, किसान ने लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम टांडा छत्रपति निवासी किसान नत्थूलाल पुत्र बुद्धा ने फसल बिक्री के बकाया रुपये न मिलने पर क्षेत्राधिकारी पूरनपुर से न्याय की गुहार लगाई है किसान का आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसने अपनी 10 बीघा मटर की फसल का सौदा 92 हजार रुपये में ग्राम टांडा गुलाब राय थाना माधौटांडा निवासी महेन्द्र पाल, सचिन और अर्जुन के साथ किया था पीड़ित के अनुसार सौदे के समय आरोपियों ने केवल 45 हजार रुपये नगद दिए थे, जबकि शेष 47 हजार रुपये मटर बेचने के बाद देने का आश्वासन दिया गया था आरोप है कि लंबे समय बीत जाने के बावजूद बकाया रकम का भुगतान नहीं किया गया मामले की शिकायत पहले पुलिस अधीक्षक पीलीभीत से भी की गई थी, जिसके बाद प्रकरण क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचा प्रार्थना पत्र में उल्लेख है कि महेन्द्र पाल ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि उसे फसल के सौदे में घाटा हो गया था, जिस कारण भुगतान नहीं कर सका बाद में कुछ रकम छोड़ने के बाद 35 हजार रुपये अप्रैल माह में देने की बात कही गई थी बताया गया कि क्षेत्राधिकारी कार्यालय में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हुआ था और महेन्द्र पाल ने स्टाम्प पेपर पर स्वयं लिखकर रुपये देने का आश्वासन दिया था ।

## सम्पादकीय

# भारत की आर्थिक दृढ़ता

पश्चिम एशिया में जारी तनाव, वैश्विक व्यापार में सुस्ती और विकसित अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर पड़ती मांग के बीच यदि कोई देश अपेक्षाकृत आत्मविश्वास के साथ आज आगे बढ़ता दिखाई देता है, तो वह भारत है। वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत में सामने आए जीएसटी संग्रह, विनिर्माण गतिविधियों और सेवा क्षेत्र के आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। वस्तुतः मई 2026 में सकल जीएसटी संग्रह लगभग 1.94 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि आर्थिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। यद्यपि शीर्ष स्तर पर यह वृद्धि केवल 3.2 प्रतिशत दिखाई देती है, किंतु रिफंड समायोजन के बाद वास्तविक राजस्व वृद्धि लगभग 9 से 10 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। यह बताता है कि अर्थव्यवस्था में उपभोग और कारोबारी गतिविधियों का आधार अपेक्षाकृत मजबूत बना हुआ है। वित्त वर्ष के शुरुआती दो महीनों में 4.37 लाख करोड़ रुपये का सकल जीएसटी संग्रह सरकार के लिए भी राहत का विषय है, क्योंकि इससे राजकोषीय लक्ष्यों को हासिल करने का विश्वास बढ़ता है। अप्रैल माह में वस्तुओं से जुड़ी कर योग्य आपूर्ति में लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि और सभी प्रमुख वस्तु श्रेणियों में विस्तार यह दर्शाता है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी खर्च करने की स्थिति में हैं। ग्रामीण और शहरी मांग में सुधार, बुनियादी ढांचे पर सरकारी निवेश तथा रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी ने बाजार में सकारात्मक माहौल तैयार किया है। यहां विशेष बात यह भी है कि यह वृद्धि केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित न होकर व्यापक स्तर पर दिखाई दे रही है, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत माना जाता है। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी भारत की विकास गाथा का महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। मई में सर्विसेज पीएमआई का बढ़कर 59.8 पर पहुंचना उस आर्थिक परिवर्तन का प्रमाण है जिसमें भारत धीरे-धीरे एक सेवा-प्रधान वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। माल ढुलाई, डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में बढ़ती मांग ने नए कारोबार को गति दी है। विशेष रूप से विदेशी बाजारों से मिलने वाले ऑर्डरों में सुधार यह दर्शाता है कि वैश्विक स्तर पर भारतीय सेवाओं की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि अप्रैल में निर्यात आधारित सेवाओं की मांग में जो कमजोरी दिखाई दी थी, वह मई में काफी हद तक दूर हो गई। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों से बढ़ती मांग यह संकेत देती है कि भारत घरेलू खपत के बल के साथ आज वैश्विक सेवा अर्थव्यवस्था में भी अपनी हिस्सेदारी मजबूत कर रहा है। विनिर्माण क्षेत्र के आंकड़े भी उत्साह बढ़ाने वाले हैं। मई में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई का 55.0 तक पहुंचना बताता है कि उत्पादन, खरीद और नए ऑर्डरों में निरंतर विस्तार हो रहा है। विशेष रूप से इंटरमीडिएट और कैपिटल गुड्स क्षेत्रों में तेज वृद्धि यह संकेत देती है कि उद्योग भविष्य की मांग को लेकर आशावादी हैं। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश और निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी ने विनिर्माण गतिविधियों को नया आधार प्रदान किया है। यहां यह भी एक तथ्य है कि निर्यात ऑर्डरों की गति अपेक्षाकृत धीमी रही लेकिन एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया से प्राप्त मांग ने इस क्षेत्र को संतुलन प्रदान किया। रोजगार के मोर्चे पर तस्वीर मिश्रित है। सेवा क्षेत्र में नियुक्तियों की गति मजबूत रही है और पिछले एक वर्ष में यह दूसरी सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। राज्यों के स्तर पर भी आर्थिक गतिविधियों में तेजी के संकेत उत्साहजनक हैं। कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे राज्यों में जीएसटी संग्रह की मजबूत वृद्धि यह दर्शाती है कि विकास का लाभ कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहते हुए सर्वत्र व्याप्त है। ऐसे में कहना यही होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है, जहां उसके पास अवसर ही अवसर मौजूद हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि चुनौतियां नहीं हैं या कम हैं, वह भी बहुत हैं किंतु भारतीय पेशेवर उन तमाम चुनौतियों से जिस तरह से निपट रहे हैं, वह उत्साह एवं योग्यता वास्तव में प्रशंसनीय है।

# पराया धन नहीं, पैतृक संपत्ति की साझीदार है बेटी

**भारतीय समाज में बेटी को लेकर दो तस्वीरें हमेशा साथ-साथ चलती रही हैं। एक ओर उसे देवी, लक्ष्मी और कुल की मर्यादा का प्रतीक बताया जाता है, वहीं दूसरी ओर पैतृक संपत्ति के बंटवारे की बात आते ही उसे ''पराया धन'' मानकर उसके अधिकारों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया जाता है। सदियों से चली आ रही यही सामाजिक विडंबना आज न्यायपालिका और समाज के बीच एक बड़े विमर्श का विषय बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया वर्षों के अनेक ऐतिहासिक फैसलों ने स्पष्ट कर दिया है कि विवाह किसी बेटी के संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों का अंत नहीं है। बेटी जन्म से ही परिवार की सदस्य है और पैतृक संपत्ति में उसका अधिकार भी जन्मसिद्ध है, चाहे वह विवाहित हो या अविवाहित। दरअसल यह केवल जमीन, मकान या खेत-खलिहान के बंटवारे का प्रश्न नहीं है। यह महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सम्मान और लैंगिक समानता से जुड़ा विषय है।**

भारत में बेटी को देवी का स्वरूप माना जाता है। नवरात्र में कन्या पूजन होता है, बेटी को लक्ष्मी कहा जाता है, लेकिन जब बात पैतृक संपत्ति और विरासत की आती है तो सदियों तक उसे उसके अधिकारों से वंचित रखा गया। विडंबना यह रही कि जिस बेटी को परिवार की प्रतिष्ठा और संस्कारों का आधार माना गया, उसी को परिवार की संपत्ति में हिस्सेदारी देने के प्रश्न पर समाज का एक बड़ा वर्ग असहज दिखाई देता रहा। विवाह होते ही बेटी को पराया धन मान लेने की मानसिकता ने न केवल उसके आर्थिक अधिकारों का हनन किया, बल्कि उसे सामाजिक रूप से भी कमजोर बनाया। हालांकि पिछले दो दशकों में भारत की न्यायपालिका ने इस सोच को निर्णायक चुनौती दी है। विशेषकर सुप्रीम कोर्ट के अनेक ऐतिहासिक निर्णयों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बेटी चाहे विवाहित हो या अविवाहित, उसे पैतृक संपत्ति में वही अधिकार प्राप्त हैं जो पुत्र को प्राप्त हैं। कानून की दृष्टि में अब पुत्र और पुत्री के बीच कोई भेद नहीं है। यह केवल संपत्ति के बंटवारे का मामला नहीं है। यह भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति, उनकी आर्थिक स्वतंत्रता, पारिवारिक सम्मान और लैंगिक समानता का भी प्रश्न है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने केवल कानूनी स्थिति स्पष्ट नहीं की, बल्कि भारतीय समाज को यह संदेश भी दिया कि संविधान की समानता घर की चौखट पर आकर समाप्त नहीं हो सकती।

भारतीय समाज में लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि विवाह के बाद बेटी अपने मायके से पूरी तरह अलग हो जाती है। विवाह के समय दिए गए दहेज, उपहार अथवा अन्य वस्तुओं को ही उसका हिस्सा मान लिया जाता था। कई परिवारों में बेटियों को यह कहकर संपत्ति से वंचित कर दिया जाता था कि उन्हें विवाह के समय पर्याप्त सामान दिया जा चुका है। इस सोच का परिणाम यह हुआ कि देश की करोड़ों महिलाओं के पास अपनी कोई स्वतंत्र संपत्ति नहीं रही। वे आर्थिक रूप से पिता, पति या पुत्र पर निर्भर बनी रहीं। ग्रामीण भारत में तो आज भी अनेक बेटियां अपने अधिकारों की जानकारी न होने या सामाजिक दबाव के कारण हिस्सा मांगने से बचती हैं। वास्तव में संपत्ति का अधिकार केवल जमीन या मकान का अधिकार नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। जिस व्यक्ति के पास संपत्ति होती है, उसकी सामाजिक स्थिति और निर्णय लेने की क्षमता स्वतः बढ़ जाती है। इसलिए बेटियों को संपत्ति का अधिकार देना केवल कानूनी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति है। स्वतंत्रता के बाद 1956 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया गया। यह कानून उस समय एक बड़ा सुधार माना गया, लेकिन इसमें भी पुत्र और पुत्री के अधिकार पूरी तरह समान नहीं थे। पैतृक संपत्ति में पुत्र को जन्म से सहभाजक (कॉपार्सनर) माना जाता था। उसे संपत्ति में जन्मजात अधिकार प्राप्त था। दूसरी ओर पुत्री को यह अधिकार नहीं था। उसे केवल कुछ सीमित परिस्थितियों में उत्तराधिकारी माना जाता था। समय के साथ यह महसूस किया गया कि यह व्यवस्था संविधान की समानता की भावना के अनुरूप नहीं है। इसी कारण 2005 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया।

संसद ने 2005 में कानून में संशोधन करते हुए बेटियों को भी पुत्रों के समान सहभाजक का दर्जा प्रदान कर दिया। इस संशोधन के बाद : पुत्री जन्म से ही पैतृक संपत्ति की सहभाजक बन गई। उसे पुत्र के समान अधिकार और दायित्व प्राप्त हुए। वह संपत्ति के विभाजन की मांग कर सकती है। वह अपने हिस्से को बेच सकती है, दान कर सकती है अथवा वसीयत कर सकती है। विवाह के बाद भी उसके अधिकार समाप्त नहीं होते। हालांकि संशोधन के बाद भी देशभर में अनेक न्यायालयों में यह विवाद चलता रहा कि क्या यह अधिकार केवल उन बेटियों को मिलेगा जिनके पिता 2005 में जीवित थे या उन बेटियों को भी मिलेगा जिनके पिता पहले ही निधन हो चुके थे। यही विवाद आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। साल 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने विनीता शर्मा बनाम राकेश शर्मा मामले में ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि बेटी का अधिकार जन्म से उत्पन्न होता है। यह अधिकार पिता के जीवित रहने या न रहने पर निर्भर नहीं करता। अदालत ने स्पष्ट कहा




: बेटी को पैतृक संपत्ति में अधिकार जन्म से प्राप्त है। यह अधिकार उसके विवाह से समाप्त नहीं होता। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इससे देशभर में चल रहे हजारों विवादों का समाधान हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि बेटी का अधिकार पुत्र के समान है। पिता का 2005 में जीवित होना आवश्यक नहीं। यदि संपत्ति का वैध विभाजन पहले नहीं हुआ है तो बेटी अपना अधिकार मांग सकती है। विवाह अधिकार समाप्त करने का आधार नहीं हो सकता। यह फैसला भारतीय महिलाओं के संपत्ति अधिकारों के इतिहास में मील का पत्थर माना जाता है। संपत्ति विवादों में सबसे अधिक भ्रम इसी विषय को लेकर होता है। पैतृक संपत्ति वह संपत्ति जो चार पीढ़ियों से चली आ रही हो और जिसका विधिवत विभाजन न हुआ हो। उदाहरण के लिए : परदादा ? दादा ? पिता ? पुत्र/पुत्री. यदि यह संपत्ति अविभाजित है तो इसे पैतृक संपत्ति माना जाएगा। इसमें बेटी और बेटा दोनों समान हिस्सेदार हैं। स्व-अर्जित संपत्ति वह संपत्ति जिसे किसी व्यक्ति ने अपनी आय, व्यवसाय या अन्य माध्यमों से स्वयं अर्जित किया हो। ऐसी संपत्ति के मामले में व्यक्ति को जीवनकाल में वसीयत बनाने का अधिकार होता है। यदि वसीयत नहीं है और व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो पुत्री और पुत्र दोनों समान उत्तराधिकारी होंगे। कई लोग आज भी प्रश्न उठाते हैं कि विवाह के बाद बेटी को पति के घर में अधिकार मिल जाते हैं, फिर उसे मायके की संपत्ति में हिस्सा क्यों मिलना चाहिए? यह तर्क न केवल कानूनी रूप से गलत है बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अनुचित है। कारण स्पष्ट हैं : बेटी भी अपने माता-पिता की संतान है। उसका जन्म उसी परिवार में हुआ है। उसने भी उस परिवार के विकास में योगदान दिया है। संविधान समानता का अधिकार देता है। विवाह नागरिक अधिकारों को समाप्त नहीं कर सकता। यदि पुत्र विवाह के बाद भी अपने पिता की संपत्ति का उत्तराधिकारी रहता है तो पुत्री को इससे वंचित रखने का कोई संवैधानिक आधार नहीं है।

कानून बदलने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति पूरी तरह नहीं बदली है। अनेक गांवों में आज भी : बेटियों से हिस्सा छोड़ने के लिए कहा जाता है। सामाजिक दबाव बनाया जाता है। भाई-बहन के संबंध खराब होने का भय दिखाया जाता है। दस्तावेजों में नाम दर्ज नहीं किए जाते। कई मामलों में बेटियां केवल इसलिए अपना अधिकार छोड़ देती हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि संपत्ति मांगने से परिवार टूट जाएगा। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकार मांगना परिवार तोड़ना नहीं बल्कि न्याय प्राप्त करना है। विश्व स्तर पर किए गए अनेक अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि जिन महिलाओं के पास संपत्ति होती है, वे अधिक आत्मनिर्भर होती हैं। संपत्ति से : आर्थिक सुरक्षा मिलती है। घरेलू हिंसा का जोखिम घटता है। शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ता है। महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। भारत में महिलाओं के नाम पर संपत्ति का प्रतिशत अभी भी अपेक्षाकृत कम है। इसलिए संपत्ति अधिकारों का प्रभाव केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि राष्ट्रीय विकास से भी जुड़ा हुआ है। हाँ। पहले कई राज्यों में कृषि भूमि को लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं थीं। लेकिन अब अधिकांश मामलों में बेटी को कृषि भूमि में भी समान अधिकार प्राप्त हैं। इसका अर्थ है कि : खेत, बाग, कृषि भूमि, ग्रामीण संपत्ति पर भी पुत्री का उतना ही अधिकार है जितना पुत्र का। निश्चित रूप से। यदि पैतृक संपत्ति का विभाजन नहीं हुआ है तो बेटी : कानूनी नोटिस भेज सकती है। राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज करा सकती है। न्यायालय में वाद दायर कर सकती है। संपत्ति का विभाजन मांग सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब उस दौर से आगे बढ़ चुका है जहां बेटी को केवल भावनात्मक जिम्मेदारी माना जाता था और आर्थिक अधिकारों से दूर रखा जाता था। आज बेटी केवल परिवार की सदस्य नहीं, बल्कि परिवार की बराबर की उत्तराधिकारी है। उसकी हिस्सेदारी दया या उपकार नहीं, बल्कि उसका वैधानिक और संवैधानिक अधिकार है। वास्तविक चुनौती अब अदालतों के सामने नहीं, बल्कि समाज के सामने है। प्रश्न यह नहीं कि कानून क्या कहता है; प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी सोच बदलने को तैयार हैं? जिस दिन भारतीय परिवार बिना विवाद, बिना मुकदमे और बिना सामाजिक दबाव के अपनी बेटियों को उनका वैधानिक हिस्सा देने लगेंगे, उस दिन यह माना जाएगा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का उद्देश्य वास्तव में पूरा हुआ। किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने कमजोर या वंचित वर्गों के साथ कैसा व्यवहार करता है। भारत की बेटियां किसी विशेष कृपा की नहीं, केवल समान अवसर और समान अधिकार की अपेक्षा रखती हैं। और जब संविधान, संसद तथा सर्वोच्च न्यायालय तीनों यह कह चुके हैं कि बेटी और बेटा बराबर हैं, तब समाज के पास इस सत्य को स्वीकार करने के अलावा कोई नैतिक विकल्प नहीं बचता। वास्तव में, पैतृक संपत्ति में बेटी का अधिकार केवल कानून की जीत नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय की भी जीत है।

सुरेश गांधी

# एमआरपी का मायाजाल: आखिर उपभोक्ता कब तक लुटता रहेगा?

**संगीता शर्मा**

बाजार में बिकने वाली लगभग हर वस्तु पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए शुरू की गई यह व्यवस्था अब कई सवालों के घेरे में है, विशेषकर दवाइयों और रोजमर्रा के उपयोग के सामानों की कीमतों को लेकर। उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में कंपनियां मनमाने तरीके से एमआरपी तय कर रही हैं, जिससे आम आदमी आर्थिक शोषण का शिकार हो रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार एमआरपी वह अधिकतम कीमत होती है, जिस पर कोई वस्तु उपभोक्ता को बेची जा सकती है। इसमें उत्पादन लागत, पैकेजिंग, परिवहन, टैक्स और विक्रेता का लाभ शामिल होता है। एमआरपी व्यवस्था लागू होने से पहले अलग-अलग राज्यों और शहरों में एक ही उत्पाद की कीमत अलग-अलग होती थी। इसी असमानता को समाप्त करने के लिए सरकार ने उत्पादों पर एमआरपी अंकित करना अनिवार्य किया था। लेकिन अब उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है।

सबसे अधिक सवाल दवाइयों की कीमतों को लेकर उठ रहे हैं। एक ही साल्ट की दवा अलग-अलग ब्रांड नामों से बाजार में कई गुना अधिक कीमत पर बेची जा रही है। जहां जन औषधि केंद्रों पर वही दवा बेहद कम कीमत पर उपलब्ध होती है, वहीं निजी मेडिकल स्टोर्स पर उपभोक्ताओं को उसी दवा के लिए कई गुना अधिक भुगतान करना पड़ता है। उपभोक्ता संगठनों का कहना है कि दवा का मूल तत्व समान होने के बावजूद कीमतों में इतना बड़ा अंतर केवल ब्रांडिंग, मार्केटिंग और वितरण व्यवस्था के कारण है। बाजार में आज ऐसी स्थिति बन गई है कि कंपनियां पहले उत्पाद पर अत्यधिक ऊंची एमआरपी छापती हैं और फिर भारी छूट का दावा कर उपभोक्ताओं को आकर्षित करती हैं। उपभोक्ता को लगता है कि उसे सस्ता सामान मिल रहा है, जबकि वास्तविकता में वस्तु की मूल कीमत कहीं कम होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि एमआरपी अब उपभोक्ता हितों की सुरक्षा से अधिक कंपनियों के मुनाफ़े का माध्यम बनता जा रहा है। उपभोक्ता अधिकारों पर काम करने वाले संगठनों का कहना है कि अधिकांश लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। बहुत से उपभोक्ता बिना बिल के सामान खरीद लेते हैं और बाद में शिकायत करने की स्थिति में उनके पास कोई प्रमाण नहीं होता। दवाइयों के मामले में भी लोग केवल ब्रांड नाम देखकर दवा खरीद लेते हैं और उसके साल्ट या जेनेरिक विकल्प के बारे में जानकारी नहीं लेते। यही कारण है कि उपभोक्ता अक्सर अधिक कीमत चुकाने को मजबूर हो जाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कोई दुकानदार एमआरपी से अधिक कीमत वसूलता है या बिल देने से मना करता है तो उपभोक्ता राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, उपभोक्ता आयोग, लीगल मेट्रोलॉजी विभाग या औषधि नियंत्रक विभाग से शिकायत कर सकता है। ऑनलाइन शिकायत की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं लेकिन जागरूकता की कमी के कारण अधिकांश लोग इन अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाते। इसी मुद्दे को लेकर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चला रही संस्था अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने सरकार से एमआरपी व्यवस्था पर सख्त कानून बनाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि वर्तमान में एमआरपी तय करने की कोई प्रभावी सीमा या पारदर्शी व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण कंपनियां मनमाने तरीके से कीमतें निर्धारित कर रही हैं। संगठन यह भी मांग कर रहा है कि उत्पादों पर केवल एमआरपी ही नहीं बल्कि उत्पादन लागत भी अंकित की जाए ताकि उपभोक्ता वास्तविक मूल्य को समझ सके।

इन मांगों को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत 12 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना आयोजित करने जा रही है। संगठन का कहना है कि सरकार को एमआरपी निर्धारण, उसकी समीक्षा और नियंत्रण के लिए स्पष्ट कानून बनाना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को अनुचित मूल्य वसूली से बचाया जा सके। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार विशेष रूप से दवाइयों, सौंदर्य प्रसाधनों और रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पादों में मूल्य निर्धारण की पारदर्शिता बेहद आवश्यक है।

## सेहत मंत्र

# हर उम्र में रहना चाहते हैं फिट, तो नियमित करें स्क्वॉट्स

फिट रहने के लिए लोग व्यायाम करते हैं, लेकिन वे केवल शरीर के ऊपरी हिस्से की तरफ अधिक ध्यान देते हैं और ज्यादातर समय केवल एब्स और बाइसेप्स बनाने में ही लगाते हैं। जबकि कई शोधों में यह साबित हो चुका है कि शरीर के ऊपरी हिस्?से की तरह पैरों का भी व्यायाम बहुत फायदेमंद है। आज हम आपको फिट रहने और लंबी उम्र तक स्वस्थ दुरुस्त रहने के लाभ बता रहे हैं। स्क्वॉट्सः पैरों की मांसपेशियों को मजबूत बनाने के लिए यह बेहतर वर्कआउट है। यह कई तरह का भी होता है। इसके नियमित अभ्यास से पैर की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसे करने के लिए पीठ को सीधी रखें। ध्यान रहे कि घुटने 90 डिग्री से अधिक के कोण पर न मुड़े हों, इससे चोट लग सकती है। लंजेस करने के लिए, सीधे नीचे की तरफ झुकें। एड़ी पूरे समय ऊपर ही होनी चाहिए। स्क्वॉट्स एंड लंजेस को अधिक चुनौतीपूर्ण बनाने के लिए आप बेस बॉल जैसी अस्थिर सतह का इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर स्क्वॉट्स करते समय पीठ में दर्द होता है तो पीठ के पीछे दीवार के सहारे एक जिम बॉल रखें। फिर इस बताई गई प्रक्रिया को दोबारा करें। इस प्रक्रिया की संख्या रोजाना धीरे-धीरे बढ़ाएं। स्क्वॉट्स एंड लंजेस को एक रैंप पर भी कर सकते हैं। बारबेल बेंच प्रेसः सीने में विस्तार व शेप लाने के लिए बेंच प्रेस वर्षों से सबसे बेहतरीन एक्सरसाइज रही है। दुनिया भर के विशेषज्ञों द्वारा बेंच प्रेस को चेस्ट शेप्ड व मज़बूत करने के लिए मानक एक्सरसाइज माना गया है। इसे करने के लिए एक मानक ओलंपिक बैंच पर अपनी पीठ के बल फ्लैट लेट जाएं, अब अपने पैरों को ज़मीन पर सीधे कर वज़न वाली रौड को स्टैंड से हटाएं और चेस्ट की ओर नीचे लाएं और फिर ऊपर ले जाएं। रौड का संतुलन बनाए रखने के लिए दोनों हाथों को साथ चलाएं।

## धर्म मंत्र

# भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाने वाले आराध्य देव हैं हनुमानजी

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के लक्ष्य भौतिक सुख तथा आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति के लिए अनेक देवी देवताओं की पूजा का विधान है जिनमें पंचदेव प्रमुख हैं। पंच देवों का तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवान् श्रीराम ने कहा था कि- 'सुन कपि तोहि समान उपकारी, नहि कोउ सुर, नर, मुनि, तुनधारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी राम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। उनको मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरों में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान।

## पर्यटन



# खूबसूरती में किसी से कम नहीं है नॉर्थ ईस्ट इंडिया

बहुत से लोग ऐसे होते हैं, घूमने के लिए नॉर्थ इंडिया की लोकेशन्स पर जाते हैं। इसकी एक वजह ये है कि यहां का रूट और बजट. जहां वीकेंड में भी जा सकते हैं। जैसे दिल्ली, उत्तरप्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ जैसी जगहों के पर्यटक हिल स्टेशन पर जाने के लिए उत्तराखंड और हिमाचल की जगहों को चुनते हैं लेकिन अगर आप इन जगहों पर घूमकर आ चुके हैं और कोई दूसरी दिलचस्प डेस्टिनेशन्स का अनुभव करना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ इंडिया के खूबसूरत राज्यों में घूम सकते हैं। गंगटोक : सिक्किम की राजधानी गंगटोक काफी खूबसूरत शहर है। पहाड़ियों की ढाल पर दोनों ओर आकर्षक भवन दिखाई देते हैं। शहर में पारंपरिक रीति-रिवाजों और आधुनिक जीवनशैली का अनूठा संगम देखने को मिलता है। युक्सोमः यह सिक्किम की पहली राजधानी थी। इस जगह को पवित्र स्थान समझा जाता है, क्योंकि सिक्किम का इतिहास ही इससे शुरू होता है। यह प्रसिद्ध माउंट कंचनजंघा की चढ़ाई के लिए बेस कैम्प भी है। यहां आप याक की सवारी भी कर सकते हैं। सोम्यो लेकः एक किलोमीटर लंबी और अंडाकार सोम्यो झील पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मई और अगस्त के बीच झील का इलाका बेहद खूबसूरत हो जाता है। दुर्लभ किस्मों के फूल यहां देखे जा सकते हैं। इनमें बसंती गुलाब, आइरिस और नीले-पीले पोस्त शामिल हैं। झील में जलीय और पक्षियों की कई प्रजातियां मिलती हैं। लाल पांडा के लिए भी यह एक मुफीद जगह है। सर्दियों में झील का पानी जम जाता है। नाथुला दर्राः नाथु-ला दर्रा भारत-चीन सीमा पर स्थित है। इसकी ऊंचाई 14,200 फीट है। सिक्किम को चीन के तिब्बत स्वशासी क्षेत्र से जोड़ता है। ये यात्रा अपने आप में आनंद देने वाला अनुभव है। धुंध से ढंकी पहाड़ियां, टेढ़े-मेढ़े रास्ते और गरजते झरने और रास्ता तो अद्भुत है। इस जगह जाने के लिए पर्यटकों के पास परमिट होना चाहिए।

# शराब नहीं, बच्चों का भविष्य चाहिए : ठेके के खिलाफ महिलाओं का उग्र प्रदर्शन, सड़क पर उतरीं ग्रामीण महिलाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सूरतगंज-बाराबंकी। गांव में शराब बिक्री के विरोध में महिलाओं ने बुधवार को साहसिक कदम उठाते हुए देशी शराब के ठेके के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सूरतगंज ब्लॉक के अमराई गांव भुंड में संचालित देशी शराब दुकान के सामने बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्र होकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और ठेका तत्काल हटाने की मांग की।

महिलाओं का कहना था कि गांव के बीचोंबीच शराब की दुकान संचालित होने से सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब की आसान उपलब्धता के कारण परिवारों में कलह, घरेलू हिंसा और आर्थिक संकट लगातार बढ़ रहे हैं। कई घरों की महिलाओं को अपने पति और बेटों की शराब की लत के कारण मानसिक व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध जताया और आवागमन बाधित करने का प्रयास किया। इससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिलाओं का आरोप था कि ठेके से न केवल गांव में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी शराब की आपूर्ति की जाती है, जिससे सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा मिल रहा है।

सूचना मिलते ही थाना रामनगर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने महिलाओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्थिति को शांत कराया। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि एक माह के भीतर शराब की दुकान को दूसरी उपयुक्त जगह स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि उनका आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि गांव के बेहतर भविष्य और सामाजिक वातावरण की रक्षा के लिए है। महिलाओं के इस संगठित और साहसिक विरोध ने एक बार फिर ग्रामीण समाज में शराबबंदी की मांग को मजबूती से सामने ला दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का हुआ गठन, पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा पुरानी तहसील रामनगर में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया करते हुए संरक्षक अनूप पांडे रमाशंकर गुप्ता गौरव प्रशांत शुक्ला श्रवण तिवारी नगर अध्यक्ष पद पर विवेक शुक्ल व महामंत्री सुभम जयसवाल सह महामंत्री रंजीत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष ओझा राजेश मौर्य उपाध्यक्ष इंद्रमणि उपाध्याय राजेंद्र सोनी सरवन तिवारी कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल मौर्य को मनोनित किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह सिद्धू ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए संगठन विस्तार के लिए प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि व्यपारियो की कोई धर्म जाती नही है हमारे लिए व्यापार सर्वोपरि है,आप लोगो की समस्याओ का निराकरण तत्काल कराया जाएगा। जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला व्यापारी हित के लिए हम लोग हमेशा खड़े मिलेंगे आपको कोई बिना वजह कोई अधिकारी परेशान करता है तो तत्काल सूचना दे आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा व्यपारियो की लड़ाई लड़ने के लिए संगठन हमेशा खड़ा है। अरुण रावत ने भी व्यापारियों के हित की बात कही।कार्यक्रम संचालन इन्द्रमणि उपाध्याय ने किया। इस मौके पर गजानन प्रसाद शुक्ला मोहित वर्मा शिवम तिवारी नीरज चतुर्वेदी सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सुरक्षा के दृष्टिगत उपस्थित कोतवाल अरुण कुमार सिंह व एस एस आई प्रमोद कुमार यादव ने मनोनीत पदाधिकारी को बधाई दी।

# शादी सीजन से पहले आतिशबाजी दुकानों पर प्रशासन सख्त



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। आगामी शादी सीजन को देखते हुए एसडीएम अनिल सरोज और तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा ने मरकामऊ स्थित आतिशबाजी दुकान व गोदाम का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने लाइसेंस, स्टॉक और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच कर दुकानदार को मानकों के अनुरूप भंडारण तथा अग्निशमन उपकरण हमेशा तैयार रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने चेतावनी दी कि सुरक्षा नियमों में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण में फायर टीम और पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# खिड़की तोड़कर घर में घुसे बदमाश, नकदी करोड़ कीमती सोने-चांदी के जेवरात पर किया हाथ साफ; देवा के चर्चित लूटकांड के बाद मसौली में बड़ी वारदात से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। थाना मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित बड़ागांव क्रॉसिंग के निकट मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक गल्ला व्यवसायी के घर धावा बोलकर नकदी और सोने-चांदी के लाखों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

जानकारी के अनुसार कस्बा मसौली निवासी गल्ला व्यवसायी महेंद्र कुमार जैन पुत्र आनंद कुमार जैन गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ागांव क्रॉसिंग के निकट अपने मकान में परिवार सहित रहते हैं। घर में ही उनका व्यवसायिक बाड़ा भी संचालित होता है। मंगलवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने पीछे की खिड़की को लोहे की रॉड से तोड़कर घर में प्रवेश किया और कमरे में रखी दो अटैचियां उठा ले गए।

पीड़ित परिवार के अनुसार चोर करीब दो से ढाई लाख रुपये की नकदी के साथ सोने का हार, चार चूड़ियां, अंगूठियां, बाली, टॉप्स, मांगटीका, नथ, चेन तथा चांदी की पायल, बिछिया समेत अन्य कीमती आभूषण चोरी कर ले गए। बुधवार भोर में जब परिवार के सदस्य जागे तो सामान बिखरा पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित के अनुसार घर की निगरानी और रखवाली के लिए रमेश ठाकुर नामक व्यक्ति प्रतिदिन वहां मौजूद रहता था। ऐसे में चोरी की इस वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर चोरी हुई है वह थाना मुख्यालय से बेहद नजदीक है और राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण यहां दिन-रात वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। इसके बावजूद चोरों का बेखौफ होकर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

गौरतलब है कि हाल ही में देवा कोतवाली क्षेत्र के गुवारी गांव में एक व्यवसायी के घर हुए चर्चित लूटकांड का खुलासा कर पुलिस महकमा अपनी पीठ थपथपा रहा था। इसी बीच मसौली थाना क्षेत्र में थाने से कुछ ही दूरी पर लगभग उसी तर्ज पर हुई इस सनसनीखेज चोरी ने पुलिस के दावों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। बदमाशों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और विभिन्न पहलुओं पर पड़ताल चल रही है। उन्होंने जल्द ही घटना के खुलासे का दावा किया है।

## ग्राम रोजगार सेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू




सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मानदेय, ईपीएफ और अन्य लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ग्राम रोजगार सेवक वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर मांगों के निस्तारण तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। उन्होंने प्रशासन से हड़ताल अवधि में कार्य का दबाव न बनाने की मांग की। हड़ताल से मनरेगा और पंचायत स्तर के कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है।

## अंत्योदय राशन कार्ड धारक का बड़ा आरोप, कोटेदार ने अपनी बहू व पोते का नाम शामिल राशन हड़पा उच्चाधिकारियों से शिकायत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**कोटेदार के पुत्र ने आरोपों को नकारा, एसडीएम बोले शिकायत की होगी जांच मिलेगा समुचित निदान**

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में एक पंचायत निवासी व्यक्ति ने अंत्योदय राशन कार्ड में ग्राम प्रधान पुत्र व उनकी पत्नी का शामिल कर व राशन हड़प करने का बड़ा आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी रामसनेही घाट को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील रामसनेही घाट विकास खंड बनीकोडर के धारूपुर पंचायत के पूरे पहलवान निवासी रमापति पुत्र रामहेत ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसके राशन कार्ड में मौजूदा कोटेदार राम सनेही ने अपने प्रधान पुत्र प्रयाग नारायन की पत्नी व बेटे का नाम शामिल करवा लिया है और कहा कि उसके राशन कार्ड में शामिल नाम उसके परिवार के नही है व कई वर्षों से कोटेदार व प्रधान द्वारा राशन हड़पा जा रहा है।

शिकायत कर्ता रमापति ने बताया उपजिलाधिकारी को हाथों-हाथ प्रार्थना पत्र देने के साथ साथ जिला पुर्ति अधिकारी व जिलाधिकारी बाराबंकी को भी शिकायत पत्र भेजा है, रमापति का यह भी आरोप है कि पिता कोटेदार बेटा ग्राम प्रधान हैं जो कि नियम विरुद्ध है रमापति ने जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है, वही आरोपी कोटेदार के पुत्र ने बताया कि कार्ड में शामिल ग्राम प्रधान की पत्नी व बेटे का खुद का परिवार है हमारे पिता से अलग रहते हैं हमें पूरे मामले की जानकारी नही है, शिकायत कर्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी रामसनेही घाट अनुराग सिंह ने शिकायत पत्र पर जांच करवाने की बात कही है ।

## 20 गांवों में टीकाकरण अभियान, बच्चों और गर्भवतियों को मिला लाभ

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग द्वारा माह के प्रथम बुधवार को 20 गांवों में नियमित टीकाकरण कैंप लगाए गए। इन शिविरों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। मेलारायगंज कैंप में सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने लाभार्थियों का वजन लेकर पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज कराया तथा महिलाओं को पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## ब्लॉक दिवस में जन समस्याओं की गूंज ! निस्तारण के निर्देश

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित ब्लॉक दिवस में क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ने की।

बीडीओ पूजा सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

ब्लॉक दिवस के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों, पेयजल, स्वच्छता और अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़े प्रकरण अधिकारियों के समक्ष रखे। इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आपदा में ढाल बनेंगे सिविल डिफेंस वार्डन: डीएम ईशान

**जिलाधिकारी ने दिलाई शपथ, तहसील-बाढ़ क्षेत्रों तक नेटवर्क बनाने का लक्ष्य**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि आने वाला समय प्राकृतिक आपदाओं और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से उपजी चुनौतियों का है। ऐसे मानवीय संकट में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। मंगलवार को नागरिक सुरक्षा संगठन के नवचयनित 135 सेक्टर वार्डनों समेत चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन व स्टाफ ऑफिसरों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए जिलाधिकारी ने यह बात कही।

जिलाधिकारी ने महादेवा मेले में भीड़ प्रबंधन और जनसेवा में वार्डनों के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुविधा में स्वयंसेवकों ने अहम योगदान दिया है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता से काम करना होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर, विशेषकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में, वार्डनों का सशक्त नेटवर्क खड़ा किया जाए ताकि मौसम की चेतावनी, आपदा की सूचना और राहत-बचाव के संदेश हर गांव तक समय से पहुंचें।

राष्ट्रगान से शुरू हुए कार्यक्रम में उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अनीता प्रताप ने जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल का स्वागत किया। समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। शपथ लेने वालों में चीफ वार्डन नवीन सेठ, डिप्टी चीफ वार्डन भूपेंद्र सिंह सैकी व जतिन गुप्ता, स्टाफ ऑफिसर रत्नेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, शिवानी वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सरिता सिंह प्रमुख रहे। इस दौरान नागरिक सुरक्षा कार्यालय के लिए भूमि का प्रस्ताव भी रखा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन में नागरिक सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी समर्पण व अनुशासन से निभानी होगी। कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नीरज कुमार, अंबरीश कुमार, प्रेमवती मौर्य समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी व बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पांच लाख का कूड़ा घर बना खंडहर, नाड़ेप पर कब्जा; स्वच्छता योजना पर उठे सवाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




रामसनेहीघाट बाराबंकी। विकास खंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत महुलारा में करीब पांच लाख रुपये की लागत से निर्मित कूड़ा घर और नाड़ेप निर्माण कार्य सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत बयां कर रहे हैं। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ये दोनों परियोजनाएं ग्रामीणों के किसी काम नहीं आ रही हैं और अब बदहाली की तस्वीर पेश कर रही हैं।

ग्रामीणों के अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद किसी तरह निर्माण कार्य पूरा कराया गया, लेकिन कूड़ा घर उपयोग में आने से पहले ही जर्जर होकर खंडहर में तब्दील होने लगा। हालत यह है कि भवन में आज तक गेट तक नहीं लगाया जा सका। वहीं, पास में बने नाड़ेप पर कुछ लोगों ने गोबर और कंडों का ढेर लगाकर कब्जा कर लिया है, जिससे उसका उद्देश्य ही समाप्त हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जगह-जगह कूड़ा फैला होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

इस मामले ने ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से जांच कराकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई तथा स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है।

# बाराबंकी डिपो में अफसरशाही बेलगाम: 20 परिचालकों की ड्यूटी पर 'ताला', चहेतों को रेवड़ी बांटने के लिए बदले बसों के रूट

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बाराबंकी डिपो में अफसरशाही ने सारी हदें पार कर दी हैं। यहां नियम-कानून को ठेंगा दिखाकर 20 परिचालकों की ड्यूटी रोक दी गई, जबकि चहेते वाहन स्वामियों को फायदा पहुंचाने के लिए अनुबंध वाले रूट से हटाकर बसें मनमाने मार्गों पर दौड़ाई जा रही हैं। इस 'ड्यूटी घोटाले' से तंग आकर कर्मचारियों ने परिवहन निगम मुख्यालय को पत्र भेजकर तत्काल जांच और दोषी अफसरों के तबादले की मांग की है।

'' 20 परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट'' शिकायत के मुताबिक डिपो के 18 से 20 परिचालकों को साजिशन 'उत्कृष्ट एवं उत्तम' श्रेणी से बाहर कर दिया गया। श्रेणी से हटते ही उनकी ड्यूटी बंद हो गई। महीना बीतने को है, लेकिन वेतन का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों का आरोप है कि मुख्यालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद डिपो अधिकारी अपनी मनमर्जी कर रहे हैं। बस नंबर के साथ 'खेल', राजस्व को लाखों का चूना

कर्मचारियों ने बस नंबर सहित पूरा कच्चा-चिट्ठा खोला है।

- UP41AT8019 ² UP41CT5995: अनुबंध टिकटनगर मार्ग का, लेकिन धड़ल्ले से किंतूर रूट पर चल रही हैं। नियम तोड़कर बाराबंकी में नाइट हॉल्ट भी कराया जा रहा है।

- UP41AT7861 ² UP41AT7862: ग्रामीण सेवा की ये बसें भी तय रूट से अलग चलाई जा रही हैं।

आरोप है कि यह पूरा खेल कुछ खास वाहन स्वामियों को लाभ पहुंचाने के लिए रचा गया है।

यात्री बेहाल, निगम कंगाल - समय सारिणी में हर माह हेरफ़ेर का भी आरोप है। नतीजा- शाम 7:15 बजे के बाद बाराबंकी से लखनऊ जाने के लिए एक भी रोडवेज बस नहीं मिलती। हजारों यात्री रोजाना महंगे ऑटो-टैक्सी के भरोसे हैं। इससे निगम को हर महीने लाखों के राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों की चेतावनी: 'अब बर्दाश्त के बाहर' लंबे समय से मानसिक और आर्थिक शोषण झेल रहे हैं। नियमों की अनदेखी से निगम की छवि धूमिल हो रही है,ङ्क शिकायत पत्र में लिखा है। कर्मचारियों की 3 सूत्रीय मांग: मुख्यालय स्तर के अधिकारी से निष्पक्ष जांच हो।, दोषी डिपो अधिकारियों व लिप्त बाबुओं का तत्काल तबादला किया जाए। प्रभावित 20 परिचालकों की ड्यूटी तुरंत बहाल कर उत्पीड़न बंद हो।

''अफसर चुप, मुख्यालय सख्त''

एआरएम बाराबंकी से कई बार संपर्क का प्रयास किया गया, पर जवाब नहीं मिला। वहीं अयोध्या क्षेत्र के आर एम कार्यालय ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द टीम भेजने की तैयारी है।

## बंजर भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रामीण ने मुख्यमंत्री सहित एसडीएम से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चोरी के साथ सीना जोरी कहावत हो रही चरितार्थ शिकायत कर्ता पर हरिजन एक्ट लगवाने की धमकी

रामसनेही घाट, बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के तहसील रामसनेही घाट क्षेत्र के ग्राम पूरे अमेठिया, मजरे छंदवल में सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। गांव के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट को शिकायती पत्र देकर गाटा संख्या 401मि. रकबा 0.3160 हेक्टेयर बंजर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

क्या है मामला

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता ने उपजिलाधिकारी को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम समाज की बंजर भूमि गाटा संख्या 401 पर गांव के ही रामकुमार कनौजिया, सुंदरी, विशाल व अन्य लोगों द्वारा बिना किसी वैध अधिकार के अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित है।

ग्रामीणों को हो रही परेशानी

शिकायतकर्ता के अनुसार अवैध कब्जे के कारण ग्राम वासियों को आवागमन व सार्वजनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल मौके की पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाए, ताकि ग्राम समाज की भूमि सुरक्षित रह सके

प्रशासन से कार्रवाई की मांग

क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध राजस्व संहिता के तहत कार्रवाई की मांग की है।

चर्चा में मामला

गौरतलब है कि तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र में बंजर व ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन यदि समय रहते कार्रवाई करे तो सरकारी संपत्ति को बचाया जा सकता है। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक टॉवर पर चढ़ा, घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**टावर पर चढ़ना बना ट्रेंड पूरे प्रदेश में हो चुकी है दर्जनों घटनाएं**

रामसनेहीघाट बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के चौकी दिलावलपुर अंतर्गत सरवन टिकठा गांव के पास उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक प्रेम प्रसंग के चलते मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। युवक को टॉवर पर चढ़ा देख ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। जानकारी के अनुसार युवक की पहचान सरवन कश्यप पुत्र स्वर्गीय बलकरन निवासी बेलपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक एवं प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद के चलते युवक अचानक टॉवर पर चढ़ गया। युवक कई घंटों तक टॉवर पर बैठा रहा, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर चौकी दिलावलपुर चौकी इंचार्ज विनय यादव हेड कास्टेबल विजय, हेड कास्टेबल तेज बहादुर वर्मा तत्काल मौके पर पहुंचे। चौकी इंचार्ज ने अपने काफी धैर्य और सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक से मोबाइल के माध्यम से बातचीत की और उसे समझाने का प्रयास किया। घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस युवक को सुरक्षित नीचे उतारने में सफल रही। युवक के नीचे उतरते ही पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# भारत-अफगानिस्तान के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच में मुरादाबाद के क्रिकेटर शिवांग का नेट बॉलर के रूप में चयन

एजेंसी

महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम चंडीगढ़ में 6 जून से 10 जून तक खेला जाएगा टेस्ट मैच

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के क्रिकेटर शिवांग कुमार का टीम इंडिया कैंप में चयन होने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। शिवांग को भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए नेट बॉलर के रूप में चुना गया है। उनकी इस उपलब्धि से जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों में उत्साह है।




शिवांग कुमार ने इसी साल आईपीएल में हैदराबाद की टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया। जिसके बाद उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। टीम इंडिया कैंप में चयन की खबर मिलते ही परिवार और एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में जश्न का माहौल बन गया। शिवांग के पिता प्रवीण कुमार ने इसे बेटे की मेहनत, लगन और संघर्ष का परिणाम बताय।

वहीं एमपीएस क्रिकेट एकेडमी में खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने बुधवार को मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। खिलाड़ियों ने शिवांग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

क्रिकेट कोच मिर्ज़ा दानिश आलम ने कहा कि शिवांग ने लगातार मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद चयनकर्ताओं की नजर उन पर गई। टीम इंडिया कैंप में जगह बनाना किसी भी खिलाड़ी के लिए गौरव का क्षण होता है। शिवांग कुमार ने बताया कि भारत अफगानिस्तान टेस्ट के लिए नेट बॉलर के रूप में चयन किया गया है। इसके लिए में बुधवार को चंडीगढ़ आ गया हूं।

# एनडीटीएल और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच समझौता, खेल विज्ञान और एंटी-डोपिंग शोध को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल), नई दिल्ली और श्री गुरु गोविंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के बीच खेल विज्ञान, एंटी-डोपिंग अनुसंधान और खिलाड़ियों के कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

भारत सरकार के स्वायत्त निकाय एनडीटीएल और एसजीटी विश्वविद्यालय के बीच यह साझेदारी खेलों में वैज्ञानिक शिक्षा, स्वच्छ खेल संस्कृति और शोध को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और खेलों में नैतिकता, वैज्ञानिक उत्कृष्टता तथा खिलाड़ियों के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समझौते के तहत छात्रों और शिक्षकों को उन्नत प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, शोध परियोजनाओं, विशेषज्ञ व्याख्यान और अत्याधुनिक प्रयोगशाला प्रणालियों का




अनुभव प्राप्त होगा। इसके साथ ही विश्लेषणात्मक परीक्षण, एंटी-डोपिंग विज्ञान, फोरेंसिक विश्लेषण और स्वास्थ्य परीक्षण से जुड़े क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं ज्ञान आदान-प्रदान कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। एनडीटीएल के निदेशक डॉ. पी. एल. साहू ने इस साझेदारी को वैज्ञानिक अनुसंधान और कुशल मानव संसाधन निर्माण की दिशा में अहम बताया। उन्होंने कहा कि एनडीटीएल का उद्देश्य हमेशा भारत में खेलों की शुचिता बनाए रखना रहा है और विश्वविद्यालय के साथ यह सहयोग भविष्य के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों को तैयार करने में मदद करेगा। एसजीटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह नवाचार, अनुभव आधारित शिक्षा तथा शोध आधारित शिक्षण की उनकी सोच के अनुरूप है। इससे छात्रों को आधुनिक तकनीकों और प्रयोगशाला प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा।

# अंडर-18 एशिया कप 2026: भारत ने सिंगापुर को 25-0 से रौंदा

एजेंसी

भारतीय टीम ने पूल-ए में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश

नई दिल्ली। भारतीय महिला अंडर-18 हॉकी टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 में अपने अंतिम पूल-ए मुकाबले में सिंगापुर को 25-0 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। जापान के काकामिगाहारा में खेली गई इस एकतरफा जीत के साथ भारत ने ग्रुप चरण का समापन तीनों मैच जीतकर किया और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय टीम के लिए नौशीन नाज़ सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने शानदार सात गोल दागे (8', 13', 17', 18', 40', 52', 58')। वहीं 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई गीताश्री नम्मी ने पांच गोल किए (13', 28', 47', 48', 60')। कप्तान



स्वीटी कुजूर ने चार गोल (2', 24', 38', 45') कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा प्रियंका मिंज ने हैट्रिक लगाई (22', 37', 53'), दीया (27'), नैन्सी सरोहा (36'), श्रुति कुमारी (40'), पुष्पा मांझी (47'), रश्मीन कौर (47') और संदीपा कुमारी (51') ने भी गोल दागकर जीत को ऐतिहासिक बना दिया। भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। दूसरे मिनट में कप्तान स्वीटी ने पहला गोल किया। इसके बाद नौशीन और गीताश्री ने लगातार हमले करते हुए सिंगापुर की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम का दबदबा जारी रहा और हाफ टाइम तक टीम ने बड़ा अंतर बना लिया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने गोलों की झड़ी लगाते हुए मैच को पूरी तरह एकतरफा बना दिया।

# भारथ क्लासिक: मोरक्को में भुल्लर और पुखराज पर रहेंगी भारतीय उम्मीदें

एजेंसी

एल जदीदा (मोरक्को)। इस सप्ताह मोरक्को में आयोजित होने वाले 5 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी एएम ग्रीन आईजीपीएल भारथ क्लासिक में भारतीय गोल्फरों की मजबूत चुनौती देखने को मिलेगी। भारतीय खिलाड़ियों की अगुवाई एशियन टूर पर सबसे अधिक खिताब जीतने वाले सक्रिय खिलाड़ी गगनजीत भुल्लर और आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता पुखराज सिंह गिल करेंगे।

आईजीपीएल टूर के प्रमुख टूर्नामेंट एएम ग्रीन आईजीपीएल भारथ क्लासिक का यह दूसरा संस्करण है। पिछले वर्ष इसका आयोजन भारत के केन्सविल गोल्फ रिजॉर्ट में हुआ था, जबकि इस बार प्रतियोगिता मोरक्को में आयोजित की जा रही है।



इस टूर्नामेंट में एशियन टूर के कई बड़े नाम भी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पूर्व ऑर्डर ऑफ मेरिट विजेता थाईलैंड के जैज जनवत्तनानंद, मौजूदा ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर चल रहे दक्षिण अफ्रीका के इयान स्नाइमन और पिछले साल के विजेता थाईलैंड के पूसित सुपुप्रमाई शामिल हैं।

भारतीय चुनौती इस बार बेहद मजबूत होगी क्योंकि 40 से अधिक भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में जगह बनाई है। गगनजीत भुल्लर के अलावा करनदीप कोचर, उदयन माने, कार्तिक सिंह, शौर्य भट्टाचार्य, अमन राज, सचिन बैसोया और आर्यन रूपा आनंद भी मैदान में उतरेंगे।

भुल्लर एशियन टूर पर अपने अगले खिताब की तलाश में हैं। उनका आखिरी एशियन टूर खिताब नवंबर 2023 में आया था। हालांकि उसके बाद उन्होंने आईजीपीएल में चार खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है।

पुखराज सिंह गिल ने कहा कि आईजीपीएल भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का मंच दे रहा है और इससे उन्हें इंटरनेशनल सीरीज जैसे बड़े आयोजनों तक पहुंचने का मौका मिला है।

प्रतियोगिता में कुल 144 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। 36 होल के बाद कट लागू होगा और शीर्ष 65 खिलाड़ी तथा बराबरी पर रहने वाले गोल्फर अंतिम दो दौर में जगह बनाएंगे।

इस सप्ताह का आयोजन स्थल मजागान बीच एंड गोल्फ रिजॉर्ट है, जो मोरक्को के अटलांटिक तट पर स्थित 18 होल का शानदार गोल्फ कोर्स है। इसका डिजाइन दक्षिण अफ्रीका के नौ बार मेजर विजेता गैरी प्लेयर ने तैयार किया है।

# नॉर्वे शतरंज 2026: प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को हराकर खिताबी दौड़ में बनाए रखी उम्मीदें




एजेंसी

नई दिल्ली। ओस्लो में जारी नॉर्वे शतरंज 2026 के आठवें दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराकर खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया। यह इस टूर्नामेंट में दूसरी बार है जब प्रज्ञानानंद ने कार्लसन को मात दी है। इससे पहले भी उन्होंने चौथे दौर में कार्लसन को हराया था। इस जीत के साथ प्रज्ञानानंद के अब 12 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। प्रतियोगिता में अब केवल दो दौर शेष हैं और भारतीय खिलाड़ी शीर्ष स्थान से सिर्फ दो अंक पीछे हैं। अमेरिका के वेस्ली सो 14 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि फ्रांस के अलीरजा फिरोज़जा 13 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं ओपन वर्ग में भारत के दूसरे खिलाड़ी डी. गुकेश को इस दौर में अलीरजा फिरोज़जा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गुकेश फिलहाल 8 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं, जबकि कार्लसन उनसे केवल एक अंक आगे हैं।

# इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टी 20 में 6 विकेट से हराया, श्रृंखला 2-1 से जीती

एजेंसी

टॉनटन। एलिस कैप्सी और हीदर नाइट की बेहतरीन बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार देर रात (भारतीय समयानुसार बुधवार) को भारत को अंतिम टी20 मुकाबले में 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने शुरुआती झटकों के बाद शानदार वापसी की और 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। दूसरे ही ओवर में डैनी वायट-हॉज आउट हो गईं, जबकि सोफिया डंकली भी जल्दी पवेलियन लौट गईं। पावरप्ले के अंतिम ओवर में एमी जोन्स का विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड दबाव में दिख रहा था।




हालांकि इसके बाद एलिस कैप्सी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों पर लगातार हमला बोला और केवल 26 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर कप्तान हीदर नाइट ने संयम के साथ पारी को संभाला और धीरे-धीरे रन गति बढ़ाई।

दोनों बल्लेबाजों के बीच शतकीय साझेदारी ने भारत की वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया। कैप्सी ने 82 रन की शानदार पारी खेली, जबकि नाइट 70 रन बनाकर नाबाद लौटीं। अंत में नाइट ने चौके के साथ इंग्लैंड को जीत दिलाई।

ससे पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 180 रन बनाए। भारतीय टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और दोनों सलामी बल्लेबाज जल्दी आउट हो गईं।

इसके बाद यास्तिका भाटिया ने तेज बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में रन गति बनाए रखी। उन्होंने आकर्षक शॉट्स लगाए लेकिन रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं।

मध्यक्रम में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जिम्मेदारी संभाली और नाबाद 56 रन बनाए। हालांकि अंतिम पांच ओवरों में भारतीय टीम केवल 48 रन ही जोड़ सकी, जो अंत में निर्णायक साबित हुआ।

इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने महत्वपूर्ण दो विकेट लिए।

संक्षिप्त स्कोर: भारत महिला: 180/5 (20 ओवर) – हरमनप्रीत कौर 56*, यास्तिका भाटिया 32; लॉरेन बेल 2/36

इंग्लैंड महिला: 184/4 (18.3 ओवर) – एलिस कैप्सी 82, हीदर नाइट 70*; अरुंधति रेड्डी 2/31

परिणाम: इंग्लैंड महिला 6 विकेट से विजेता।

## फीफा विश्व कप 2026: बेल्जियम ने अभ्यास मैच में क्रोएशिया को 2-0 से हराया

रियेका। फीफा विश्व कप 2026 की तैयारियों के तहत मंगलवार को खेले गए मैत्री अभ्यास मैच में बेल्जियम ने मेजबान क्रोएशिया को 2-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले में बेल्जियम के स्टार स्ट्राइकर रोमेलु लुकाकू ने राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए अपना रिकॉर्ड 90वां अंतरराष्ट्रीय गोल किया। यह पिछले 12 महीनों में बेल्जियम के लिए उनका पहला मैच था। बेल्जियम को शुरुआती बढ़त कप्तान यूरी टिलेमांस ने दिलाई। 38वें मिनट में क्रोएशिया की रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाते हुए उन्होंने नजदीक से गोल दागा। यह मूव जेरेमी डोकू के शानदार आक्रमण के बाद बना।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने कई बदलाव किए। बेल्जियम ने आठ खिलाड़ियों को मैदान में उतारा, जबकि क्रोएशिया ने 10 बदलाव किए।

लुकाकू को अंतिम 18 मिनट के लिए मैदान पर भेजा गया और उन्होंने मुकाबले की आखिरी कोशिश में तेज़ शॉट लगाकर गोल कर दिया।

# राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप: केरल ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब

एजेंसी

गांधीनगर। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर में आयोजित चौथी राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग एवं पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में केरल ने लगातार दूसरी बार सर्वाधिक पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

चार दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों से 1800 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह भारत में आयोजित अब तक की सबसे बड़ी आर्मरेसलिंग प्रतियोगिताओं में से एक रही।

प्रतियोगिता का आयोजन आर्मरेसलिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन गुजरात के अध्यक्ष राजेंद्रसिंह परमार और कोषाध्यक्ष मयंक पटेल के नेतृत्व में पीपुल्स आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के तत्वावधान में किया।



प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक रहे युवराज वर्मा, जिन्हें सीनियर पुरुष वर्ग में 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' का खिताब मिला। युवराज ने पहले 110 किलोग्राम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता और फिर अलग-अलग भार वर्गों के विजेताओं को हराकर यह प्रतिष्ठित सम्मान अपने नाम किया।

उन्होंने 90 किलोग्राम वर्ग के विजेता डेनिक लालरुआत्तलुआंगा, 85 किलोग्राम वर्ग के विजेता वेथोजो लोहे और फाइनल में 100 किलोग्राम वर्ग के विजेता आभास राणा को हराया। युवराज ने दाएं और बाएं दोनों हाथों के 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण जीतकर शानदार दोहरा प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में मधुरा हसन ने फाइनल में मिजोरम की के. लालहरियातपुई को हराकर महिला 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' का खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में कई बड़े उलटफ़ेर भी देखने को मिले। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब 18 वर्षीय आभास राणा ने 100 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में लंबे समय से अपराजित चल रहे मजाहिर सईदू को हराकर नया इतिहास रच दिया।

महिला वर्ग में केरल की जोश्या जे ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत की अनुभवी आर्मरेसलर योगेश चौधरी और निर्मल देवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता के समापन पर पीपुल्स आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष और एशियन आर्मरेसलिंग फ़ेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने भारतीय आर्मरेसलिंग की नई प्रतिभाओं और बढ़ती प्रतिस्पर्धा को सामने लाया है।

वहीं प्रो पंजा लीग के सह-संस्थापक पर्विन दबास ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट भविष्य के सितारों को तैयार करने का मंच बनते हैं और इस बार प्रतियोगिता का स्तर बेहद शानदार रहा।

# शानदार रिकवरी के बावजूद कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 1.05 लाख करोड़ की चपत

## सेंसेक्स निचले स्तर से 1,023 अंक उछला, निफ्टी ने भी निचले स्तर से लगाई 308 अंक की छलांग

इएजेंसी

नई दिल्ली। निचले स्तर पर हुई वैल्यू बाइंग और पीएसयू बैंक सेक्टर के शेयरों में हुई जोरदार रिकवरी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के बाद काफी हद तक रिकवर करने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का चौतरफा दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। सेंसेक्स 1,150 अंक से अधिक टूट गया। वहीं, निफ्टी ने भी 330 अंक से अधिक का गोता लगाया।


माना जा रहा है कि अमेरिका द्वारा भारत पर एक बार फिर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की आशंका और पश्चिम एशिया में दोबारा तनाव बढ़ने के आसार की वजह से शेयर बाजार जबरदस्त कमजोरी



का शिकार हो गया। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर इन दोनों सूचकांकों की स्थिति काफी हद तक सुधार दी। सेंसेक्स निचले स्तर से 1,023 अंक रिकवर करने में सफल रहा वहीं, निफ्टी ने निचले स्तर से 308 अंक की रिकवरी की। इस रिकवरी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी आज लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.41 प्रतिशत और निफ्टी 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर में जम कर बिकवाली होती रही। इस जोरदार बिकवाली के कारण निफ्टी का आईटी इंडेक्स 5.57 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह बीएसई का टेक इंडेक्स 3.12 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस और मेटल इंडेक्स भी कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। दूसरी ओर, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, हेल्थ केयर, कैपिटल गुड्स और ऑटोमोबाइल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

# 'पड़ोसी पहले' नीति में नेपाल प्राथमिकता वाला साझेदार : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नेपाल के नये नेतृत्व के साथ मिलकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही साझेदारी को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने को लेकर उत्सुक है।

नेपाल की सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां श्री मोदी से मुलाकात की। बातचीत के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा, '' नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। एक साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का मैं स्वागत करता हूँ और पूरी तरह से इसका समर्थन करता हूँ। नेपाल को भारत की ओर से दी जाने वाली अहमियत को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''नेपाल हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला भागीदार है और हम वहां की नयी सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हमारे दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। इससे पहले श्री लामिछाने ने मंगलवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। गौरतलब है कि श्री लामिछाने के नेतृत्व में नेपाल का एक प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय दौरे पर भारत आया हुआ है। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और नेपाल आपसी सम्पर्क, ऊर्जा, व्यापार, बुनियादी ढांचे और लोगों के बीच आपसी मेलजोल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। भारत और नेपाल के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं।दोनों पड़ोसी देशों के बीच खुली सीमा और घनिष्ठ सभ्यतागत संबंधों के कारण इस रिश्ते को अक्सर अद्वितीय बताया जाता है। आरएसपी नेपाल में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है, जो वहां राजनीतिक सुधार और सुशासन-केंद्रित राजनीति की बढ़ती मांग को दर्शाती है। श्री मोदी की टिप्पणियों को नेपाल के बदलते राजनीतिक नेतृत्व के साथ जुड़ने और द्विपक्षीय सहयोग की गति को बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत अपनी क्षेत्रीय पहुंच के केंद्र में लगातार नेपाल को रखा है। इस नीति का उद्देश्य सहायता, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बढ़े हुए आर्थिक एकीकरण के माध्यम से दक्षिण एशियाई भागीदारों के साथ संबंधों को मज़बूत करना है।

# चालीस हजार छात्रों ने बिना परेशानी पूरी की सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया: सीबीएसई

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बताया कि बुधवार सुबह तक लगभग 40,000 छात्रों ने सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन सुविधा का लाभ उठाया है तथा बिना किसी समस्या के आवेदन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है।

बोर्ड ने बताया कि सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। छात्रों को भुगतान करने के लिए इन बैंकों में खाता होना आवश्यक नहीं है। सीबीएसई ने कहा, ''छात्रों को इन बैंकों में खाता रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन वे भुगतान करने के लिए इनमें से किसी भी भुगतान माध्यम का उपयोग कर सकते हैं।' बोर्ड के अनुसार, अभ्यर्थी निर्धारित भुगतान माध्यम के जरिए यूपीआई, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जैसी ऑनलाइन भुगतान सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। सीबीएसई ने कहा, ''सही जानकारी के लिए केवल सीबीएसई की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। यह पोर्टल दिन से शुरू किया गया। इससे पहले सीबीएसई ने कहा था कि उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया 29 मई तक शुरू होने की संभावना है। यह घटनाक्रम उन चिंताओं के बाद सामने आया है जो कुछ छात्रों और अभिभावकों ने सीबीएसई द्वारा अपनाई गई ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर जताई थीं। सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी खामियों, भुगतान विफल होने तथा पोर्टल तक पहुंच संबंधी समस्याओं को लेकर छात्रों और अभिभावकों ने बोर्ड की आलोचना की थी। सीबीएसई ने मंगलवार को 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियों में पाई गई त्रुटियों के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया। बोर्ड के अनुसार, यह सुविधा केवल उन छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त की हैं। सीबीएसई ने कहा, ''उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में देखी गई समस्याओं के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन हेतु आवेदन के लिए पोर्टल दो जून 2026 को शुरू कर दिया गया है। उत्तर पुस्तिका की उपलब्ध कराई गई स्कैन प्रति में यदि कोई समस्या है तो छात्र उसके सत्यापन और मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं होने पर उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। पोर्टल दो जून से छह जून (मध्यरात्रि) तक चालू रहेगा और समयसीमा के बाद कोई ऑफलाइन आवेदन या अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। छात्रों को सीबीएसई की वेबसाइट के माध्यम से अपने आधार नंबर का उपयोग कर लॉगिन करना होगा।

# भारतीय विमान सेवा कंपनियों को तय दर पर मिलेगा विमान ईंधन, मूल्य स्थिरीकरण कोष को मंत्रिमंडल की मंजूरी

एजेंसी


नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल के बीच केंद्र सरकार ने भारतीय विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। इससे उन्हें स्थिर दाम पर ईंधन मिल सकेगा और तेल विपणन कंपनियों को भी इस मद में बोझ नहीं उठाना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में तेल विपणन कंपनियों को एक बार के लिए अधिकतम 10,000 करोड़ रुपये के बजटीय समर्थन को मंजूरी प्रदान की गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि यह व्यवस्था तीन साल के लिए है। इसके तहत घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमतें तय कर दी जायेंगी। उन्होंने बताया कि व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए विमान सेवा कंपनियों को तेल विपणन कंपनियों के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। इसके तहत वे तीन साल तक उनसे ही विमान ईंधन खरीदने के लिए बाध्य होंगे। इस समझौते पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारियों के भी हस्ताक्षर होंगे। इस राशि का इस्तेमाल तेल विपणन कंपनियां भारतीय एयरलाइंस को तय कीमत पर विमान ईंधन की आपूर्ति के लिए कर सकेंगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के जरिये उन्हें ब्याज मुक्त ऋण के रूप में यह पैसा मिलेगा। जब भी योजना के तहत विमान ईंधन की तय कीमत आयात समतुल्य मूल्य से कम होगी तो नुकसान की भरपाई इस ऋण राशि से होगी। जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन सस्ता होगा तो अंतर के बराबर पैसे की वसूली तेल विपणन कंपनियों से की जायेगी। यह व्यवस्था तब तक जारी रहेगी जब तक पूरी राशि की वसूली न हो जाये।

व्यवस्था लागू कराने के लिए इन दोनों मंत्रालयों के अलावा वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के प्रतिनिधियों की एक समिति का गठन किया जायेगा। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विमान ईंधन के दाम करीब ढाई गुणा होने के बाद यह फैसला किया गया है। मई में सरकार ने घरेलू उड़ानों के लिए विमान ईंधन की कीमत में अधिकतम 25 प्रतिशत वृद्धि की सीमा तय कर दी थी। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर अब भी उन्हें काफी ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही थी। इसके साथ ही तेल विपणन कंपनियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा था।

# जनजातीय समुदायों के समग्र विकास से राष्ट्र की समावेशी प्रगति होगी: मुर्मु

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को यहां एकीकृत जनजातीय विकास संस्थाओं और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया और कहा कि जनजातीय समुदायों के समग्र विकास से राष्ट्र की प्रगति को समावेशी विकास का स्वरूप मिलेगा। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के 'सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग' में 'ट्रेनिंग फैब' और 'एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों' में 75 'स्पेस लैब्स' का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के लोगों की स्थिति में बदलाव लाना है और अब यह सभी प्रतिभागियों का उत्तरदायित्व है कि वे जनजातीय समुदायों के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी एवं विकास कार्यक्रमों को सीधे उनके गांवों और घरों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, '' ऐसा करके वे जनजातीय समुदायों के भाई-बहनों के जीवन में बहुत अच्छा बदलाव ला सकते हैं। राज्य स्तर पर तथा परियोजना स्तरों पर काम करने वाले सभी लोग जब एक साझा एवं बड़े उद्देश्य के साथ मिलजुल कर विचार-विमर्श करेंगे तो निश्चय ही अनेक उपयोगी समाधान सामने आएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में विभिन्न एजेंसियों और परियोजनाओं में काम करने वाले लोग जनजातीय विकास के महत्वपूर्ण आयामों पर चर्चा के बाद निर्णयों को अमल में लाने के लिए आगे बढ़ेंगे। इससे जनजातीय समुदायों के प्रत्येक व्यक्ति तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंच सकेगा। राष्ट्रपति ने सभी हितधारकों को सलाह दी कि वे इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि प्रत्येक परियोजना की फाइल और दस्तावेज का उद्देश्य लोगों की सहायता करना है। सभी एजेंसियों और परियोजनाओं से जुड़े लोगों को यह सोचना है कि प्रत्येक गर्भवती मां को पर्याप्त पोषण मिले, प्रत्येक जनजातीय बच्चे को अच्छे स्कूल में शिक्षा मिले, प्रत्येक जनजातीय युवा को गरिमापूर्ण आजीविका प्राप्त हो और प्रत्येक जनजातीय परिवार कल्याण तथा विकास के कार्यक्रमों से लाभान्वित हो। इन परियोजनाओं से जुड़ी सभी एजेंसियों और लोगों को इसी संवेदनशील सोच के साथ काम करना है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आधुनिक विकास के प्रयासों के साथ-साथ जनजातीय समुदायों की संस्कृति और ज्ञान-परंपराओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने व्यक्ति और समाज की प्रगति में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे जनजातीय समुदायों के बच्चों और युवाओं की शिक्षा तथा कौशल विकास पर पूरे तन-मन-धन से योगदान दें। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि देशभर में लगभग 500 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि सभी देशवासी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा,'' जनजातीय समुदायों का समग्र विकास इस उद्देश्य का एक अभिन्न अंग है। यह राष्ट्र की प्रगति को समावेशी विकास का स्वरूप प्रदान करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस सम्मेलन से जो सुझाव, निष्कर्ष और रोडमैप सामने आएंगे उनसे जनजातीय समुदायों के समग्र विकास की योजनाओं को जमीनी स्तर पर कार्यरूप दिया जा सकेगा।

## आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन के अधिकार से वंचित रखना चाहते हैं भाजपा, आरएसएस: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आदिवासियों को जल, जंगल, जमीन के अधिकारों से वंचित रखना चाहते हैं। पार्टी के आदिवासी प्रकोष्ठ द्वारा कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह टिप्पणी की। उन्होंने 'आदिवासी प्रोफ़ेशनल्स कॉन्क्लेव 2026' में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद सभा को संबोधित किया और आदिवासियों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रमुख विक्रांत भूरिया ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को पारंपरिक आदिवासी टोपी भी भेंट की। गांधी ने फ़ेसबुक पर पोस्ट किया, ''आदिवासी भारत के पहले मालिक हैं जिनमें भारत की ऐतिहासिक चेतना और ज्ञान समाया हुआ है, यही सच्चाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस की आदिवासी विरोधी मानसिकता आपको 'वनवासी' का नाम देकर आपके जल, जंगल, जमीन के अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। गांधी ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी और मैं आपके अधिकारों का सम्मान करते हैं तथा उनकी रक्षा के लिए हर कदम उठाने को, हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

## ईरान के केशम द्वीप पर अमेरिकी हमला, ईरान ने भी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री नाकेबंदी का उल्लंघन करने वाले एक तेल टैंकर को रोकने के कुछ ही घंटे बाद, मंगलवार रात को ईरान के रणनीतिक केशम द्वीप पर बने एक सैन्य नियंत्रण केंद्र पर हमला कर दिया।

इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से पलटवार किया। इस दौरान कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी हमला हुआ, जिससे वहां भारी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। केशम द्वीप पर हमले से पहले अमेरिकी सेना ने बोत्सवाना के झंडे वाले 'एम/टी लेक्सी' नाम के एक सुपरटैंकर को अपने हेलफायर मिसाइल से पंगु बना दिया था। अमेरिका का दावा है कि इस टैंकर ने नाकेबंदी के नियमों को मानने से बार-बार इनकार कर दिया था।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, यह खाली जहाज ईरान के खार्ग द्वीप की ओर जा रहा था और उसने 24 घंटे के भीतर कई बार सैन्य निर्देशों को मानने से इनकार किया था। इसके बाद एक अमेरिकी विमान ने जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे आगे बढ़ने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा, ़ एक अमेरिकी विमान ने आखिरकार जहाज के इंजन रूम पर हेलफायर मिसाइल दागकर उसे निष्क्रिय कर दिया, जिससे वह ईरान नहीं पहुंच सका। अमेरिकी सेना के अनुसार, 13 अप्रैल को नाकेबंदी लागू होने के बाद से रोका गया यह छठा जहाज है, लेकिन अरब खाड़ी के भीतर किसी जहाज पर हमले का यह पहला मामला है।

ईरान ने भी इस पर बहुत तेजी से पलटवार किया। उसने कुवैत और बहरीन की तरफ बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। सेंटकॉम ने बताया कि कुवैत की ओर दागी गयी, दो मिसाइलें या तो रास्ते में ही गिर गयीं या हवा में नष्ट हो गयीं, जबकि बहरीन को निशाना बनाकर दागी गयी तीन मिसाइलों को अमेरिका और बहरीन के एयर-डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। ईरान की 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने इस इलाके में कई हथियारबंद ड्रोन भी भेजे। सेंटकॉम का हालांकि दावा है कि आम जहाजों को नुकसान पहुंचाने से पहले ही तीन ड्रोनों को नष्ट कर दिया गया।

बाद में कुवैत ने पुष्टि की कि ईरान के ड्रोनों ने उसके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया है, जिससे हवाई अड्डे की इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है और कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले के बाद बुधवार सुबह से वहां विमानों की आवाजाही रोक दी गयी है।

# पेज एक का शेष

## होटल में भीषण...

गया, जिनमें 18 लोगों को मृत अवस्था में थे। घायलों में से 15 को आईसीयू में भर्ती कर लिया गया। इनमें से आठ वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पांच लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को सफदरजंग अस्पताल भेजा गया। अस्पताल ने पुष्टि की है कि हताहतों में भारतीय और विदेशी दोनों नागरिक शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि उन्होंने आयुक्त संजीव खिरवार के साथ घटनास्थल का दौरा कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को घटना के कारणों और होटल से जुड़ी पूरी जानकारी का पता लगाने के लिए तुरंत जांच के आदेश दिए हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने भी प्रभावित इलाके का दौरा कर आग की चपेट में आए लोगों और उनके परिवारों से मुलाकात की और इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि घटना की गंभीरता बेहद चिंताजनक है। उन्होंने प्रभावित लोगों और स्थानीय निवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि इस मामले को बिल्कुल भी हल्के में नहीं लिया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बहुत तेजी से फैली, जिससे भवन के भीतर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आपातकालीन सेवाओं के पहुंचने से पहले कई लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय निवासी प्रीति शर्मा ने बताया कि भवन से धमाके जैसी आवाजें सुनाई देने के बाद लोग मदद के लिए चिल्लाने लगे। उन्होंने कहा, '' मैंने कई धमाकों जैसी आवाजें सुनीं और फिर भवन के अंदर से चीख-पुकार सुनाई दी। लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे और कुछ लोग जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूद रहे थे। चारों ओर अफरा-तफरी थी और स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए दौड़ पड़े। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी विशाल कुमार ने बताया कि भवन से घना धुआं निकलता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, ''हमने भवन से घना धुआं निकलते देखा और समझ गये कि लोग अंदर फंसे हैं। स्थानीय लोगों ने कंबल और रजाइयां जुटाईं तथा बाहर निकलने की कोशिश कर रहे लोगों की मदद की। हमने खिड़कियों के शीशे तोड़कर बाहर निकलने का रास्ता बनाया और कई लोगों को सुरक्षित निकाला। अंदर से लगातार मदद की आवाजें आ रही थीं और हर व्यक्ति अपनी ओर से मदद करने का प्रयास कर रहा था।''

## हर मोबाइल बन...

गेमिंग और जुए पर प्रतिबंध लगाने के लिए कर्नाटक और तमिलनाडु सरकार द्वारा लाए गए कानून को सही ठहराते हुए यह फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 69 पन्नों के फैसले में कहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के नतीजे सिर्फ इसमें शामिल लोगों यानी जुआ खेलने वालों तक तक ही सीमित नहीं रहता है, बल्कि इसका असर पूरे समाज पर व्यापक रूप से पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तकनीकी विकास के साथ आए डिजिटल क्रांति ने 'जुआ' के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग / जुआ अब केवल किसी खास वर्ग के उपयोगकर्ताओं तक सीमित नहीं है बल्कि अब यह हर वर्ग तक पहुंच गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सहारा...

पीठ ने राज्य सरकार, नगर निगम, नगर आयुक्त एवं नगर निगम के प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। इस पर कोर्ट में विपक्षीगणों की ओर से पेश हो रहे अधिवक्ता ने नोटिस प्राप्त कर ली। कोर्ट ने राज्य सरकार, नगर निगम सहित सभी विपक्षीगणों को मामले में 31 जुलाई तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। सहारा ने एसएलपी दायर कर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के गत 22 अप्रैल 2026 के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने सहारा की लीज डीड खारिज होने व उसका कब्जा लेने के नगर निगम के आदेशों के खिलाफ याचिका को पोषणीय न होने के आधार पर खारिज कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि चूंकि सहारा सेबी विवाद में यह विवाद भी शामिल है लिहाजा मामले को सुप्रीम कोर्ट ही सुन सकता है। नई दिल्ली। शादी से जुड़े मुकदमों का लंबे समय तक चलना, शादी को सिर्फ कागजों पर ही बनाए रखता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह बात 15 साल से अलग रह रहे जोड़े की शादी खत्म करते हुए कही। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अदालतों ने बार-बार यह स्थापित किया है कि शारीरिक अंतरंगता से इनकार करना गंभीर भावनात्मक कष्ट देता है और शादी की नींव कमजोर करता है। पीठ ने कहा कि इसलिए हाईकोर्ट का निष्कर्ष सही माना जाता है। प्रतिवादी-पति की अपील को मंजूर करते हुए जो तलाक का आदेश दिया गया था, उसे बरकरार रखा जाता है। राजस्थान हाईकोर्ट ने पति के पक्ष में कई आधारों पर तलाक मंजूर किया था, जिसमें पत्नी द्वारा कई मौकों पर शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करके पति के साथ की गई क्रूरता भी शामिल थी। पीठ ने पाया कि पत्नी और पति, जिनकी शादी दिसंबर 2007 में हुई थी, दोनों डॉक्टर हैं और क्रमशः गुजरात और राजस्थान में सरकारी सेवा में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया। यह फैसला पत्नी द्वारा दायर एक अपील पर आया था, जिसमें उसने पिछले साल फरवरी में हाईकोर्ट द्वारा दिए गए एक आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने पति द्वारा दायर अपील को मंजूर कर लिया था और उसे तलाक दे दिया था।

## तकनीकी गड़बड़ी...

फिर परीक्षा में शामिल होने का अवसर देने का निर्णय लिया है। सीयूईटी-यूजी देशभर के केंद्रीय, राज्य तथा कुछ निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा है। वर्ष 2022 में शुरू होने के बाद से इस परीक्षा में कई बार परीक्षा केंद्रों में बदलाव, देरी से प्रवेश और तकनीकी समस्याओं जैसी चुनौतियां सामने आती रही हैं। वर्ष 2025 से यह परीक्षा पूरी तरह कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जा रही है। एनटीए का कहना है कि इससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक मानकीकृत और प्रभावी बनी है।

## कुवैत हवाई अड्डे ...

की इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। हमले में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा कारणों से कुवैत ने हवाई यातायात को रोक दिया है और उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की तरफ मोड़ दिया गया है। वहीं, ईरान के सरकारी मीडिया 'प्रेस टीवी' ने एक अलग दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स का कहना है कि उन्होंने यह हमला जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया है। ईरान के मुताबिक, अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास उनके एक तेल टैंकर और कश्म द्वीप पर एक संचार टावर को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय और एक क्षेत्रीय एयरबेस पर मिसाइलें और ड्रोन दागे। कुवैत की सेना ने कहा है कि वे हालात पर पूरी नजर रखे हुए हैं। देश की सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के लिए सेना पूरी तरह तैयार है। वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी कदम उठा रहे हैं। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों के बीच इस हमले ने तनाव को और बढ़ा दिया है।

## डीके शिवकुमार...

बुधवार को शपथ लेने वाले मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के पुत्र यतींद्र सिद्धरमैया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र प्रियांक खरगे को भी जगह मिली है। जानकारी के अनुसार, विधान परिषद सदस्य यतींद्र सिद्धरमैया और यू.टी. खादर को छोड़कर शेष 11 नेता सिद्धरमैया सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। यतींद्र पहली बार मंत्री बने हैं। खादर कांग्रेस की पिछली सरकारों में मंत्री रह चुके हैं, लेकिन सिद्धरमैया सरकार के दौरान वह विधानसभा अध्यक्ष थे। मंत्री पद की शपथ के लिए उन्होंने इस पद से त्यागपत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी शुभकामना। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी शामिल हुआ।

## शासकीय अधिवक्ताओं ...

बहस फीस निर्धारित की गयी है। कैबिनेट ने महाधिवक्ता का मानदेय 1.25 लाख और बहस फीस 60 हजार/दिन तय किया है। कैबिनेट ने मोटा अनाज खरीद नीति के तहत इस बार 2400 रुपये प्रति कुंतल की दर से मक्के की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी है। पूर्व में मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल था, जिसमें अब 175 रुपये की वृद्धि करते हुए 2400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। कैबिनेट ने इस बार 25 हजार मीट्रिक टन मक्का खरीदने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। साथ ही 48 घंटे में किसानों को भुगतान करने के लिए ताकीद भी की है। प्रदेश में रबी और खरीफ दोनों सीजन में अर्थात साल में दो बार मक्के की खरीद की व्यवस्था है। मक्के की सरकारी खरीद 15 जून से 31 जुलाई तक की जाएगी। प्रदेश के मक्का उत्पादन वाले जिले मसलन फिरोजाबाद, आगरा, मैनपुर, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, बदायूं, कानपुर नगर, बुलंदशहर, हापुड़, रामपुर, संभल, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, मिर्ज़ापुर, बलिया, गोंडा सहित अन्य जिलों में इसकी खरीद की जाएगी। खरीद के लिए 150 क्रय केंद्र खोले जाएंगे और अगर जरूरत पड़ी तो खरीद केन्द्रों की संख्या में वृद्धि भी की जाएगी।

## टीएमसी दो फाड़, बागी...

कर दिया है कि वे विधायक दल के मामलों पर फैसले लेने के संबंध में अभिषेक बनर्जी के अधिकार को स्वीकार नहीं करते हैं। टीएमसी नेतृत्व ने इस पूरी कवायद को विश्वासघात करार देते हुए खारिज कर दिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक कुणाल घोष ने कहा कि संगठन के भीतर बातचीत से किसी भी मतभेद को सुलझाया जा सकता था। अगर उन्हें कोई समस्या थी, तो वे पार्टी के भीतर इस पर चर्चा कर सकते थे। इसके बजाय उन्होंने पार्टी को धोखा देना चुना। बागी विधायकों और उनके समर्थकों को गद्दार बताते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि टीएमसी इस संकट से उबर जाएगी और ममता बनर्जी के नेतृत्व में एकजुट रहेगी। दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी अलग हुए गुट को अयोग्य घोषित होने से बचने के लिए विधायक दल के कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होती है। चूंकि, विधानसभा में टीएमसी के 80 विधायक हैं, इसलिए यह सीमा 54 विधायकों की है। यदि बागी गुट का दावा स्वीकार कर लिया जाता है, तो वे आसानी से इस आंकड़े को पार कर लेंगे और सदन में एक अलग गुट के रूप में मान्यता पाने के अपने दावे को मजबूत करेंगे। यह है मामलाघटनाक्रम की जड़ें छह मई को ममता बनर्जी के आवास पर चुने गए विधायकों की एक बैठक में थीं, जहां विधायकों ने कथित तौर पर पार्टी नेतृत्व को विपक्ष के नेता, उप-नेता और मुख्य सचेतक के नामों पर फैसला करने का अधिकार दिया था। इसके बाद टीएमसी ने विधानसभा को सूचित किया कि शोभनदेव चट्टोपाध्याय विपक्ष के नेता होंगे, नयना बंद्योपाध्याय और आशिमा पात्रा उप-नेता होंगी और फिरहाद हकीम मुख्य सचेतक होंगे। हालांकि, विधानसभा सचिवालय ने इस सूचना पर कोई कार्रवाई नहीं की और प्रक्रियागत जरूरतों का हवाला दिया कि ऐसे पदाधिकारियों का चुनाव विधायक दल की एक औपचारिक बैठक में होना चाहिए। हस्ताक्षर पर उठे थे सवालविवाद तब और बढ़ गया जब बागी विधायकों ने आरोप लगाया कि विधानसभा सचिवालय को भेजे गए पत्र पर किए गए हस्ताक्षर सही नहीं हैं। पार्टी नेतृत्व ने इस आरोप को खारिज कर दिया और बागियों पर चुनावी झटके के बाद संगठन को कमजोर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इसी क्रम में टकराव तब और तेज हो गया जब ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा को पार्टी से निकाल दिया गया। इंडिया ब्लॉक के नेता आठ जून को दिल्ली में गठबंधन की सभी पार्टियों के लिए एक बैठक बुलाने वाले हैं। इस बैठक में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी के शामिल होने की उम्मीद है। यह बैठक मई में चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के बाद हो रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 29.78 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति बैठक में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 29 करोड़ 78 लाख की तीन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें 23 करोड़ 15 लाख की एक योजना का लोकार्पण और 6 करोड़ 63 लाख की दो योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न शहरों के महापौर का स्वागत करते हुए कहा कि सभी महापौर अपने शहर के प्रथम नागरिक और शहरवासियों की आशाओं, अपेक्षाओं और विश्वास के भी प्रतिनिधि हैं। आपके निर्णय का प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा गांवों में बसती है, तो नागरिकों के सपने, उनकी आकांक्षाएं और उनके भविष्य की संभावनाएं शहरों में आकार लेती हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। प्रधानमंत्री ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण पलों को उत्तराखंड में बिताया है। वे उत्तराखंड के प्रत्येक क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष चारधाम यात्रा में अब तक 45 दिनों में 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा की है, जो एक नया रिकॉर्ड है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सरल, सुगम और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि पहले आदि कैलाश के लिए 500 लोग आते थे। इस वर्ष यात्रा शुरू होने से अब तक प्रति दिन करीब 1000 लोग आदि कैलाश पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि मां पूर्णागिरि मंदिर में भी 24 लाख लोगों ने दर्शन कर लिए हैं। बीते चार साल में 23 करोड़ से ज्यादा पर्यटक उत्तराखंड आ चुके हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शहरी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। आज स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से देश के लाखों शहरों में साफ-सफाई की नई संस्कृति विकसित हुई है। स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा आधुनिक एवं सुव्यवस्थित शहरी विकास का मॉडल विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का घर का सपना साकार हुआ है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखंड के शहरों के विकास को नई गति दी जा रही है। उत्तराखंड में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक नगर में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, खुले में शौच मुक्त अभियान और लीगेसी वेस्ट प्रबंधन जैसी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उत्तराखंड के प्रत्येक नागरिक को दिया जा रहा है।

# भारत-नेपाल के बीच विकास-केंद्रित कूटनीति के एक नए युग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा: लामिछाने






नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद नेपाल के सत्तारूढ़ दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को यहां कहा कि अतीत की चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए नेपाल और भारत के बीच विकास-केंद्रित कूटनीति के एक नए युग को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई।

एक से पांच जून तक भारत दौरे पर आए लामिछाने ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह जानकारी साझा की। लामिछाने ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी लगभग एक घंटे तक लंबी और फलदायी बातचीत हुई। मुलाकात के दौरान नेपाल और भारत के द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने, विकास कूटनीति को आगे बढ़ाने तथा साझा हितों के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। लामिछाने ने लिखा कि नेपाल और भारत अपने साझा सभ्यतागत संबंधों, डिजिटल कॉरिडोर और सुगम कनेक्टिविटी को केंद्र में रखकर ऐसी साझेदारी का निर्माण कर सकते हैं, जिसकी पहचान प्रगति, आपसी विश्वास और साझा समृद्धि से हो। उन्होंने कहा, ल्हम केवल साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों, डिजिटल कॉरिडोर तथा बेहतर संपर्क व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करके ही ऐसी साझेदारी का वास्तविक निर्माण कर सकते हैं, जो प्रगति और आपसी विश्वास से परिभाषित हो। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और भारत के लोगों की साझा समृद्धि के लिए इन संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। लामिछाने और प्रधानमंत्री मोदी की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब नेपाल और भारत दोनों देश आर्थिक सहयोग, डिजिटल संपर्क, व्यापार, बुनियादी ढांचा विकास और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति देने पर जोर दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच हुई चर्चा को द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सुपौल में हाईवे सुरक्षा पर प्रशासन सख्त, 10 जून तक हटेंगे राष्ट्रीय राजमार्गों के सभी अवैध अतिक्रमण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। राष्ट्रीय राजमार्गों पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, अवैध अतिक्रमण और भारी वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग को लेकर जिला प्रशासन अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नेशनल हाईवे सेफ्टी से संबंधित ट्टफ्ध-ख्रधष्ध डष्ट (एद्बफ्द्बद्य) गध.-09 धद्ब 2025 में पारित आदेशों तथा बिहार सड़क सुरक्षा परिषद, परिवहन विभाग के निर्देशों के आलोक में बुधवार को समाहरणालय में जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सावन कुमार ने की।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि, पथ निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित पेट्रोल पंप, होटल, ढाबा एवं धर्मकांटा संचालकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।

बैठक में सुपौल जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था, दुर्घटना संभावित स्थलों, अवैध अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, सड़क सुरक्षा अवसंरचना तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सावन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त रखना सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित सभी अवैध अतिक्रमणों तथा लंबे समय से खड़े वाहनों की सूची तत्काल तैयार करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम एवं संबंधित नियमों के तहत अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करते हुए उसकी प्रतिलिपि संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों और थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सूची के आधार पर विशेष अभियान चलाकर 10 जून 2026 तक सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाना सुनिश्चित करें।

# मालवीय नगर अग्निकांड मामले में महापौर ने निगमायुक्त से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने बुधवार को दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई भीषण अग्निकांड की घटना पर दुःख एवं शोक व्यक्त किया। इस दुखद घटना में अनेक लोगों के हताहत होने की सूचना प्राप्त होने पर महापौर ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

महापौर ने कहा कि यह घटना अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। इससे सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था और भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस प्रकार की घटनाओं के कारणों की निष्पक्ष एवं व्यापक जांच सुनिश्चित की जाएगी। प्रवेश वाही ने इस संबंध में निगमायुक्त को पत्र जारी कर विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि संबंधित प्रतिष्ठान में नगर निगम के भवन उपविधियों, अग्नि सुरक्षा मानकों अथवा अन्य वैधानिक प्रावधानों का किसी प्रकार से उल्लंघन तो नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त यह भी जांच की जाएगी कि यदि किसी स्तर पर नगर निगम के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा लापरवाही, कर्तव्य में चूक या नियमों की अवहेलना की गई है तो उसके लिए कौन उत्तरदायी है। महापौर ने निर्देश दिए हैं कि यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है अथवा किसी प्रकार की प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो संबंधित दोषी अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाही ने निगमायुक्त से कहा कि जांच रिपोर्ट के साथ-साथ इस संबंध में की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन में प्रस्तुत की जाए ताकि तथ्यों के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया है कि जांच प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम राजधानी के नागरिकों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजधानी में संचालित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंटों तथा सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा एवं भवन मानकों के अनुपालन की समीक्षा की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि किसी भी भवन या व्यावसायिक प्रतिष्ठान में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## साइकिल से जीती जा सकती है जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जंग : बघेल

हरिद्वार। ट्री ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष ग्रीन मैन विजय पाल बघेल ने विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल से हरिद्वार नगर की परिक्रमा की। उन्होंने कहा जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या के खिलाफ जंग को यदि जीतना है तो साइकिल युग की वापिसी लानी होगी।

साइकिल की सवारी स्थानीय परिवहन का प्रमुख ईको फ्रेंडली साधन, आर्थिक रूप से कम खर्चीली तथा स्वास्थ्यकर होने के साथ कार्बन उत्सर्जन शून्य है। स्थानीय यातायात के लिए दशकों से साइकिल का उपयोग करने वाले हरितऋषि डॉ0 विजयपाल बघेल ने बुधवार को विश्व साईकिल दिवस पर साइकिल द्वारा ''हरिद्वार परिक्रमा'' करके साइकिल का अधिकाधिक प्रयोग करने की अपील की।बघेल ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तेल बचाने की देशवासियों से की गई अपील का पुरजोर समर्थन करते हुए कहा अगर यातायात के लिए साइकिल के प्रयोग को प्राथमिकता नहीं दी तो वर्ष 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने की संभावना है, जिससे से ग्लेशियर पिघलने की गति बढ़ेगी, जल संसाधन विलुप्त होंगे, समुद्र तल बढ़ेगा, पृथ्वी आग उगलेगी, वानिकी संपदा नष्ट हो जाएगी, जैव विविधता पर भारी संकट आने के साथ पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का विध्वंस हो जायेगा।

# केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने 'नवाचार मंत्र' पहल शुरू की, ग्रामीण और छोटे शहरों के उद्यमियों को मिलेगा सहयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने उद्देश्य टियर?2, टियर?3 शहरों और ग्रामीण इलाकों से आने वाले नवाचारों और उद्यमियों को सहयोग देने के लिए बुधवार को आईआईटी दिल्ली में 'नवाचार मंत्र' राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया को केवल भारत में बने उत्पाद ही नहीं बल्कि भारत में कल्पित तकनीकों का भी उपयोग करना चाहिए, यही नवाचार मंत्र की सच्ची भावना है। केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बताया कि इस पहल को राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबड) लागू करेगा और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (एफआईटीटी), आईआईटी दिल्ली तकनीकी ज्ञान भागीदार होगा। कार्यक्रम में नीति?निर्माताओं, स्टार्टअप इकोसिस्टम नेताओं, शिक्षाविदों, निवेशकों और युवा उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्कैनएक्स्ट साइंटिफिक टेक्नोलॉजीज के संस्थापक राजत वर्धन ने संचालन किया। ड्रूम के संस्थापक संदीप अग्रवाल, मोबीक्विक के संस्थापक बिपिन प्रीत सिंह, फ्रूवेटेक के संस्थापक डॉ. जगदीस गुप्ता कपुगंती और ईजियोफाई सॉल्यूशंस की संस्थापक मीनल गुप्ता भी शामिल हुए। जयंत चौधरी ने कहा कि चाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर या एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग हो, वैश्विक परिवर्तन की अगली लहर पर भारत की बौद्धिक छाप होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ऐसे विचार और करियर चुनें जो उन्हें प्रेरित करें और जिनसे उन्हें संतोष मिले। मंत्रालय ने बताया कि 'नवाचार मंत्र' का उद्देश्य देशभर के नवप्रवर्तकों और शुरुआती चरण के उद्यमियों को पहचानना, पोषित करना और उन्हें आगे बढ़ाना है। यह पहल कृषि?तकनीक, स्वास्थ्य तकनीक, शिक्षा?तकनीक, कौशल, जलवायु और स्थिरता, ग्रामीण वाणिज्य और एमएसएमई सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले नवाचारकर्ताओं को सहयोग देगी।

मंत्रालय ने कहा कि इसके आवेदन कीअंतिम तिथि 5 जुलाई है। चयनित नवाचारकर्ताओं को एक वर्ष तक चलने वाले कार्यक्रम में मार्गदर्शन, निवेशकों से संवाद, नवाचार प्रदर्शन और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के अवसर मिलेंगे।

# मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप का किया निरीक्षण, परखी यात्रा व्यवस्थाएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का औचक निरीक्षण कर चारधाम यात्रा व्यवस्था को परखा। उन्होंने यात्रियों के पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, ठहरने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में अन्य राज्यों से आए श्रद्धालुओं से यात्रा का फीडबैक भी लिया।

मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के लिए की गई पंजीकरण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि श्रद्धालुओं को पंजीकरण के लिए इंतजार ना करना पड़े। उन्होंने यात्रियों के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए उन्होंने ट्रांजिट कैंप में अतिरिक्त कूलर लगाने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बेहतर भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में कार्यरत सभी कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का अतिथि देवो भव की भावना के साथ स्वागत करें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ट्रांजिट कैंप में मौजूद श्रद्धालुओं से भी संवाद कर यात्रा व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं बिहार सहित विभिन्न राज्यों से आए यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। श्रद्धालुओं ने पंजीकरण, स्वास्थ्य जांच, आवास एवं अन्य सुविधाओं को संतोषजनक बताया। कई बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें आशीर्वाद दिया तथा यात्रा को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना और उन्हें सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के लिए एलईडी स्क्रीन के माध्यम से रामायण एवं महाभारत के प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गई है। यात्रियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतीक्षा के दौरान उन्हें आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव हो रहा है।उत्तर प्रदेश से आई कामिनी ने कहा कि वह गुरुवार से अपनी चार धाम यात्रा शुरू करेंगी। आज सुबह उन्होंने पंजीकरण करवा लिया है। वह सुबह से ही ट्रांसिट कैंप में बैठी हैं। यहां कूलर, पंखे, पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। साथ ही टीवी पर रामायण चलने से उनका समय भी अच्छा बीत रहा है। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से आए शुभम ने बताया कि वो अपने 3 दोस्तों के साथ चारधाम यात्रा से वापस ऋषिकेश लौटे आए हैं। आज सुबह से ही वह ट्रांजिट कैंप में हैं। उन्होंने अपनी यात्रा शुरू भी ट्रांसिट कैंप से की थी, जहां उन्हें सुविधा इतनी अच्छे लगी कि वह लौटते समय भी यहां ठहरने के लिए आए हैं। मध्य प्रदेश से आए ओमप्रकाश ने बताया कि वह भी सुबह ही ट्रांजिट कैंप पहुंचे हैं और आगे की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं।

## ओंटारियो के संसद ने डॉ चिन्मय किया सम्मानित

हरिद्वार। हरिद्वार स्थित शांतिकुंज के युवा प्रतिनिधि एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या जन्मशताब्दी वर्ष के वैश्विक संदेश हेतु विदेश प्रवास के क्रम में कनाडा पहुंचे। जहां उन्होंने प्रवासी भारतीयों एवं कनाडा के स्थानीय नागरिकों के मध्य भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों तथा मानवीय चेतना के प्रसार के उद्देश्य से विभिन्न आयोजनों में सहभागिता की। शांतिकुंज हरिद्वार के मीडिया प्रभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रवास के दौरान बुधवार को कनाडा के प्रमुख प्रांत ओंटारियो ने डॉ. चिन्मय पण्ड्या को उनके समाजोपयोगी योगदान एवं मानवीय सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह विशेष सम्मान ओंटारियो के संसद की ओर से प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरकार के प्रतिनिधि सांसद शरेफ सबावे ने कहा कि डॉ. पण्ड्या का समाज के प्रति असाधारण समर्पण, अनुकरणीय सेवा और उत्कृष्ट नेतृत्व प्रेरणादायी है। उनके मार्गदर्शन एवं प्रयासों ने असंख्य लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है।

# आठ घंटे में लूटकांड का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। जिले के सबौर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज आठ घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से लूटी गई चांदी की चेन बरामद कर ली गई है, जबकि घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को सिटी एसपी शलेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान दी।

सिटी एसपी ने बताया कि 2 जून को सबौर थाना में सूचना प्राप्त हुई थी कि नाथनगर से हबीबपुर जा रहे एक व्यक्ति को राजपुर बहियार के समीप तीन बाइक सवार अपराधियों ने घेर लिया और उससे चांदी की चेन, मोबाइल फोन तथा नकदी लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान की। इसके बाद विशेष छापेमारी अभियान चलाकर घटना में शामिल तीन अपराधियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अमन कुमार और विनोद पासवान के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि अमन कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर लूटी गई चांदी की चेन बरामद कर ली है तथा घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। पुलिस अब फरार तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि सबौर थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना के बाद पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया था। टीम का नेतृत्व एसडीपीओ लॉ एंड ऑर्डर को सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि सबौर थाना पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर बेहद कम समय में अपराधियों तक पहुंचने में सफलता हासिल की। आठ घंटे के भीतर दो अपराधियों की गिरफ्तारी, लूटी गई चेन की बरामदगी और घटना में प्रयुक्त बाइक की जब्ती पुलिस की त्वरित कार्रवाई का परिणाम है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063